kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-157 ❒ मंगलवार, 07 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

डॉ. मुखर्जी की 'विविध उपलब्धियां - चाहे वह कुलपति, मंत्री, राजनीतिक नेता या अन्य भूमिकाएं हों- उनके सार्वजनिक जीवन के व्यापक दायरे को दर्शाती हैं। 2019 में अनुच्छेद 370 और 35(ए) को हटाना उनके प्रयासों के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है। नरेंद्र मोदी



तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया पहुंचे प्रधानमंत्री 11

राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 पुरस्कार वितरण समारोह आज 12

## स्टार्टअप मिशन-2026, नई डेटा सेंटर नीति को मंजूरी, जलालाबाद का नाम होगा परशुरामपुरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, श्रम मंत्री अनिल राजभर और उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पत्रकारों को मंत्रिमंडल की बैठक में हुये निर्णयों की जानकारी दी। कैबिनेट ने निवेश, उद्योग, नवाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और शहरी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई। इनमें उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन-2026, नई डेटा सेंटर नीति, मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन पशुधन बीमा योजना के राज्यव्यापी विस्तार तथा शाहजहांपुर की जलालाबाद नगर पालिका का नाम बदलकर परशुरामपुरी किए



जाने का निर्णय प्रमुख रहा।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन-2026 के तहत स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए गवर्निंग बॉडी का अध्यक्ष मुख्य सचिव होगा, जबकि मिशन के प्रभावी संचालन के लिए कार्यकारी समिति का गठन किया जाएगा। सरकार ने मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन पशुधन बीमा योजना को प्रदेश के सभी 75 जिलों में लागू करने का फैसला किया है। योजना के तहत बीमा प्रीमियम का 85 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार वहन करेगी, जिससे पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। श्रमिकों के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए गोरखपुर और मुरादाबाद में पांच-पांच एकड़ भूमि पर ईएसआई अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा वाराणसी में 13 एकड़ भूमि पर ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा, जहां ● शेष पेज 11 पर

### भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध है जलालाबाद

जनपद शाहजहांपुर स्थित नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्रान्तर्गत कस्बा जलालाबाद भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। पौराणिक कथाओं एवं विभिन्न ग्रंथों में भी इस स्थान का प्रमुखता से उल्लेख मिलता है। इसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से नगर का नाम भगवान परशुराम के नाम पर 'परशुरामपुरी' किए जाने की मांग की जा रही थी। भारत सरकार द्वारा भी इस प्रस्ताव पर अनापत्ति प्रदान किए जाने के बाद राज्य सरकार ने नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्रान्तर्गत नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

### पुलिस समेत कई विभागों का वर्दी और धुलाई भत्ता 50 फीसदी तक बढ़ा

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने सोमवार को गृह, अधीनस्थ न्यायालयों के कर्मचारियों व अधिकारियों, राज्यपाल-विधानसभा-विधान परिषद सचिवालयों में कर्मचारियों व अधिकारियों के वर्दी व धुलाई भत्ते में इजाफ़े को मंजूरी दे दी है। इससे सरकार पर 20 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वेतन समिति की सिफारिशों में जिन लोगों के भत्तों में संशोधिन नहीं हो सका था, उनके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिशों पर कैबिनेट ने अपनी संस्तुति दे दी है। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अलग-अलग श्रेणी के अधिकारियों के लिए भत्ते की दरें फर्क हैं। पुराने भत्तों की तुलना में 50 फीसदी तक इजाफा किया गया है। वर्दी, वर्दी नवीनीकरण व वर्दी धुलाई भत्ता बढ़ाया गया है। इसके दायरे में गृह, न्याय विभाग के अधीनस्थ न्यायालयों, कारागार प्रशासन व सुधार विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग और आयुष विभाग के उन कर्मचारियों व अधिकारियों को लाभ मिलेगा, जिनके भत्ते वेतन समिति की सिफारिश से संशोधित होने से रह गए थे।

### लोक सेवा आयोग अध्यक्ष व सदस्यों की पेंशन बढ़ी

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन देने का फैसला किया है। अध्यक्ष को अब 112500 रुपये हर माह पेंशन मिलेगी। अभी तक उन्हें छठे वेतनमान के अनुसार 40 हजार रुपये पेंशन मिल रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। इसी तरह ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### तीन से चार माह में मोबाइल रिचार्ज महंगा होने के आसार

**नई दिल्ली।** मोबाइल उपभोक्ताओं को जल्द ही महंगाई का झटका लगने वाला है। आने वाले कुछ महीनों में टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज की कीमतों में 12-15% तक की बढ़ोतरी कर सकती हैं। सेंट्रम इंस्टीट्यूशनल की रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, अगले तीन से चार महीनों में भारत के दूरसंचार में टैरिफ में 12-15 फीसदी की और बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अगर यह कदम उठाया जाता है तो इससे लाखों ग्राहकों के प्रभावित होने की आशंका है। रिपोर्ट में बताया गया कि कीमतों का माहौल अधिक = अनुकूल हो गया है। ऐसे में अगले तीन से चार महीनों में टैरिफ में 12-15 फीसदी की और बढ़ोतरी हो सकती है।

### नेतन्याहू ने भारत को बताया इजरायल का मजबूत सहयोगी

**वॉशिंगटन।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत को इजरायल का दमदार और मजबूत दोस्त बताया। साथ ही कहा कि 140 करोड़ आबादी वाले भारत से उन्हें जबरदस्त समर्थन मिलता है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के एक बयान पर असहमति जताते हुए नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजरायल के बहुत बड़े मित्र हैं, लेकिन दुनिया में इजरायल के कई अन्य मजबूत सहयोगी भी हैं, जिनमें से एक भारत है। फॉक्स न्यूज को दिए गए एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि हमारे कुछ और दोस्त भी हैं। कई देश निजी तौर पर समर्थन करते हैं। नेतन्याहू ने कहा कि भारत के अलावा कई अन्य देशों के नेता भी निजी रूप से इजरायल का समर्थन करते हैं और रक्षा, साइबर सुरक्षा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने ट्रंप को व्हाइट हाउस में इजरायल का सबसे बड़ा मित्र बताया, लेकिन स्पष्ट किया कि हर मुद्दे पर उनकी और जेडी वैस की राय एक जैसी होना जरूरी नहीं है। वैस का बयान क्या था? जेडी वैस ने कुछ दिनों पहले कहा था कि अमेरिका इजरायल का दुनिया में आखिरी सहयोगी है और उसे ईरान पर अमेरिका का समर्थन करना चाहिए।

### इस्तीफा स्वीकार न हुआ तो कोर्ट जाऊंगा: अलंकार

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के निलंबित पीसीएस अधिकारी एवं बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री सोमवार को मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपने निलंबन से संबंधित जांच के सिलसिले में बयान दर्ज कराया। बयान दर्ज कराने के बाद उन्होंने कहा कि वह अपने इस्तीफ़े के फैसले पर कायम हैं और यदि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया तो न्यायालय की शरण लेंगे। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि अब वह सरकारी सेवा में नहीं रहना चाहते और समाज के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने भगवान राम के नाम पर एक नई राजनीतिक पार्टी बनाई है और वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रहे हैं।

## चंपत राय और अनिल मिश्रा का इस्तीफ़ा मंजूर

### श्री कृष्ण मोहन को ट्रस्ट के महासचिव की जिम्मेदारी

एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मद्देनजर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय और न्यासी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और श्री कृष्ण मोहन को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है।

ट्रस्ट की सोमवार को यहां हुई बैठक के बाद न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने संवाददाताओं से कहा कि ट्रस्ट के संविधान के अनुसार, इसके न्यासी के त्यागपत्र देने के बाद उसे स्वीकार करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह जाता है। इसलिए ''हमारे समक्ष श्री राय और श्री मिश्र का त्यागपत्र स्वीकार करने या न करने का कोई विकल्प था ही नहीं''।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के न्यासी श्री कृष्ण मोहन को फिलहाल महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को होगी जिसमें कुछ नये न्यासियों की नियुक्ति पर भी विचार किया जायेगा। नये न्यासियों की नियुक्ति की सिफारिश के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। श्री गिरि ने कहा, ''राम मंदिर के दान पात्र क्षेत्र में चढ़ावे के साथ हेराफ़ेरी की कुछ घटनाएं हुईं जो अत्यधिक लज्जाजनक हैं। हम सबको सबसे बड़ा दु:ख है कि जो राम मंदिर 500 साल के संघर्ष और लोगों के बलिदान के बाद बना वहां इस तरह की गड़बड़ी हुई।'' उन्होंने कहा कि इस कारण से श्री राय और श्री मिश्रा ने अपनी वेदना के चलते इस्तीफा दिया और कहा कि जबतक इस मामले में न्याय नहीं हो जाता और अपराधियों को दंडित नहीं किया जाता तब तक वे पद पर



ट्रस्ट ने 5 सोने-चांदी की वस्तुएं दिखाईं, इनकी चोरी का दावा था

- ❒ दोषियों को सजा मिलेगी, भविष्य में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी
- ❒ नये न्यासियों की नियुक्ति के लिए 22 जुलाई को ट्रस्ट की अगली बैठक
- ❒ दान क्षेत्र में चढ़ावे की चोरी लज्जाजनक: गोविंद देव गिरि

नहीं रहना चाहते। उन्होंने संकेत दिया कि इन इस्तीफों को स्वीकार करने को लेकर ट्रस्ट की बैठक में दुविधा थी और यह दुविधा बैठक में ऑनलाइन जुड़े पूर्व अटार्नी जेनरल और ट्रस्टी के. परासरण ने ट्रस्ट के संविधान का उल्लेख करते हुए सुझाव दिया कि इसके अंतर्गत किसी न्यासी या पदाधिकारी के त्यागपत्र देने के साथ ही उसका त्यागपत्र स्वत: स्वीकार्य मान लिया जाता है। श्री गिरि ने कहा कि ट्रस्ट भविष्य में ऐसी व्यवस्था करेगा जिसमें मंदिर की दान और संपत्ति से संबंधित गड़बड़ी की एक प्रतिशत भी आशंका नहीं बचेगी। उन्होंने न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि दोषियों को सजा अवश्य मिलेगी। ट्रस्ट को दान में मिली 2,800 वस्तुओं की सूची दिखाते हुए उन्होंने कहा कि ये पूरी तरह सुरक्षित हैं।

उन्होंने इस मामले का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा करने वालों का मुख्य निशाना हिंदू समाज को बांटना और हिंदुओं की आस्था को कमजोर करना है। श्री गिरि ने कहा, ''जिन लोगों ने कार सेवकों पर गोलियां चलवाईं और जिन्होंने उच्चतम न्यायालय में बाहलफ श्रीराम के अस्तित्व पर प्रश्न उठाया उनके अंदर आज भगवान राम के प्रति आस्था का ज्वार उठ रहा है। इस ज्वार का हेतु कुछ और है।'' श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की इस अहम बैठक में कुल 14 सदस्यों में से 9 सदस्य व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, वहीं, केंद्र और राज्य सरकार के नामित सदस्यों ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल होने वाले सदस्यों में ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, कोषाध्यक्ष स्वामी ● शेष पेज 11 पर

## पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए ने पूरक आरोप पत्र में हाफिज सईद को किया नामजद

एजेंसी

जम्मू। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकवादी हमला मामले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) प्रमुख व संस्थापक हाफिज सईद के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, जम्मू की विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर अपने पूरक आरोप पत्र में आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी सईद को निजी और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन एलईटी और उसके सक्रिय छद्म संगठन टीआरएफ प्रमुख के रूप में आरोपी बनाया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम





(यूएपीए), 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाये गये हैं।

आरोप पत्र के अनुसार, एनआईए ने आरोपी पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और सीमा पार से साजिश रचने की दंडात्मक धारा भी लगायी है। मूल 1,597 पन्नों के आरोप पत्र में ही दायर किया गया यह आरोप पत्र पाकिस्तान की साजिश, हाफिज सईद की भूमिका और एनआईए के सूक्ष्म वैज्ञानिक जांच व जमीनी पड़ताल के जरिये इस मामले में जुटाये गये सहायक सबूतों का ब्योरा देता है। इसमें यह भी कहा गया है कि 15 दिसंबर, 2025 को दायर अपने पिछले आरोप पत्र में एनआईए ने पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट को आरोपी बनाया था। इसके साथ ही जुलाई 2025 में 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान सुरक्षा बलों के हाथों मारे गये तीन आतंकवादियों और गिरफ्तार किये गये दो आरोपियों को भी नामजद किया गया था। एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमले की योजना बनाने, उसे आसान बनाने और उसे अंजाम देने में भूमिका के लिए प्रतिबंधित एलईटी/टीआरएफ आतंकवादी संगठन को लीगल एंटिटी के रूप में भी आरोपी बनाया था। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को हुए इस भीषण हमले में पाक प्रायोजित आतंकवादियों के धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाकर मारा गया था। इस हमले में 25 निर्दोष पर्यटकों और एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गयी थी। शुरुआत ● शेष पेज 11 पर

### 'चढ़ावा चोरी' मामले में सीबीआई जांच की मांग खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कथित ल्लचढ़ावा चोरीङ्क मामले में सीबीआई जांच कराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि इसी प्रकृति का मामला पहले से ही उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। यह याचिका मोहित अशोक की ओर से दाखिल की गई थी, जिसमें कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने का निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद शाही और ● शेष पेज 11 पर

### आतंकी साजिश नाकाम, शाहजाद भट्टी नेटवर्क के 6 गुर्गे गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी आतंकी शाहजाद भट्टी के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इनमें एक मॉड्यूल दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान या पुलिस स्थापना पर पेट्रोल बम से हमला करने की साजिश रच रहा था, जबकि दूसरा मॉड्यूल पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजे गए हथियारों की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने दिल्ली, उत्त प्रदेश और पंजाब से जुड़े छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन



पेट्रोल बम, तीन अत्याधुनिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, दो कारें, एक चोरी की बाइक, मोबाइल फोन और पाकिस्तानी हैंडलरों से हुई बातचीत के डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह ● शेष पेज 11 पर

## सहकारी जीवन बीमा कंपनी शुरू होगी : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इफ्को टोकियो के साथ सफल प्रयोग के आधार पर एक नई सहकारी जीवन बीमा कंपनी बनाने जा रहे हैं। ये बीमा क्षेत्र में सहकारिता को मजबूती देगी। सोमवार को सहकारिता मंत्रालय के 5वें स्थापना दिवस समारोह में उन्होंने ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी अगले दो वर्षों में देश के 500 से अधिक शहरों और हर राज्य में उपलब्ध हो जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर इस क्षेत्र को प्राण वायु दी है। जब देश 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तब 'समृद्ध भारत' की मजबूत नींव सहकारिता आंदोलन होगी। उन्होंने बताया कि पांच वर्षों में कृषि, डेयरी, बैंकिंग, लॉजिस्टिक्स, मोबिलिटी समेत क्षेत्रों को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नई सहकारी संस्थाओं का नेटवर्क तैयार किया गया। 32 करोड़ से अधिक सदस्यों का डिजिटल डाटाबेस बनाया गया। राष्ट्रीय स्तर की नौ सहकारी



समितियां स्थापित की गई हैं, जिनमें भारत बीज सहकारी समिति अगले तीन वर्षों में देश की सबसे बड़ी बीज उत्पादन कंपनी बन जाएगी। उन्होंने कहा कि 30 क्षेत्रों की 8,58,000 सहकारी समितियां और 32 करोड़ सदस्य आज एक साथ एक डाटाबेस में उपलब्ध हैं। इसमें सभी सहकारी समितियों का ऑडिट स्टेटस, टर्नओवर और एबीसी ग्रेडेशन भी उपलब्ध है। गृह मंत्री ने कहा कि इसी वर्ष हमने सहकारी संस्थाओं के लिए रैंकिंग फ्रेमवर्क प्रारंभ किया है। इसके माध्यम से प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शीर्ष पांच सहकारी समितियों की पहचान की जाएगी, उन्हें रैंकिंग प्रदान की जाएगी तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों को उजागर कर अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनाया जाएगा। साथ ही, उन्हें प्रोत्साहित करने का भी कार्य किया जाएगा। गृह मंत्री शाह ने सभी राज्यों के डेयरी फ़ेडरेशनों से आग्रह करते हुए कहा कि अगले दो वर्षों में डेयरी को दूध देने वाले किसानों की संख्या में कम से कम 35 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखें। इसका मतलब है कि 35 प्रतिशत अधिक गांवों में नए पैक्स बनाने होंगे, प्राथमिक डेयरी समितियां स्थापित करनी होंगी और गांव का कोई भी किसान ऐसा न रहे जो डेयरी को दूध न देता हो। सहकारी चीनी क्षेत्र में हमने चीनी, सिरे से इथेनॉल, बगास, ऊर्जा, प्रेसमड, जैविक खाद और सल्फर बनाने तक की पूरी व्यवस्था लागू कर दी है। यह प्रयोग सफल रहा ● शेष पेज 11 पर

### पांच स्तंभों पर मजबूत नींव

गृह मंत्री ने संस्थागत सुधार, क्रेडिट प्रवाह, बाजार लिंकेज, सर्कुलर इकोनॉमी और प्रोफ़ेशनल मैनेजमेंट पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पैक्स को मजबूत किया गया, डेयरी में श्वेत क्रांति-2, गोमय सहकारी समिति शुरू की गई। जैविक उत्पादन और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### विरासत के साथ विकास का सम्मान ही सरकार की कार्यशैली का आधार: मुख्यमंत्री

## सनातन संस्कृति में बसती है भारत की आत्मा : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र ''विकास के साथ विरासत का सम्मान'' का उल्लेख करते हुए कहा कि यही सरकार की कार्यशैली का आधार है।

योगी ने सोमवार को प्रयागराज में प्रेरणा स्थल का लोकार्पण एवं विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने ''सियावर रामचंद्र की जय'' के उद्घोष के साथ की तथा भगवान हनुमान, गंगा, सरस्वती, भगवान शिव और माता पार्वती का जयघोष किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन विशेष महत्व का है क्योंकि भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीयता के लिए समर्पित महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने ''एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे'' का





संकल्प लेकर राष्ट्रीय एकता के लिए संघर्ष किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में प्रेरणा स्थल का निर्माण और महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना जनप्रतिनिधियों का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि पहले नदियों के किनारे के स्थानों का दुरुपयोग होता था, लेकिन अब वे प्रेरणा के केंद्र बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देशहित में केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी और उनके सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर वहां पूर्ण रूप से भारतीय संविधान लागू किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने छह दशकों तक सांसद, मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन जिया, लेकिन उनके दामन पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। उन्होंने कहा कि आज उनकी प्रतिमा का अनावरण करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल को भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का सपना साकार करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि सिंघल ने संत समाज को एक मंच पर लाकर राम मंदिर आंदोलन को जनआंदोलन बनाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की आत्मा सनातन संस्कृति में बसती है और भगवान राम राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं। प्रयागराज के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि भारद्वाज की प्रतिमा की स्थापना तथा उनके आश्रम और मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य डबल इंजन सरकार ने कराया है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में आयोजित महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और प्रयागराजवासियों ने अतिथियों का अभूतपूर्व स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा गंगा ● शेष पेज 11 पर

# 'नादाधीनम जगत' की अवधारणा पर बनेगा भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का नया कैंपस

❐ उच्चस्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में देश के प्रतिष्ठित कलाकारों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने परिसर की रूपरेखा पर विस्तृत मंथन किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। भारतीय संस्कृति, संगीत, लोक परंपराओं और प्रदर्शन कलाओं को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का नया परिसर एक ऐतिहासिक पहल बनने जा रहा है। राजधानी लखनऊ के काकराबाद में प्रस्तावित इस विश्वस्तरीय परिसर को केवल संगीत विश्वविद्यालय तक सीमित न रखकर भारतीय संस्कृति के समग्र केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है।

इसी उद्देश्य से सोमवार को अपर मुख्य सचिव, संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में देश के प्रतिष्ठित कलाकारों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने परिसर की रूपरेखा पर विस्तृत मंथन किया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि नया परिसर आने वाले सौ वर्षों के लिए भारत की सांस्कृतिक विरासत, भारतीय ज्ञान परंपरा और प्रदर्शन कलाओं का सबसे बड़ा केंद्र बने। बैठक में विशेषज्ञों ने कहा कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को एक ही मंच पर समेटने वाला ऐसा संस्थान आज देश में नहीं है, जहां शास्त्रीय संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक एवं जनजातीय कलाएं, दृश्य एवं ललित कलाएं, साहित्य, दर्शन, योग, आध्यात्म, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक कला शिक्षा का समन्वित अध्ययन एवं शोध हो सके। इसी दृष्टि से भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के नए परिसर को देश के पहले समग्र 'संस्कृति विश्वविद्यालय' के रूप में विकसित करने की परिकल्पना प्रस्तुत की गई। इसमें दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण, मौखिक परंपराओं के दस्तावेजीकरण, डिजिटल रिपॉजिटरी और भारतीय प्रदर्शन कलाओं के संग्रहालय जैसी विश्वस्तरीय सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में प्रस्तावित परिसर के लिए कई अत्याधुनिक सुविधाओं पर भी सहमति बनी। नए परिसर में संगीत, नृत्य, रंगमंच, योग एवं अध्यात्म, दृश्य एवं ललित कला, साहित्य एवं दर्शन, फिल्म निर्माण तथा कला एवं सांस्कृतिक प्रबंधन जैसे विषयों के विशेष विद्यालय स्थापित किए जाने के सुझाव दिए गए। साथ ही ध्वनि-विज्ञान आधारित अभ्यास कक्ष, आधुनिक नृत्य स्टूडियो, संगीत एवं रिकॉर्डिंग स्टूडियो, एआई म्यूजिक लैब, विष्णु नारायण भातखंडे ग्रैंड ऑडिटोरियम, ब्लैक बॉक्स थिएटर, शास्त्रीय नृत्य थिएटर, रेसाइटल हॉल और मुक्ताकाशी मंच जैसी आधुनिक अधोसंरचनाओं का भी निर्माण करने का सुझाव दिया गाया। इसके अलावा सांस्कृतिक स्टार्टअप्स के लिए इनक्यूबेशन सेंटर, मीडिया एवं कंटेंट लैब तथा बौद्धिक संपदा (आईपी) सहायता केंद्र विकसित कर भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को भी नई गति देने की योजना रखी गई। बैठक में पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने परिसर को प्रकृति और भारतीय परंपरा के अनुरूप विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने व्यापक वृक्षारोपण, खुले एवं प्राकृतिक वातावरण, शिक्षकों के लिए आवासीय व्यवस्था, उत्तर भारतीय और कर्नाटक संगीत के समन्वय, उत्तर प्रदेश के पारंपरिक घरानों को संस्थान से जोड़ने, थिएटर कॉम्प्लेक्स, एग्जीबिशन हॉल, इंटरएक्टिव लर्निंग स्पेस तथा इंटीग्रेटेड नॉलेज सिस्टम पर आधारित विशेष लैब स्थापित करने का सुझाव दिया। वहीं प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने विश्वविद्यालय को संगीत संस्थान से आगे बढ़ाकर समग्र संस्कृति विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई। बैठक में पद्मश्री प्रो. वामन केंद्रे सहित अन्य विशेषज्ञों ने लोक एवं जनजातीय कलाओं, थिएटर, परफॉर्मिंग आर्ट्स, विजुअल आर्ट्स और साहित्य को एकीकृत पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

# तहसील समाधान दिवस में किसानों का धरना

❐ कार्रवाई न होने पर किसानों ने की नारेबाजी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उस समय माहौल गरमा गया, जब राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए। किसानों ने आरोप लगाया कि कई बार तहसील दिवस में शिकायतें और प्रार्थना पत्र देने के बावजूद संबंधित विभाग कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं करते हैं। उल्टा कई विभाग झूठी और भ्रामक आख्या लगाकर शिकायतों का निस्तारण दिखा देते हैं, जिससे ग्रामीणों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।धरने की सूचना पर अपर जिलाधिकारी आपूर्ति उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि कमालपुर विचिलखा से कुबहरा तक लगभग छह सौ मीटर कच्चे मार्ग के निर्माण एवं डामरीकरण के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन विकास खंड स्तर से यह कहकर मामला टाल दिया गया कि भूमि वन विभाग की है। इस कारण वर्षों से ग्रामीणों को बदहाल मार्ग से आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष की ओर से अधिकारियों को पांच सूत्रीय मांगपत्र भी सौंपा गया। संगठन का कहना था कि इन मांगों को लेकर भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन किसी भी बिंदु पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज किसानों और संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में नारेबाजी शुरू कर दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल वन विभाग के प्रतिनिधि को बुलाया। मौके पर केवल फॉरेस्ट गार्ड के पहुंचने पर अपर जिलाधिकारी आपूर्ति ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वन विभाग से एनओसी प्राप्त होते ही कमालपुर विचिलखा से कुबहरा तक छह सौ मीटर कच्चे मार्ग का डामरीकरण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। धरना-प्रदर्शन में संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष प्रताप बहादुर, प्रदेश सचिव दिनेश यादव, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला महामंत्री राम सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश यादव सहित राम कुमार यादव, अरविंद कुमार, पुनवासी एवं दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

**बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में फैक्ट्री कर्मी की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह सर्वेंट क्वार्टर में सोने जा रहा था, तभी टीन शेड टूट जाने से नीचे आ गिरा। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान उन्नाव जिले के बिहार थाना क्षेत्र के कटरी भगवंत नगर निवासी सचिन कुमार (36) के रूप में हुई है। सचिन बंथरा के बनी स्थित वास्तु इंडिया लिमिटेड मुर्गी दाना फैक्ट्री में कार्यरत था। बताया गया कि रविवार रात करीब 11 बजे सचिन तीसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में सोने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उसने टीन शेड पर पैर रखा, जो अचानक टूट गया। इससे वह सीधे नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। गिरने की तेज आवाज सुनकर साथी मजदूर मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल ले गए। वहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में ससुराल आए युवक का मिला शव, पेड़ से लटका मिला गमछा

**बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में सोमवार सुबह एक युवक का शव उसकी ससुराल के पास पेड़ के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक के गले में गमछे का एक सिरा बंधा था, जबकि दूसरा सिरा पेड़ की डाल से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान पारा के हंसखेड़ा निवासी धर्मेंद्र यादव (32) के रूप में हुई है। उनकी शादी बंथरा क्षेत्र के मवई पाड़ियाना निवासी मोहनलाल यादव की पुत्री कुमकुम से हुई थी। उनकी एक बेटी अदिति है। पत्नी और बेटी इन दिनों मायके में थीं। धर्मेंद्र रविवार को अपनी बेटी का जन्मदिन मनाने ससुराल आए थे। परिवार के साथ उन्होंने शाम को अदिति का जन्मदिन भी मनाया था। सोमवार सुबह धर्मेंद्र की सास आम बीनने के लिए घर से निकलीं। घर से करीब 500 मीटर दूर एक जामुन के पेड़ के नीचे उन्होंने धर्मेंद्र का शव पड़ा देखा। उनके गले में गमछे का आधा हिस्सा बंधा था, जबकि गमछे का दूसरा सिरा पेड़ की डाल से लटका हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची बंथरा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने किया लूट की घटना का खुलासा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गोसाईगंज पुलिस सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा लूट की घटना का खुलासा किया गया । अभियुक्तों के पास से सोनी चांदी के समान के साथ ही एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। दो अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। गोसाईगंज पुलिस के मुताबिक 23 जून 2026 को कस्बा अमेठी निवासी सचिन कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय रामकुमार वर्मा की ओर से खुद के साथ हुई लूट की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद करके 8:00 बजे दुकान बंद करके अफना व भाई मनीष सोनी की दुकान का सोने चांदी के सामान का बैग लेकर स्कूटी से घर जा रहा था। रास्ते में बंगला भवानी मंदिर के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी स्कूटी रोककर उसे लूटने का प्रयास किया गया। पीड़ित के अनुसार उसने विरोध किया और शोर मचाने का प्रयास किया तो अभियुक्तों ने उसके पैर में गोली मारी और सोने चांदी के आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। इस घटना का खुलासा करने के लिए 600 सी सी टी वी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य इकट्ठा किए गए उसके बाद 6 जून 2026 की रात को दो अभियुक्तों शिवम यादव उर्फ कुंदन (34) पुत्र चंद्रभान और अंकुल यादव उर्फ गोले (20) पुत्र बृजेश निवासी ककोहिया, थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को गोसाईगंज के गांव देहरामऊ के निकट अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त सोनू यादव की तलाश जारी है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पीली धातु के 13 हार ,412 लॉकेट ,तीन अंगूठी, 295 जोड़ी बाला, 204 नथ ,36 मांग बेदी ,228 झाला, 28 नथनी,पांच लर, 10 बाला, 4 टॉप्स, सफ़ेद धातु के 30 जोड़ी पायल ,163 बिछिया, 32 हाय ,एक फुटकर कनौती, बिंदी, लॉकेट ,एक एक पिस्टल 32 बोर ,5 जिंदा कारतूस और अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने कहा कि वे अपनी जरूरत के अनुसार ज्वेलर्स की दुकान के आसपास की रेकी करते थे। वह अपने साथ मोटरसाइकिल रखने हैं। उसी से घटना को अंजाम देते रहे। जहां उन्हें परेशानी होती थी वहां गोली मार कर घायल करके भाग जाते थे। उन्होंने 6 जून को हजरतगंज से बाइक चोरी की।, 18 जून को थाना मिल एरिया रायबरेली में एक सुनार की को गोली मारकर लूट की घटना को अंजाम दिया। उससे पहले उन्होंने 28 मई को थाना अलीगंज जनपद चंदौली में भी सुनार को गोली मार कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दो अभियुक्तों शिवम यादव और अंकुल यादव को जेल भेज दिया ।

## डीपीएस एल्डिको में आपदा प्रबंधन व अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल, विद्यार्थियों को सिखाए जीवनरक्षक उपाय



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) एल्डिको में विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने, त्वरित निर्णय लेने और जीवनरक्षक उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें आपदा प्रबंधन, अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव तथा आपात स्थिति में धैर्य और संयम बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को सुरक्षित निकासी (इवैक्यूएशन) की प्रक्रिया, आपदा के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों और निर्देशों का पालन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद प्रशिक्षित विशेषज्ञों ने अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। मॉक इवैक्यूएशन ड्रिल के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अनुशासित ढंग से भवन से बाहर निकलने का अभ्यास किया। इस दौरान टीमवर्क, अनुशासन, त्वरित निर्णय क्षमता और आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता के महत्व को भी समझाया गया। संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या गुंजन साहनी ने कहा कि सुरक्षा जागरूकता समग्र शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यार्थियों को ऐसी जीवनोपयोगी दक्षताओं से लैस करना आवश्यक है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति का आत्मविश्वास और जिम्मेदारी के साथ सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में सुरक्षा जागरूकता, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस: 367 शिकायतें प्राप्त, 5 का मौके पर निस्तारण

❐ मोती नगर में बिना अनुमति पुलिया तोड़ने का मामला उठा, एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव, प्रयागराज। तहसील कोरांव में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 367 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम संदीप तिवारी ने की। इस दौरान तहसीलदार रोशनी सोलंकी, नायब तहसीलदार राम मूरत सहित राजस्व, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कर आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

### पुलिया तोड़ने का मामला आया सामने

समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी ने शिकायत की कि शास्त्री नगर कस्बा कोरांव के मोती नगर में संबंधित विभाग द्वारा बिना किसी अनुमति के पुलिया को तोड़ दिया गया है। इससे पिछले दो दिनों से क्षेत्र का आवागमन पूरी तरह बाधित है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम संदीप तिवारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्र आवागमन बहाल कराया जाए और बिना अनुमति कार्य करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अरसद खान ने कहा कि बिना परमिशन के लोक निर्माण विभाग की सड़क तोड़ी है जिम्मेदार को पत्राचार किया जाएगा

# 02 दिनों में 2342 वाहनों का किए चालान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने जनपद में चलाए गए दो दिवसीय विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत 02 दिनों में 2342 वाहनों के चालान किए। यह कार्रवाई नशे में वाहन चलाने, प्रेशर हार्न, मॉडिफाइड साइलेंसर सहित अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई।

जनपद में कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से 05 जुलाई एवं 06 जुलाई को यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से दो दिवसीय विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। यह अभियान एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन, एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा एवं यातायात निरीक्षक बच्चू सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान जनपद के टोल प्लाजा मदनापुर, सिंधौली, पुवायां एवं खुटार सहित जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चैराहों पर रात्रि 08 बजे से 11 बजे तक अभियान चलाकर नशे की अवस्था में वाहन चलाने वाले, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हार्न/हूटर का प्रयोग करने वाले, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव के 24, प्रेशर हार्न 65, मॉडिफाइड साइलेंसर 03, बिना हेल्मेट 1498, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न होने पर 22 चालान और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन में 730 वाहनों के चालान किए गए। कुल 2342 चालान मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत किए गए। जनपदीय पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन चलाते समय नशे का सेवन न करें, हेल्मेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें, निर्धारित मानकों के अनुरूप नम्बर प्लेट एवं एचएसआरपी लगवाएं, प्रेशर हार्न, हूटर एवं मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें। यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# रेड क्रॉस सोसाइटी का आजीवन सदस्यता पहचान-पत्र वितरण अभियान शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




शाहजहांपुर । मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला कार्यालय में आजीवन सदस्यता पहचान-पत्रों के वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। सोमवार को होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. रवि मोहन तथा डॉ. संगीता मोहन ने अपने पुत्र कार्तिक मोहन एवं पुत्री वर्तिका मोहन के आजीवन सदस्यता पहचान-पत्र प्राप्त किए तथा बच्चों को भी रेड क्रॉस की आजीवन सदस्यता दिलाई।

रेड क्रॉस के जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी ने रेडक्रॉस का मैडल पहनाकर तथा बैच लगाकर सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान डॉ. रवि मोहन ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जाति-धर्म, वर्ग एवं किसी भी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करने वाला संगठन है। डॉ. संगीता मोहन ने कहा कि सफ़ेद पृष्ठभूमि पर अंकित लाल क्रॉस का चिन्ह मानवता, चिकित्सा सहायता, राहत एवं निःस्वार्थ सेवा का वैश्विक प्रतीक है। रेडक्रॉस के जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि जनपद के कई प्रतिष्ठित परिवार रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य हैं। जोकि समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. विजय जौहरी ने सभी आजीवन सदस्यों से अपील की है कि वे अपनी सदस्यता रसीद, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं मोबाइल नंबर के साथ जिला शाखा कार्यालय में संपर्क कर अपना आजीवन सदस्यता पहचान-पत्र शीघ्र प्राप्त करें। इस दौरान मुरारी दीक्षित, बालकृष्ण पांडेय, बृजेश गुप्ता, चन्द्रसेन वर्मा, रामकुमार सक्सेना, अशोक अग्रवाल, मुनीष वर्मा, शिवसरन सिंह इमरान खान, अवनीश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# जलालाबाद का नाम ''परशुरामपुरी'' किए जाने को लेकर मंत्री परिषद के निर्णय का नगर विकास मंत्री ने किया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने जनपद शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्रान्तर्गत कस्बा/नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर ''परशुरामपुरी'' किए जाने संबंधी मंत्री परिषद के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत के सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मंत्री परिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश की जनता की भावनाओं, जनप्रतिनिधियों की मांग तथा हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप है। इससे भगवान परशुराम से जुड़े ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को नई पहचान मिलेगी।श्री शर्मा ने कहा कि यह सर्वविदित है कि शाहजहांपुर स्थित भगवान परशुराम की जन्मस्थली तथा महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली का नाम मुगल शासनकाल में जलालाबाद कर दिया गया था। लंबे समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की यह मांग रही कि इस पवित्र स्थल का नाम भगवान परशुराम के नाम पर ''परशुरामपुरी'' रखा जाए। अब मंत्रीपरिषद के निर्णय से करोड़ों श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों की भावना का सम्मान हुआ है। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग के प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा अनापत्ति प्रदान किए जाने तथा माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मंत्रीपरिषद द्वारा इसे स्वीकृति दिए जाने से प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक मजबूती मिलेगी। यह निर्णय हमारी प्राचीन परंपराओं, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर ऐसे निर्णय ले रही है, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों और जनभावनाओं को सम्मान देने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का कार्य कर रही है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान राष्ट्रवादी चिंतक और दूरदर्शी नेता थे: दयालु

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी चिंतक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर आज सिगरा स्थित अपने कैंप कार्यालय पर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

### 'एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे, का दिया नारा

इस अवसर पर डॉ. दयालु ने कहा, ''देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान राष्ट्रवादी चिंतक और दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे' का नारा देकर राष्ट्र की अखंडता को सर्वोपरि रखा। उनका जीवन त्याग, तपस्या और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण है।''

### सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा का संकल्प

आयुष मंत्री ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष और विचार सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज वही संकल्प लेकर हम राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटे हैं।

### युवा पीढ़ी को प्रेरणा

डॉ. दयाशंकर मिश्र ने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। राष्ट्र सेवा, शिक्षा और समाज के उत्थान के प्रति समर्पण ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर गौरव राठी डॉ हरदत शुक्ला सिंधु सोनकर सुधीर त्रिपाठी अरुण पांडेय सौरभ पाठक संतोष सैनी आकाश पांडेय आदि सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे !

# शाश्वत नर्सिंग होम में इलाज पर लापरवाही का परिजनों ने लगाया आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाश्वत नर्सिंग होम जो की शहर के जेल रोड पर स्थित है । परिजनों ने नर्सिंग होम पर इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगा है। आरोप है कि 10 साल की बच्ची का कथित तौर पर गलत ऑपरेशन किए जाने के बाद उसकी हालत बेहद नाजुक हो गई। गंभीर अवस्था में बच्ची को लखनऊ रेफर किया गया, जहां जिंदगी और मौत से जूझ रही है। परिजनों का दावा है कि बच्ची ब्रेन डेड हो चुकी है। न्याय की मांग को लेकर परिजन डीएम कार्यालय पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई। वहीं, प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के लिए टीम गठित करने की बात कही है।

शहर के जेल रोड स्थित शाश्वत नर्सिंग होम एक बार फिर सवालों के घेरे में है। परिजनों का आरोप है कि 10 साल की बच्ची का यहां कथित रूप से गलत ऑपरेशन किया गया, जिसके बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। हालत गंभीर होने पर बच्ची को लखनऊ रेफर किया गया, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों की लापरवाही ने उनकी मासूम बेटी की जिंदगी खतरे में डाल दी है। उनका दावा है कि बच्ची ब्रेन डेड हो चुकी है और अब उन्हें सिर्फ न्याय की उम्मीद है। इसी मांग को लेकर परिजन डीएम कार्यालय पहुंचे और दोषी डॉक्टरों व नर्सिंग होम प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने जांच के लिए टीम गठित करने की बात कही है। अब सभी की नजर इस जांच पर टिकी है कि आखिर बच्ची की हालत बिगड़ने के पीछे लापरवाही थी या कोई अन्य वजह। फिलहाल प्रशासन जांच के बाद आगे की कार्रवाई की बात कह रहा है।

# एकेटीयू का 24वां दीक्षांत आज, 62,537 छात्रों को मिलेगी डिग्री, 84 पदकों से 83 मेधावी होंगे सम्मानित

❒ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी अध्यक्षता, इंडियन ऑयल के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी होंगे मुख्य अतिथि, पांच श्रेणियों में दिए जाएंगे स्टूडेंट स्टार्टअप अवॉर्ड



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) का 24वां दीक्षांत समारोह मंगलवार, 7 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर स्थित पं. अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय सभागार में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल मौजूद रहेंगे। दीक्षांत समारोह में 62,537 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी, जबकि 53 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा 83 मेधावी विद्यार्थियों को 84 पदक दिए जाएंगे। इनमें 35 स्वर्ण, 23 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल हैं। पदक विजेताओं में 52 छात्राएं और 31 छात्र हैं। इस वर्ष चांसलर मेडल अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद की बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की छात्रा अंशिका राणा को मिलेगा। वहीं कमल रानी वरुण स्मृति स्वर्ण पदक केआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की छात्रा इशिका को प्रदान किया जाएगा। रोगन कला के प्रसिद्ध कलाकार कंसारा आशीष शांतिलाल को डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

### पांच श्रेणियों में मिलेंगे स्टार्टअप अवॉर्ड

दीक्षांत समारोह में लगातार दूसरे वर्ष विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पांच श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे। इनमें वूमेन लेड स्टार्टअप, बेस्ट डीप टेक स्टूडेंट स्टार्टअप, बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप, एग्रीकल्चर एंड एग्रीटेक स्टार्टअप तथा सस्टेनेबल एंड ग्रीन स्टार्टअप श्रेणियां शामिल हैं। विश्वविद्यालय का दावा है कि प्रदेश में यह पहल करने वाला एकेटीयू पहला तकनीकी विश्वविद्यालय है।

### बच्चों को सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी

समारोह के दौरान राज्यपाल विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए छह गांवों के विद्यालयों में आयोजित चित्रकला, कहानी कथन और भाषण प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करेंगी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर आधारित गीत-नाट्य की प्रस्तुति भी दी जाएगी। बाल गृह बालिका, सिंधीखेड़ा के 15 बच्चों का समूह लोकनृत्य प्रस्तुत करेगा। इसके साथ ही पांच आंगनबाड़ी केंद्रों को सांकेतिक रूप से किट वितरित की जाएगी। दीक्षांत समारोह के बाद विश्वविद्यालय परिसर में मां-बेटी सम्मेलन का भी आयोजन होगा।

### नैक में ए प्लस ग्रेडिंग बड़ी उपलब्धि

पत्रकारवार्ता में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय ने अपने 25 वर्ष के इतिहास में पहली बार नैक मूल्यांकन में ए प्लस ग्रेड हासिल कर तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। विश्वविद्यालय में पहली बार अंतर्विषयी बीटेक पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और वीएलएसआई जैसी नई तकनीकों पर आधारित पाठ्यक्रमों को छात्रों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत मेजर के साथ माइनर डिग्री की व्यवस्था लागू की गई है। स्पेस और क्वांटम टेक्नोलॉजी में भी माइनर डिग्री शुरू की गई है। छात्रों को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए नियमित प्रशिक्षण, कार्यशालाएं और कैंपस प्लेसमेंट अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

### नवाचार और स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपये की इनोवेशन निधि बनाई गई है। 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्यूबेशन सेंटर' की स्थापना की जा रही है तथा कलाम पेटेंट सेंटर भी स्थापित किया गया है। इसके अलावा विश्वेश्वरैया रिसर्च प्रमोशन स्कीम के तहत शोधार्थियों की संख्या 25 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है। पत्रकारवार्ता में कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह और परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया भी उपस्थित रहे।

# जो कभी श्रीराम पर मौन थे, वे आज राम-नाम का सहारा ले रहे हैं आस्था भाषणों से नहीं, आचरण से सिद्ध होती है: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ राम का नाम चुनावी सीज़न का नारा नहीं, राष्ट्र की सनातन आस्था है, जनता अवसरवाद और श्रद्धा का अंतर जानती है: डॉ राजेश्वर सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ । सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और मर्यादा के प्रतीक हैं। उनका नाम राजनीतिक सुविधा या चुनावी रणनीति का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है कि वर्षों तक श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या और रामभक्तों की भावनाओं के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने वाले लोग आज लगभग हर बयान में श्रीराम का स्मरण कर रहे हैं। यदि यह परिवर्तन हृदय से आया है तो उसका स्वागत है, लेकिन यदि यह केवल चुनावी मजबूरी है तो जनता इसे भी समझ रही है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि श्रीराम का नाम लेना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके आदर्शों—मर्यादा, सत्य, सेवा और राष्ट्रधर्म—को सार्वजनिक जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या का गौरव पुनर्स्थापित हुआ है और श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बनकर खड़ा है। उन्होंने कहा, राम आस्था हैं, ट्रेंड नहीं; राम मर्यादा हैं, राजनीतिक मजबूरी नहीं।ङ्क उत्तर प्रदेश की जनता आस्था और अवसरवाद के बीच का अंतर अच्छी तरह समझती है।

# तकनीक और शोध की दुनिया के युवा बने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के संवाहक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और वैज्ञानिक अनुसंधान के दौर में देशभर के युवा अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी नई ऊर्जा दे रहे हैं। इसी सोच के साथ टेक्नोक्रेट्स के समूह त्रिसामा आर्ट्स प्राचीन लेटे हुए हनुमान मंदिर में साप्ताहिक भक्ति राग सेवा में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के संरक्षण, संवर्धन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक अनूठा अभियान बनती जा रही है।

इस सप्ताह आयोजित राग सेवा में बेंगलुरु से आईं युवा हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका एवं जैव-प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) शोधकर्ता लिपाली प्रियदर्शिनी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से श्रद्धालुओं और संगीतप्रेमियों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ राग दरबारी में निबद्ध अद्धा ताल की गंभीर बंदिश ''जो गुरु कृपा करें'' से किया। इसके बाद तीनताल की मध्यलय बंदिश ''दीनबंधु दया सिंधु सुनिए प्रभु मेरी'' प्रस्तुत कर राग की गरिमा, गहराई और भाव-संपन्नता का उत्कृष्ट परिचय दिया। शास्त्रीय प्रस्तुति के बाद उन्होंने राग दरबारी पर आधारित लोकप्रिय भजन ''तोरा मन दर्पण कहलाए'' तथा गोस्वामी तुलसीदास रचित अमर भक्ति पद ''ठुमक चलत रामचन्द्र'' का भावपूर्ण गायन किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक नाम-संकीर्तन से हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तबले पर आलोक मिश्रा तथा हारमोनियम पर आर्यन वर्मा ने सधे हुए अंदाज़ में संगत कर प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया। त्रिसामा आर्ट्स के संस्थापक इंजीनियर अभिषेक शर्मा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य मंदिरों में प्रचलित भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित करना और संगीत को ईश्वर-सेवा का माध्यम बनाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से देश के विभिन्न राज्यों के आईटी पेशेवर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शोधार्थी, विद्यार्थी तथा अन्य तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े युवा स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं। वे अपने व्यावसायिक जीवन के साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत के अध्ययन, अभ्यास और प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भक्ति राग सेवा में देशभर से प्रतिष्ठित और युवा कलाकार अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। यह पहल केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय सांस्कृतिक आंदोलन बनकर उभर रही है, जो नई पीढ़ी में शास्त्रीय संगीत के प्रति रुचि और श्रद्धा दोनों का विस्तार कर रही है।

# भाभी को घर से उठाकर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोपी देवर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने भाभी के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी देवर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई।

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने शिकायत में बताया कि बीते शनिवार की रात करीब 11:30 बजे वह घर की छत पर सो रही थी। पानी पीने के लिए नीचे आने पर अजय कुमार उसे पीछे से पकड़कर मुंह बंद करते हुए जबरन घर से उठाकर पास के जंगल में ले गया, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया।तहरीर के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए, जिसके बाद आरोपी की तलाश शुरू की गई। वही बीते रविवार को पुलिस के खास मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने हरिकंशगढ़ी अंडरपास के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने घटना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने नशे की हालत में यह अपराध किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। मामले की विवेचना जारी है।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी 13 जुलाई को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित कार्यक्रम लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे के उद्घाटन की तैयारियों के क्रम में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाए, जिससे कार्यक्रम का सफल आयोजन हो सके। भाजपा लखनऊ महानगर मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, महानगर महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष विनायक पांडेय तथा महानगर मंत्री शैलेन्द्र राय 'डब्बू' उपस्थित रहे।

### लखनऊ में मासूम की हत्या में आरोपित युवक गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में एक बच्चे की मारपीट कर हत्या का खुलासा हुआ है। पुलिस ने सोमवार को एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके पास हत्या में इस्तेमाल किया गया घरेलू का उपयोग होने वाला पलटा बरामद किया। इस हत्या में बच्चे की मां भी आरोपित है,जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। मड़ियाव थाना प्रभारी शिवानन्द मिश्र ने बताया कि उन्नाव जिले के रहने वाले दिनेश ने पांच साल के बेटे की हत्या की तहरीर दी थी। उसने यह आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी और प्रशांत उर्फ गौरव सिंह ने उसके बेटे की मारपीट कर हत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बच्चें को कही जगह चोटों के निशान पाए गए थे। मामला दर्ज कर पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आरोपित प्रशांत को मड़ियांव पुल के नीचे रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया है। वह कहीं भागने की फिराक में था, तभी धर दबोचा। पुलिस का दावा है कि प्रेम संबंध में बाधक बनने पर पूनम और उसके प्रेमी प्रशांत ने बेटे अहम की हत्या की है। फिलहाल पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

### वैश्य फ़ेडरेशन सदस्यों को मेदांता की विशेष स्वास्थ्य सुविधा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन (आईवीएफ) उत्तर प्रदेश के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को शहीद पथ स्थित मेदांता हॉस्पिटल में आयोजित समारोह में मेदांता हॉस्पिटल एवं इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन यूपी के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत संगठन के सभी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को मेदांता हॉस्पिटल की विभिन्न चिकित्सा सेवाओं पर स्थायी विशेष छूट प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर के विधायक एवं इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन यूपी के प्रदेश अध्यक्ष डा. नीरज बोरा ने कहा कि संगठन केवल सामाजिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है अपितु अपने सदस्यों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेदांता हॉस्पिटल के साथ हुआ यह समझौता गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक डा. राकेश कपूर ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों तक उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना मेदांता की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। समारोह में सर्वश्री अमरनाथ अग्रवाल, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.के.गुप्ता, डा. अनिल गुप्ता, अमरनाथ अग्रवाल, पवन गोयल, राजेश सिंघल, हेमंत दयाल अग्रवाल, मनीष गुप्ता, विनय जैन, संजय जायसवाल, निखिल रस्तोगी, फ़ेडरेशन के महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला इकाई की महानगर अध्यक्ष रुपाली गुप्ता, युवा इकाई के महानगर अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, प्रदेश महामंत्री युवा श्री आशीष गुप्ता, प्रशांत वर्मा, शीलू जायसवाल, विनय गुप्ता सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल में मेधावियों का सम्मान, अभिभावकों संग हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन सेक्टर-14, इंदिरा नगर स्थित अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक प्रबंधक जयपाल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वंदे मातरम्, गणेश वंदना, देवी वंदना, गुरु वंदना और प्रेरणादायक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। समारोह में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा-2026 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 236 छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र तथा रानी लक्ष्मीबाई स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक प्रबंधक जयपाल सिंह ने मेधावियों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी निदेशक, प्रधानाचार्या, उप-प्रधानाचार्या एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में संस्था की निदेशक निर्मल टंडन ने अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप से रोजगार के अवसर होंगे उपलब्ध: मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण, करियर मार्गदर्शन, अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप एवं रोजगार के व्यापक अवसर होंगे उपलब्ध होंगे। इसके लिए प्रस्तावित योजना का क्रियान्वयन विभिन्न विभागों के प्रभावी अभिसरण, उद्योगों की सक्रिय सहभागिता तथा परिणाम-आधारित कार्यप्रणाली के साथ सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक विभाग की भूमिका एवं उत्तरदायित्व स्पष्ट रूप से परिभाषित किए जाएँ तथा चरणबद्ध कार्ययोजना, वित्तीय आवश्यकताओं, संस्थागत व्यवस्थाओं एवं कार्यान्वयन तंत्र का विस्तृत प्रस्ताव निर्धारित समयावधि में तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाए। बैठक में राज्य, जनपद एवं क्लस्टर स्तर पर प्रभावी चार-स्तरीय मॉनिटरिंग व्यवस्था विकसित करने, डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से वास्तविक समय में प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने तथा उद्योगों, एमएसएमई, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से प्रदेश में एक सुदृढ़, उद्योगोन्मुख एवं रोजगारपरक कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। इससे पहले बैठक में प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरि ओम द्वारा सम्बन्धित राज्य स्तरीय प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण के पश्चात बैठक में विद्यालयी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार तक एक समग्र एवं एकीकृत स्किलिंग इकोसिस्टम विकसित करने के विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, सचिव उच्च शिक्षा विभाग, महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक, विशेष सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग, निदेशक सेवायोजन तथा निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, इन्वेस्ट यूपी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एकपक्षीय कार्रवाई के विरोध में बीकेटी थाने पर भाकियू का अनिश्चित कालीन धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब थाने में पुलिस पर एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए भाकियू राकेश टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। संगठन के तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण थाने पहुंचे और पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर देर रात तक डटे रहे।

विजयपुर निवासी कुंदन ने आरोप लगाया कि तीन जुलाई की शाम वह मानपुर लाला स्थित एक बीज भंडार पर खाद खरीदने गया था। उसके मुताबिक उसने खाद के 1360 रुपये दुकानदार को दे दिए, लेकिन दुकानदार ने रुपये न मिलने की बात कहते हुए खाद देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर दुकानदार समेत करीब दस लोगों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि घटना में नामजद आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसके उलट विपक्षी पक्ष की तहरीर पर उसके पक्ष के कई लोगों के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई। इसे लेकर किसानों में आक्रोश फैल गया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की। साथ ही अवैध मिट्टी खनन व लकड़ी कटान पर रोक लगाने, भैंसामऊ क्रॉसिंग पर ई-रिक्शा चालकों के कारण लगने वाले जाम से राहत दिलाने तथा कस्बे में सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने की भी मांग उठाई।अमरेंद्र सिंह ने कहा कि जब तक पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट दर्ज नहीं होती और ज्ञापन में शामिल मांगों पर कार्रवाई शुरू नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। देर रात तक पुलिस की ओर से पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।

### अवैध अतिक्रमण पर नगर निगम का अभियान

लखनऊ। शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए लखनऊ नगर निगम ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में सघन और बहुस्तरीय अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार जी के आदेश पर की गई कार्रवाई का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना रहा। अभियान के दौरान जोन-3 और जोन-4 में अस्थायी कब्जे हटाए गए, सामान जब्त किया गया तथा गंदगी और प्रतिबंधित प्लास्टिक के मामलों में जुर्माना वसूला गया।

जोन-4 में सहायक नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारी शिल्पा कुमार के नेतृत्व में गोमती नगर विस्तार सेक्टर-5 सब्जी मंडी सहित आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान झुग्गी-झोपड़ियों, ठेले-ठेलियों और सड़क किनारे किए गए अस्थायी कब्जों को हटाया गया। इसके अतिरिक्त पीली कॉलोनी से एमआई कोर्ट अपार्टमेंट तक भी अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# मेदांता और इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन के बीच एमओयू

❒ सदस्यों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का मिलेगा लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । शहर में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ और इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन (आईवीएफ) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मेदांता हॉस्पिटल के छठी मंजिल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समारोह में दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आधिकारिक रूप से एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर के विधायक एवं इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज बोरा रहे। उन्होंने कहा कि यह समझौता चिकित्सा क्षेत्र में सेवा और सामाजिक सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे संगठन के सदस्यों के साथ-साथ आम लोगों को भी मेदांता हॉस्पिटल की आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। समारोह की अध्यक्षता मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर एवं यूरोलॉजी व किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने की। उन्होंने कहा कि मेदांता हमेशा से बेहतर और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इंटरनेशनल वैश्य फ़ेडरेशन के साथ यह साझेदारी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को और अधिक व्यापक बनाएगी। समारोह में पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ. पी.के. गुप्ता, आईवीएफ लखनऊ अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला विंग अध्यक्ष रूपाली गुप्ता, अमरनाथ अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, शैलेन्द्र स्वर्णकार, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, संजय जायसवाल, शीलू जायसवाल, हेमंत दयाल, अनिल गुप्ता, अभय गुप्ता सहित वैश्य समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खदनिया ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत और रिबोर के नाम पर करीब 4 लाख के गबन का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

परसेंडी, सीतापुर। परसेंडी की खदनिया ग्राम पंचायत में पिछले एक वर्ष से अब तक नल रिबोर व मरम्मत दिखाकर फर्जी तरीके अलग अलग बिल वाउचर लगाकर करीब चार लाख रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है।ब्लॉक की खदनिया ग्राम पंचायत में सचिव और प्रधान ने मिलकर ग्राम पंचायत में लगे नलों की संख्या से भी ज्यादा रिबोर व मरम्मत के नाम पर 398923(तीन लाख अट्ठानबे हजार नौ सौ तेईस)रुपए का भुगतान कर शासकीय धनराशि का गबन किया है।

ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत में एक भी नल रिबोर नहीं कराया गया है लेकिन लाखों रुपए फर्जी फर्मों पर निकाल कर प्रधान व सचिव मालामाल हो गए हैं।




## इन तारीखों में हुए भुगतान

दस जुलाई 25 को हैंडपंप मरम्मत पर 19650रुपए,16जुलाई 25 को हैंडपंप मरम्मत पर 19995 रुपए,23 सितंबर को रिबोर पर 63258 रुपए,हैंडपंप मरम्मत पर 16650,24 मई 25 को मरम्मत पर 19570 रुपए,8 दिसंबर 25 को रिबोर पर 31000,9 अप्रैल को रिबोर पर 31000 रुपए,21 जनवरी 26 को रिबोर पर 28400 रुपए,30 अप्रैल 26 को मरम्मत पर 15140 रुपए,16350 रुपए,15 मई 26 को रिबोर पर 29500 रुपए फर्जी तरीके से ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर कुल 398923(तीन लाख अट्ठानबे हजार नौ सौ तेईस)रुपए निकल कर ग्राम पंचायत विकास निधि मिलने वाली शासकीय धनराशि का गबन किया है।

## हरियाली के हत्यारों को संरक्षण

सांडा, सीतापुर। एक तरफ सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर वृक्षारोपण अभियान चलाकर धरती को हरा-भरा बनाने के दावे कर रही है, दूसरी तरफ बिसवां वन रेंज में उन्हीं दावों की जड़ें काटे जाने के आरोपों ने पूरे वन विभाग को कठघरे में खड़ा कर दिया है। क्षेत्र में हरे-भरे प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों पर लगातार आरा चलने की शिकायतों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर वन संपदा की रक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाला तंत्र कर क्या रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बोहरा, अम्बई, लखनियापुर, रिंधौरा, भूडपुरवा और मनिकौड़ा समेत कई गांवों में नीम, शीशम सहित अन्य प्रतिबंधित प्रजातियों के दर्जनों पेड़ काट दिए गए। लोगों का कहना है कि कई मामलों की सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई गई, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में मा0 विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव कुमार, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 192 शिकायतों में से 17 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 54 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 38 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील सिधौली में प्राप्त 90 प्रार्थना पत्रों में से 12, तहसील बिसवां में प्राप्त 33 प्रार्थना-पत्रों में से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# शिक्षक एमएलसी चुनाव के सपा प्रत्याशी के समर्थन में समन्वय सम्मेलन आयोजित

❐ भाजपा सरकार लगातार शिक्षकों का उत्पीड़न कर रही है: लाल बिहारी यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बरेली मुरादाबाद शिक्षक चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर के समर्थन में सुभाषनगर स्थित मैरिज लॉन में पार्टी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, प्रबंधकों का समन्वय सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के नेता विरोधी दल उत्तर प्रदेश विधान परिषद लालबिहारी यादव और विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू शामिल हुए। जहां सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों, प्रबंधको और शिक्षकों ने उन्हें बुके देकर व फूलमाला पहनाकर और सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल ने उनको अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर नेता विरोधी दल लालबिहारी यादव ने कहा कि भाजपा सरकार वित्तविहीन, मदरसों और सहायता प्राप्त शिक्षकों का लगातार उत्पीड़न कर रही है। भाजपा सरकार ने वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय पर रोक लगाई, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय देने का काम किया था। कहा कि 2027 के विधानसभा के चुनाव के बाद जब सपा सरकार बनेगी, तो अखिलेश यादव मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पुरानी पेंशन को बहाल करेंगे और वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय देने का काम करेंगे। कहा कि सभी शिक्षक अपना वोट बनवा लें। ताकि शिक्षक चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर की ऐतिहासिक जीत हो सके। पूर्व मंत्री मोहम्मद अनीस अहमद खान उर्फ फूल बाबू ने कहा कि शिक्षक एमएलसी का चुनाव सेमीफाइनल है, जो 2027 में सपा की सरकार बनाने के लिए भाजपा के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद, पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू, सपा नेता अनवर अली खान, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव, प्रदेश सचिव अशोक यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 08 जुलाई को सीतापुर के बिसवां में होगा बाबा उमाकान्त जी महाराज का विशाल सतसंग एवं नामदान कार्यक्रम



सीतापुर। उत्तर प्रदेश वर्तमान समय में बढ़ती हुई बीमारियों, मानसिक तनाव, पारिवारिक कलह एवं प्राकृतिक आपदाओं से परेशान मानव समाज को सुख, शांति एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से परम पूज्य बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी एवं वक्त गुरु परम पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज द्वारा (समय एवं परिस्थिति अनुकूल रहने पर) विशाल सतसंग एवं नामदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा यह कार्यक्रम दिनांक 08 जुलाई 2026, बुधवार, प्रातः 10 बजे से श्री राम चम्पा देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सामने (पुराना जनता भट्टा), महमूदाबाद रोड, बिसवां, जनपद सीतापुर, उत्तर प्रदेश में आयोजित होगा।

# मछरेहटा थाने में विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन

❐ प्रभात कुमार गुप्ता को भावभीनी विदाई, रजनीश कुमार वर्मा ने संभाला कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। थाना मछरेहटा परिसर में स्थानांतरण के उपलक्ष्य में रविवार को विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्थानांतरित थाना प्रभारी प्रभात कुमार गुप्ता को भावभीनी विदाई दी गई, जबकि नवागत थाना प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा का फूल-मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, पत्रकारों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हाल ही में जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार प्रभात कुमार गुप्ता का स्थानांतरण थाना पिसावां के प्रभारी निरीक्षक के पद पर हुआ है। वहीं रजनीश कुमार वर्मा ने थाना मछरेहटा के नए प्रभारी निरीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रभात कुमार गुप्ता के कार्यकाल को याद करते हुए उनकी कार्यशैली, अनुशासनप्रियता, सरल एवं सौम्य व्यवहार तथा जनता के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ-साथ फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण करने का प्रयास किया। अपराध नियंत्रण, पुलिस-पब्लिक समन्वय और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में उनके योगदान को लोगों ने विशेष रूप से सराहा। कार्यक्रम में प्रभात कुमार गुप्ता को माल्यार्पण कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई तैनाती के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। उपस्थित लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि वे पिसावां थाना क्षेत्र में भी अपनी कार्यकुशलता और ईमानदार कार्यशैली से पुलिस विभाग का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर नवनियुक्त थाना प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा का भी सभी ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान करना तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की। पूरे समारोह के दौरान आत्मीयता, सम्मान और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पत्रकार, व्यापारी, समाजसेवी, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने निवर्तमान थाना प्रभारी को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा नवागत थाना प्रभारी का स्वागत कर उनसे बेहतर कानून व्यवस्था और जनसेवा की उम्मीद जताई।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील जलालाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

❐ 80 शिकायतों में कुल 03 का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील जलालाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें प्राप्त 80 शिकायतों में कुल 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम ने शेष शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराना है। कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हुए निर्धारित समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलम्ब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, सिंचाई, ग्रामीण विकास, नगर निकाय तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण करें तथा तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण के दौरान आपसी समन्वय बनाए रखें ताकि जनता को त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराया जा सके। कहा कि जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, एसडीएम जलालाबाद प्रभात राय, पीडी डीआरडीए अवधेशराम, डीडीओ ऋषिपाल सिंह, सीओ जलालाबाद ज्योति यादव, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 21 दिन बाद आदमखोर तेंदुआ पिंजरे में कैद

❐ शुभम यादव को बनाया था निवाला, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायपुर, लखीमपुर-खीरी। करीब 21 दिनों से दहशत का पर्याय बने उस तेंदुए को आखिरकार वन विभाग ने रविवार तड़के करीब 3 बजे पिंजरे में कैद कर लिया, जिसने 7 जून को रायपुर क्षेत्र के लालजीपुरवा गांव के छह वर्षीय मासूम शुभम यादव को अपना शिकार बना लिया था। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद पूरे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार, 7 जून को लालजीपुरवा निवासी जवाहरलाल यादव का छह वर्षीय बेटा शुभम घर के पास था, तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुए ने बच्चे की गर्दन दबोच ली और उसे झाड़ियों की ओर घसीटने लगा। बेटे को बचाने के लिए पिता जान की परवाह किए बिना तेंदुए के पीछे दौड़े और शोर मचाया। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भी लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए, जिसके बाद तेंदुआ बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। गंभीर रूप से घायल शुभम को परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



मासूम की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर जाम लगा दिया और जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग की। सूचना पर सीओ, विधायक और वन विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाकर करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुलवाया। इसके बाद वन विभाग ने गांव और आसपास के जंगलों में तेंदुए को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर पिंजरे लगाए और लगातार निगरानी अभियान शुरू किया। वन विभाग की टीम बीते 21 दिनों से लगातार गश्त, ट्रैकिंग और निगरानी कर रही थी। आखिरकार रविवार सुबह करीब 3 बजे तेंदुआ लगाए गए पिंजरे में फंस गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के बीच तेंदुए को अपने कब्जे में ले लिया। वन दरोगा अभिषेक कुमार और सुनील गुप्ता ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। स्थानीय लोगों के सहयोग और विभाग की कड़ी मेहनत के चलते आखिरकार तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। साथ ही क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियों पर निगरानी अभियान आगे भी जारी रहेगा। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों में खुशी और राहत का माहौल है। लोगों का कहना है कि शुभम की दर्दनाक मौत के बाद बच्चे घरों से बाहर निकलने से डरते थे और किसान खेतों में जाने से घबराते थे। अब तेंदुए के पकड़े जाने के बाद गांव में फिर से सुरक्षा का एहसास लौट आया है। ग्रामीणों ने वन विभाग की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताते हुए टीम की सराहना की।

## एसडीएम के आदेश के बाद भी नहीं हुई खेत की पक्की पैमाइश, 21 दिनों से तहसील के चक्कर काटने को मजबूर दिव्यांग किसान

**निघासन खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील निघासन क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुधौरी के गांव जगनपुरवा निवासी एक दिव्यांग किसान ने राजस्व विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। किसान का आरोप है कि उपजिलाधिकारी (एसडीएम) द्वारा खेत की पक्की पैमाइश कराने का आदेश जारी किए जाने के बावजूद पिछले 21 दिनों से उसे लगातार तहसील के चक्कर लगवाए जा रहे हैं, लेकिन आज तक पैमाइश नहीं कराई गई। पीड़ित शंभू दयाल के अनुसार, लगभग दो वर्ष पूर्व उन्होंने अपने खेत की पैमाइश को लेकर राजस्व न्यायालय में धारा-41 के तहत वाद दायर किया था। करीब एक वर्ष पहले खेत की कच्ची पैमाइश कराई गई थी। इसके बाद हाल ही में एसडीएम निघासन ने पक्की पैमाइश कराने का आदेश जारी कर दिया, जिससे उन्हें उम्मीद जगी कि लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो जाएगा। शंभू दयाल का आरोप है कि आदेश जारी होने के लगभग 21 दिन बीत जाने के बावजूद ग्राम पंचायत लुधौरी के संबंधित कानूनगो अब तक मौके पर पहुंचकर पक्की पैमाइश नहीं करा रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें बार-बार तहसील बुलाया जाता है, लेकिन हर बार कोई न कोई कारण बताकर मामला टाल दिया जाता है। पीड़ित का कहना है कि वह शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और बार-बार तहसील के चक्कर लगाना उनके लिए बेहद कठिन और आर्थिक रूप से भी बोझ साबित हो रहा है। इसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। उनका आरोप है कि संबंधित राजस्व अधिकारी एसडीएम के आदेश का भी पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि न्यायालय और उपजिलाधिकारी के आदेशों के बाद भी समय पर कार्रवाई नहीं होती है, तो आम नागरिकों का प्रशासनिक व्यवस्था से भरोसा कमजोर होना स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा पीड़ित किसान के खेत की शीघ्र पक्की पैमाइश कराने की मांग की है।

## हैंडपंप रीबोर व मरम्मत पर खर्च हुए 1.43 लाख, फिर भी कई हैंडपंप खराब, भुगतान और जमीनी हकीकत पर उठे सवाल

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बांकेगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत असौवा में पेयजल व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पंचायत के अभिलेखों के अनुसार हैंडपंपों के रीबोर और मरम्मत कार्य पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि आज भी कई हैंडपंप खराब पड़े हैं और लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उपलब्ध भुगतान विवरण के अनुसार 05 मई 2026 को हैंडपंप रीबोर कार्य के नाम पर वर्मा इंटरप्राइजेज को 64,803-64,803 के दो अलग-अलग भुगतान किए गए। इसके बाद 24 मई 2026 को हैंडपंप मरम्मत कार्य के लिए शिशुपाल सिंह (नल मिस्त्री) को ?13,800 का भुगतान किया गया। इस प्रकार रीबोर और मरम्मत मद में कुल 1,43,406 की धनराशि व्यय दर्शाई गई है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि भारी भरकम भुगतान के बावजूद पंचायत के कई हैंडपंप आज भी खराब पड़े हैं। कई मोहल्लों और बस्तियों में लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि रीबोर और मरम्मत का कार्य नियमानुसार कराया गया होता तो पेयजल संकट की स्थिति पैदा नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी अभिलेखों में कार्य पूर्ण दिखाया गया है, लेकिन मौके की स्थिति कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जिन कार्यों के लिए सरकारी धन खर्च किया गया, क्या वे वास्तव में मानक के अनुरूप पूरे हुए या केवल कागजों तक सीमित रह गए। मामले को लेकर पंचायत प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने, भुगतान से संबंधित अभिलेखों की पड़ताल कराने तथा यदि अनियमितता पाई जाए तो जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# 12 जुलाई को धरती का होगा श्रृंगार, 25 से अधिक विभाग रोपेंगे 92.08 लाख पौधे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। वर्षाऋतु में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से ''वृक्षारोपण जन अभियान-2026'' के तहत सोमवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में अभियान की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। 12 जुलाई को होने वाले इस महाअभियान में 25 से अधिक विभाग मिलकर 92,08,800 पौधों का रोपण करेंगे। बैठक का सफल संचालन डीएफओ तापस मिहिर ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराने के व्यापक प्रबंध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि निर्धारित 92 लाख 8 हजार 800 पौधों तक ही सीमित न रहें। विभागीय परिसंपत्तियों में यदि पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और वह स्थान पौधरोपण के लिए उपयुक्त भी है तो लक्ष्य से अधिक पौधे भी रोपित कराने का प्रयास करें। बैठक में डीएम ने गड्ढा खुदान की स्थिति, पौध मांग पत्र प्रस्तुत करने की प्रगति की भी समीक्षा की और संबंधित विभागों को शेष मांग पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने अन्य विभागों को पौध आपूर्ति हेतु निर्गत किए गए आपूर्ति आदेश/इंडेंट की स्थिति की भी समीक्षा की तथा वन विभाग को समन्वय बनाकर समय से आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी चिन्हित रोपण स्थलों की जियो-टैगिंग की तैयारी की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक स्थल की सटीक लोकेशन एवं रिकॉर्डिंग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, जिससे पारदर्शिता एवं प्रभावी मॉनिटरिंग संभव हो सके। इसके अलावा डीएम ने सभी विभागों द्वारा वृक्षारोपण की रिपोर्टिंग व्यवस्था की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि हरितिमा अमृत वन एप से वृक्षारोपण की जियोटैगिंग की जाए। बैठक मे सीडीओ अभिषेक कुमार ने अभियान की रूपरेखा बताई।

## विभागवार पौधरोपित किए जाने का लक्ष्य एक नजर में

बैठक में डीएफओ तापस मिहिर ने बताया कि वर्ष 2026-27 में शासन द्वारा जनपद को 92 लाख 8 हजार 800 पौध पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। वन विभाग में दक्षिण खीरी वन प्रभाग 13 लाख एवं उत्तर खीरी वन प्रभाग 14.45 लाख सहित कुल 27,45,000 रहा। पर्यावरण विभाग 2.88 लाख, ग्राम्य विकास विभाग 33.26 लाख, राजस्व विभाग 3.33 लाख, रक्षा विभाग 11,000, पंचायतीराज विभाग 4.07 लाख, उद्योग विभाग 20,100, औद्योगिक विकास 19,400, नगर विकास विभाग 61,800, लोक निर्माण विभाग 26,000, सिंचाई विभाग (जल शक्ति विभाग) 28,000, नमामि गंगे 14,000, रेशम विभाग 33,000, कृषि विभाग 10.85 लाख, पशुपालन विभाग 35,000, सहकारिता विभाग 21,600, विद्युत विभाग (ऊर्जा विभाग) 21,600, माध्यमिक शिक्षा 36,000, बेसिक शिक्षा 41,000, प्राविधिक शिक्षा 11,000 एवं उच्च शिक्षा 44,200 दर्ज किया गया। इसी क्रम में श्रम विभाग 5,400, स्वास्थ्य विभाग 35,000, परिवहन विभाग 4,000, रेलवे विभाग 28,000, आवास विकास विभाग 10,900, उद्यान विभाग 5,01,000 तथा पुलिस विभाग (गृह विभाग) 16,800 का योगदान रहा। विभागीय स्तर पर सभी कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : शिकायतों का गुणवत्तापरक समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने तहसील गोला गोकर्णनाथ में ''संपूर्ण समाधान दिवस'' में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक पीड़ित की समस्या को गंभीरता से सुनकर समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता से स्वयं संवाद कर उनकी मनोदशा को समझते हुए सहायता प्रदान की जाए।

डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 84 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 47, पुलिस 11, आपूर्ति 07, विकास 04, विद्युत 03, बैंक 02, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन 01 और अन्य की 09 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, सीओ अरुण कुमार सिंह, महक शर्मा, पीडी डीआरडीए सतीश कुमार पाण्डेय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार भीमसेन सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सिंधौली थाने में दुष्कर्म के आरोपी की तबीयत बिगड़ी, मौत

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सिंधौली क्षेत्र की एक युवती ने अपने सौतेले पिता पर दुष्कर्म का आरोप लगाया और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस आरोपी को थाने बुलाया। जहां रात में आरोपी की थाने में तबियत बिगड़ गई। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर हालत देखकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसपी देहात ने थाने पहुंचकर मामले की जांच की है। एसपी देहात दीक्षा भंवरे ने बताया कि थाना सिंधौली क्षेत्र की एक युवती ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका सौतेला पिता लगातार तीन साल से दुष्कर्म कर रहा है। उसका विवाह होने के बाद भी वह लगातार अनैतिक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपी को थाने बुलाया। रात करीब डेढ़ बजे आरोपी की तबियत बिगड़ गई। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कालेज में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी देहात ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में सिंधौली पुलिस की जांच की जा रही है। लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# आबिद रजा ने कन्या इंटर कॉलेज में किया पौधरोपण गांव-गांव हरित अभियान चलाने का किया ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री एवं स्टार प्रचारक आबिद रजा ने कन्या इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आबिद रजा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। लगातार बढ़ते प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी उपाय अधिक से अधिक वृक्षारोपण है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरियाली के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व की आधारशिला हैं। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देने के लिए आज से ही व्यापक स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाने की आवश्यकता है। पूर्व मंत्री ने बताया कि वह गांव-गांव जाकर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नीम, जामुन और बरगद जैसे छायादार एवं जीवनदायी वृक्ष लगाने का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वृक्ष केवल ऑक्सीजन और छाया ही नहीं देते, बल्कि सामाजिक समानता और भाईचारे का भी प्रतीक हैं। जिस प्रकार ये पेड़ बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को समान रूप से छाया और शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, उसी प्रकार समाज में भी समानता, समरसता और आपसी सौहार्द की भावना मजबूत होनी चाहिए। आबिद रजा ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक युवा वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प ले, तो पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में हरियाली का नया इतिहास लिखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर, खेत, विद्यालय, सार्वजनिक स्थानों और खाली पड़ी भूमि पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित रखें। यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी और सच्ची सेवा होगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक पौधरोपण तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में पर्यावरण जागरूकता, हरियाली बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण बचाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील सभागार सम्भल में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस**

संभल (बहजोई)। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील सम्भल के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील सम्भल में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा वन महोत्सव 2026, के अंतर्गत तहसील परिसर में पौधा रोपण किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल,क्षेत्राधिकारी संभल कुलदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनपद में हुआ सहकारी सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून, 2026 से 06 जुलाई, 2026 तक मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के क्रम में विकास भवन सभागार में सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समितियों के सचिवों का सहकारी सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि तथा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष जेके सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इफको द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता के निर्देशन में किया गया। सम्मेलन में सहकारी समितियों के सचिवों को जैविक उर्वरकों एवं नैनो उर्वरकों के सफल प्रयोगों तथा उनके लाभों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त इफको द्वारा प्रतिभागियों को ड्रोन तकनीक के उपयोग एवं प्रशिक्षण की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता एवं जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जे0के0 सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ष्सहभागिता ही सहकारिता हैष् के मूल मंत्र को आत्मसात करने पर बल दिया तथा जनपद में सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सचिवों द्वारा समिति सदस्यों को भी प्रतिभाग कराया गया। सम्मेलन में सहकारिता विभाग के अधिकारियों, सहकारी समितियों के सचिवों एवं अन्य संबंधित प्रतिभागियों ने सहभागिता की। यह आयोजन सहकारिता की भावना को सशक्त बनाने, किसानों के हितों को आगे बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। -जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जे0के0 सक्सेना

## खबर का असर : मारपीट करने वाला पुलिसकर्मी लाइन हाजिर, होमगार्ड पर रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। थाना सहसवान क्षेत्र के मुन्नालाल चौराहा घास मंडी पर तैनात पुलिसकर्मियों की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वही वायरल वीडियो में, मोटर साइकिल चालक क़े गले में गमछा डाल क़े पीछे गिरने का मामला सामने आया है, वहीं चालक ने बचाव की कोशिश की तो थाना पुलिस ने उसी को थाने लेकर जाकर मार-पीटा का आरोप लगाया है, वहीं वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महक में में हड़कंप बचा हुआ था, वही कैनविज टाइम्स ने इस खबर को प्राथमिकता से छापा वहीं अधिकारियों ने जांच कराकर मारपीट करने वाला सिपाही लाइन हाजिर हुआ और होमगार्ड की


www.kanwhizztimes.com कैनविज टाइम्स

पुलिसकर्मी द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सहसवान क्षेत्र के मुन्नालाल चौराहा घास मंडी पर तैनात पुलिसकर्मियों की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वही वायरल वीडियो मे, मोटरसाइकिल चालक क़े गले में गमछा डाल के पीछे गिरने का मामला सामने आया है, वहीं चालक ने बचाव की कोशिश की तो थाना पुलिस ने उसी को थाने लेकर जाकर पीटा आरोप लगाया है, वहीं वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महक मे में हड़कप बचा हुआ है, वही एसपी ग्रामीण ने बताया कि जांच कर मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की जाएगी।

रिपोर्ट मुख्यालय भेजी गई। आपको बता दें कि तेजतर्रार एसएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिसकर्मी एवं होमगार्ड यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु जाम खुलवाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान जाम में फंसे एक स्कूटी चालक द्वारा जाम को जल्दी खुलवाने के लिए कहा गया,जिस बात को लेकर स्कूटी चालक एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के मध्य कहासुनी हो गई थी तथा डियूटी पर तैनात पुलिसकर्मी व होमगार्ड द्वारा अपने कर्त्वयों का निर्वहन ठीक प्रकार से नहीं किया गया। वहीं पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर किया गया है तथा संबंधित होमगार्ड के विरुद्ध कार्यवाही हेतु जिला कमांडेट होमगार्ड को रिपोर्ट प्रेषित की गई है। वहीं इस कार्रवाई को लेकर पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## 20 जुलाई तक कार्डधारकों को होगा खाद्यान्न का वितरण

बदायूँ। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जुलाई, 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न एवं चीनी का वितरण 06 से 20 जुलाई 2026 के मध्य कराया जाना है।

उन्होंने बताया कि उचितदर विक्रेताओं द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 21 कि0ग्रा0 गेहूँ, 14 कि0ग्रा0 चावल निःशुल्क वितरित किया जाएगा एवं 03 कि0ग्रा0 चीनी सःशुल्क वितरित की जायेगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अर्न्तगत पात्र गृहस्थी परिवारों प्रति यूनिट 03 कि0ग्रा0 गेहूँ, 02 कि0ग्रा0 चावल निःशुल्क वितरित किया जायेगा।

उन्होंने जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सूचित किया है कि वह इसके अनुसार अपने उचितदर विक्रेता से आवश्यक वस्तुये प्राप्त कर सकते हैं।

## शिकायतकर्ता की संतुष्टि व निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें अधिकारी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील दातागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व नवजात बच्चों का अन्नप्रासन संस्कार भी किया गया। शासन के निर्देशानुसार 02, 03 एवं 04 जुलाई 2026 को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) 2026 थी। इसलिए सम्पूर्ण समाधान दिवस 04 जुलाई 2026 प्रथम शनिवार को न होकर अगले कार्यदिवस सोमवार को तहसील दातागंज में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसके अतिरिक्त अन्य तहसीलों में भी निर्धारित रोस्टर के अनुसार सम्बंधित अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश कराने, आवास व छात्रवृत्ति की मांग सहित विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 52 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती एवं प्रार्थना पत्रों का सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गो सेवा ही सुशासन का आधार : निराश्रित गोवंश संरक्षण में उत्तर प्रदेश सरकार की संवेदनशील पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई)। आज कलक्ट्रेट सभागार में मा. उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग श्री महेश कुमार शुक्ल जी, एवं मा. सदस्य उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग श्री दीपक गोयल जी द्वारा गौ संरक्षण के संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उन्होंने प्रेस वार्ता के अन्तर्गत महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और समुचित देखभाल के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास कर रही है। राज्य सरकार गोसेवा को केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्तरदायित्व के रूप में लेकर विभिन्न योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में राज्य के विभिन्न जनपदों में 7,700 से अधिक गो-आश्रय स्थल संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित चारा, स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण हेतु प्रति गोवंश प्रतिदिन ?50 की दर से सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

गो-आश्रय स्थलों के संचालन में पारदर्शिता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए 5,446 गोशालाओं में 7,592 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। 247 निगरानी व्यवस्था के माध्यम से गोवंश की सुरक्षा, देखभाल एवं प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत अब तक 1,67,065 गोवंश इच्छुक एवं जिम्मेदार गोपालकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। योजना के तहत प्रति गोवंश ?50 प्रतिदिन की सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। इससे गोसंरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों की आय में भी वृद्धि हो रही है। जनपद सम्भल में भी गोसंरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में जनपद में 70 गो-आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 16,657 गोवंश का संरक्षण एवं पालन-पोषण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 2,802 गोपालकों ने सहभागिता योजना के अंतर्गत 5,070 गोवंश को अपनाकर सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम, 1955 के तहत गोवंश संरक्षण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। गोसंरक्षण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, गो-आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि निराश्रित गोवंश की सेवा एवं संरक्षण में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं सुशासन के सिद्धांतों के अनुरूप गोसंरक्षण के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है।

### ट्रॉली में उतरा करंट, युवक की मौत, पांच लोग झुलसे

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के सादपुर गांव में बरात के साथ आई रंगशाली की ट्रॉली से बिजली का तार छू गया, जिससे ट्रॉली में करंट फैल गया। करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। पांच लोग झुलस गए। आपको बता दें कि सहसवान थाना क्षेत्र के सादपुर गांव में रविवार रात शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया। करंट लगने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पांच अन्य लोग भी झुलस गए। मृतक की पहचान अपिल यादव के रूप में हुई है। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सादपुर गांव में रविवार रात आई बरात का स्वागत किया जा रहा था। गांव के लोग बरात के साथ आई रंगशाला को देखने में व्यस्त थे। रात करीब 11:30 बजे रंगशाला की ट्रॉली गांव के पास हाईटेंशन लाइन का तार से छू गई। तार छूते ही चिंगारी निकली और तेज आवाज हुई, जिससे भगदड़ मच गई। ट्रॉली में करंट दौड़ने से उस पर सवार अपिल यादव की जान चली गई। आसपास खड़े पांच लोग भी करंट की चपेट में आकर झुलस गए। वहां मौजूद लोगों ने लाठी-डंडों की मदद से अन्य लोगों को करंट से बचाया। इसके बाद विद्युत निगम को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद आपूर्ति बंद हुई। वहीं हादसे का मुख्य कारण बिजली के तारों का नीचा होना बताया जा रहा है। इसके साथ ही रंगशाला की ट्रॉली की ऊंचाई भी अधिक थी। सहसवान के सीओ ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई थी। मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराकर सोमवार सुबह ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं रंगशाला के साथ हुए इस हादसे के बाद बरातियों में खलबली मच गई। दूल्हा और दुल्हन दोनों पक्षों के लोग सकते में आ गए। झुलसे हुए लोगों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अब भी किसी औपचारिक शिकायत का इंतजार कर रही है। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। फैजगंज थाना क्षेत्र के सिसरका गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। छह माह पहले उसकी शादी हुई थी। मायके वालों ने पति व ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि फैजगंज थाना क्षेत्र के गांव सिसरका गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। छह माह पहले उसकी शादी हुई थी। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद ससुराली भाग गए हैं। मृतका के भाई ने बताया कि उनके बहनोई के किसी और महिला के साथ संबंध थे। बहन ने कई बार यह बात कही थी। उन्होंने बहनोई समेत अन्य ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। विवाहिता के भाई लोकेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बहन सीमा की शादी फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव सिसरका निवासी अंकित के साथ नवंबर 2025 में की थी। इसके बाद अंकित बहन को लेकर हिमाचल प्रदेश मजदूरी करने चला गया था। वहीं उसने सीमा को फंदे से लटका दिया। वहीं मौत के बाद उसे लेकर अपने गांव सिसरका आ गया। रविवार को उन्हें किसी ने घटना की सूचना दी तो वे लोग बहन के घर पहुंचे। वहां बहन का शव मिला। उसके ससुराल वाले भाग गए थे। भाई ने बहन के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जांच शुरू कर दी है।

### चौकी इंचार्ज की कार से भिड़ी व्यापारी की कार, व्यापारी घायल

बदायूँ। बिसौली रोड स्थित चिचेटा चौराहे पर रविवार दोपहर चौकी इंचार्ज रुदायन की सरकारी कार और एक शीशा व्यापारी की कार आपस में भिड़ गईं। हादसे में शीशा व्यापारी घायल हो गया। निजी अस्पताल में इलाज के बाद व्यापारी को छुट्टी दे दी गई। वहीं इस मामले में किसी भी पक्ष ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। बुलंदशहर के शिकारपुर निवासी शीशा व्यापारी रिजवान रविवार अपराह्न करीब दो बजे शीशे का ऑर्डर लेकर करनपुर जा रहे थे। चिचेटा चौराहे के पास उनकी कार सामने से आ रहे चौकी इंचार्ज रुदायन की कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि रिजवान के हाथ में चोट लग गई। उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल व्यापारी का आरोप है कि वह अपनी लेन में चल रहे थे, लेकिन सामने से आई चौकी इंचार्ज की कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। उनका कहना है कि हादसे के बाद पुलिस पहले उन्हें ही दोषी ठहराने लगी। मौके पर लोगों की भीड़ जुटने के बाद पुलिस का रवैया बदला और चौकी इंचार्ज उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के कुछ देर बाद ही पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को मौके से हटवा पास के एक कोल्ड स्टोर परिसर में खड़ा करा दिया। सूचना मिलने पर घायल व्यापारी के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पहले व्यापारी का सामान सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। बाद में उन्हें अपने साथ शिकारपुर ले गए। घटना के संबंध में अभी किसी पक्ष की ओर से पुलिस में लिखित शिकायत या मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है।

### समस्त परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को हुआ फलों का वितरण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत शासन द्वारा परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, संविलियन, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रत्येक सोमवार को फल वितरण कराए जाने के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में सोमवार को बच्चों को पंक्तिबद्ध करते हुए फलों का वितरण किया गया साथ ही स्वास्थ्य के लिए फलों का क्या महत्व है, इस विषय में शिक्षकों द्वारा बच्चों को विस्तार से बताया गया। फलों का वितरण कराया गया। शासन की निर्देशों के क्रम में सुव्यवस्थित ढंग से वितरित कराए जाने, स्वास्थ्य के लिए फलों के महत्व एवं बच्चों को हिंदी एवं अंग्रेजी में फलों के नाम कंठस्थ कराए जाने के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त शिक्षकों के द्वारा चित्र एवं चार्ट के माध्यम से फलों की पहचान कराते हुए उनके हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम कंठस्थ कराए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में फल वितरण शासन की महत्वाकांक्षी योजना हैं इसके द्वारा बच्चों के तन एवं मन का विकास होगा, फलों का स्वास्थ्य के लिए क्या महत्व है उनकी जानकारी होगी और निर्धारित पाठ्यक्रम के तहत फलों के नाम भी कंठस्थ होंगे।

### जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संभल (बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील सम्भल के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील सम्भल में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा वन महोत्सव 2026, के अंतर्गत तहसील परिसर में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल,क्षेत्राधिकारी संभल कुलदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय छात्रावास मौलागढ़ में आवेदन प्रारंभ

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। सत्र 2026-27 हेतु डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय छात्रावास, मौलागढ़, चंदौसी जनपद संभल में आवेदन प्रारंभ हो गए हैं आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में 48 सीटें हैं । छात्रावास में 70% अर्थात 34 सीटें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। 30% अर्थात 14 सीटें सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है यह छात्रावास केवल बालक वर्ग के लिए ही है । छात्रावास में प्रवेश हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से साइट पर किया जाना है। जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा । वह सभी बालक आवेदन कर सकते हैं जो सत्र 2026-27 में जनपद संभल में संस्थागत अध्यनरत हैं तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति प्राप्त करने के पात्र हैं। छात्रावास में छात्रों को ?25 प्रतिमाह अर्थात ?300 वार्षिक शुल्क जमा करना होता है। छात्रावास साफ-स्वच्छ, सुसज्जित, शुद्ध पेयजल, हवादार कमरों युक्त है। आवेदन करने की इच्छुक छात्र अधिक जानकारी के लिए प्रभारी छात्रावास अधीक्षक डॉ. एस. एन. शर्मा से मोबाइल नंबर 9758771971 पर संपर्क कर सकते हैं।

# भारत–नेपाल सीमा पर 13 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कैलाश चन्द रमोला, कमांडेंट, 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के कुशल निर्देशन मे मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने एक नेपाली तस्कर को 13 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। सीमा चौकी बलईगांव एवं थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर सीमावर्ती क्षेत्र में सघन चेकिंग एवं तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर एक नेपाली नागरिक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 13 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक एवं गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए थाना मोतीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है, जहां उसके विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एसएसबी एवं उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध गतिविधियों तथा सीमा पार अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से संयुक्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। दोनों एजेंसियां सीमा सुरक्षा के साथ-साथ नशामुक्त एवं सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं।

# पूर्व सपा विधायक पर दर्ज मुकदमे के वापस को लेकर, विशाल धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के करनैलगंज तहसील में क्षेत्र में सोम वार दोपहर एक बजे करीब समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कटरा विधान सभा के पूर्व सपा विधायक बैजनाथ दुबे के खिला फ दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया है।उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राज्यपाल को तीन सूत्रीय ज्ञाप न भेजा है।कटरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधाय क बैजनाथ दुबे के द्वारा श्री राम मंदिर चंदा चोरी से संबंधित एक आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने के बाद दर्ज किया गया था। फोटो में कथित तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दान पेटी लेक र भागते हुए और अखिलेश यादव को खींचते हुए दिखाया गया था। भाजपा नेता नीरज मौर्य ने इस मामले में शिकायत नगर कोतवाली में दर्ज कराई थी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक कटरा बाजार के इशारे पर नगर कोतवा ली में सच बोलने पर यह मुकदमा दर्ज कराया ग या है।समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ला,पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम अ वध गोस्वामी और पूर्व सपा विधायक प्रतिनिधि कुलदीप मणि श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गोंडा-लखनऊ राज्यमार्ग से तख्तियां लेकर करनैलगंज तहसील तक विरोध मार्च निकाला,करनैल गंज तहसील पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जिला प्र शासन, योगी सरकार और कटरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम अवध गोस्वामी ने कहा कि भाजपा अपनी हार के डर से पूर्व विधायक की छ वि धूमिल करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि चंदा चोरी पर सवाल पूछने पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाते हैं और राम के नाम पर बनी सरका र ने करोड़ों सनातनियों के साथ छल किया है।

**भाजपा ब्राह्मणों को बना रही है निशानाः कुलदीप**

पूर्व सपा विधायक प्रतिनिधि कुलदीप मणि श्रीवा स्तव ने कहा कि भाजपा लगातार ब्राह्मणों को नि शाना बना रही है,जबकि उनके अपने नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती।इस दौरान बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सपा इयों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा व्यव स्था के व्यापक के इंतजाम किए गए थे करनैलगं ज कोतवाल और सीओ करनैलगंज भी उपस्थित थे।

# बच्चों को नहीं मिला बालपोषाहार,फीडिंग के नाम पर सुविधा के नाम पर वसूली का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। सरकारी योजनाओं के धरातल पर उतरने के दावे और हकीकत में कितना फर्क है,इसका उदा हरण गोण्डा के कर्नलगंज क्षेत्र में देखने को मिला।

यहां ग्राम सभा पारा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर बच्चों के पोषाहार में गड़बड़ी और फीडिंग के नाम पर पैसे वसूलने का गंभीर आरोप लगा है।ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब दो वर्षों से आंगन बाड़ी केंद्र पर बच्चों को नियमित रूप से बाल पो षाहार नहीं दिया जा रहा।कई बार अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हु आ।मामला तब और बढ़ गया जब आंगनबाड़ी का र्यकत्री का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।वीडियो में फीडिंग के नाम पर पैसे लेने की बात कही जा रही है।वही वायरल वीडियो की कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता है।सोशल मी डिया पर वीडियो वायरल होने के बाद गांव में आ क्रोश है।ग्रामीण अमन सिंह ने कहा कि हमारे बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं।वही लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि बार-बार शिकायत की लेकि न कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पैसे मांगने का वीडियो भी सामने आ गया है।ग्रामीण वसुधा सिंह, लल्ली और ज्ञानवती आदि ने भी आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी केंद्र समय से नहीं खुलता और पो षाहार के नाम पर खानापूर्ति की जाती है।उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिला फ कार्रवाई की मांग की है।जिला प्रशासन व बाल विकास विभाग की ओर से इस मामले में कोई आ धिकारिक बयान सामने नहीं आया है।ऐसे में गंभी र सवाल उठ रहे हैं कि दो साल से पोषाहार न मि लने की शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई.....? निगरानी तंत्र कहां था..........? सुपरवाइजर और सीडीपीओ ने निरीक्षण क्यों नहीं किया..? फीडिंग के नाम पर सुविधा शुल्क के आरोपों की जांच क ब होगी..? सरकार के नियमानुसार 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र पर सप्ता ह में 6 दिन गर्म भोजन और टेक होम राशन दिया जाना अनिवार्य है।इसके लिए सरकार हर बच्चे पर प्रतिदिन खर्च भी करती है, लेकिन यहाँ तो ललाी पाप मिलता है।

# सोलर वाटर कूलर एवं आधुनिक शौचालय का जनपद न्यायाधीश ने किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जिला न्यायालय परिसर में सुविधा विस्तार से वादकारियों को मिलेगी राहत

बहराइच। जनपद न्यायालय परिसर, बहराइच में नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा स्थापित सोलर वाटर कूलर एवं आधुनिक शौचालय का लोकार्पण जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह द्वारा किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) पवन कुमार शर्मा, अपर जनपद न्यायाधीश राकेश सिंह, विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अरविन्द कुमार गौतम व अन्य न्यायिक अधिकारी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा टेकड़ीवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल, विद्वान अधिवक्तागण, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, समाज सेवी राघव टेकड़ीवाल, सभासद सुरेश गुप्ता, तम्सील अहमद वारसी, पुष्पनाथ तिवारी, राहुल दीक्षित, पुनीत गुप्ता एवं सीताराम यज्ञसैनी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

इस अवसर पर वक्तागण द्वारा नगर पालिका परिषद की इस पहल को न्यायालय परिसर में जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जनसुविधा के विस्तार से न्यायालय परिसर में दूर-दराज से आने वाले वादी-प्रतिवादियों, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों को अब किसी प्रकार की असुधिा नहीं होगी। शुद्ध पेयजल और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से विशेष रूप से गर्मी के मौसम में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम की अध्यक्षता आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस

**पुरासी गांव निवासी मायादेवी ने बताया कि वर्ष 2013 में उनका छब्बीस हजार तीन सौ नवासी रुपए बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काट दिया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज रायबरेली। उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम की अध्यक्षता आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुरासी गांव निवासी मायादेवी ने बताया कि वर्ष 2013 में उनका छब्बीस हजार तीन सौ नवासी रुपए बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। जिसके बाद अबतक कनेक्शन कटा हुआ है। फिर भी उनका लगातार बिल आ रहा है। फिर भी उनका कुल चार लाख से अधिक बकाया हो गया है। जिसके समाधान के लिए उपजिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देश दिए हैं। समाधान दिवस में आई 39 शिकायतों में पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। कुल शिकायतों में राजस्व विभाग की सबसे अधिक पच्चीस , पुलिस की नौ, विकास की दो व अन्य की तीन शिकायतें रही। समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम ने फरियादियों की शिकायतों के पारदर्शी व त्वरित निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा समेत अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आयुक्त ने सुनीं समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल ने पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तह सील तरबगंज में आयोजित जनसुनवाई में नागरि कों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।उन्होंने अधिका रियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली प्रत्ये क शिकायत का गुणवत्तापूर्ण,निष्पक्ष एवं समयब द्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जा ए,संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान आयुक्त ने 40 से अधिक फरियादियों की शिकायतें सुनीं।इनमें मुख्य रूप से राजस्व विवाद,चकमार्ग खुलवाने, आ युष्मान कार्ड बनवाने सहित विभिन्न विभागों से सं बंधित शिकायतें शामिल थीं।आयुक्त ने सभी प्रक रणों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबं धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा कहा कि प्रत्येक शिकायत का समाधान शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।आयुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमि कता है।उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का मौके पर सत्यापन कराते हुए निर्धारित समय,सीमा के भीतर उनका प्रभावी निस्तारण कराया जाए त था शिकायतकर्ता को भी की गई कार्रवाई से अव गत कराया जाए।जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने विशेष रूप से राजस्व विभाग के अधिकारियों को चकमार्गों की पैमाइश एवं पटाई के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बनाए रखने के लिए चक मार्गों को अतिक्रमणमुक्त कर उनकी पटाई का का र्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए,जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुवि धा न हो। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे तथा जनता की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी शि कायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्दे श दिए गए।

# पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह के आदर्शों को जीवंत रखना हम सबका कर्तव्य : स्मृति ईरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के पूर्व विधायक, जनप्रिय जननेता एवं संगठननिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने हेतु पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोमवार को उनके पैतृक आवास अचलपुर पहुंची।उन्होंने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त की। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अत्यंत भावुक शब्दों में स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह के साथ अपने आत्मीय संबंधों का स्मरण करते हुये कहा कि वर्ष 2014 में जब मैं पहली बार अमेठी की धरती पर चुनाव लड़ने आई थी तब दादा तेजभान सिंह प्रत्येक क्षण कंधे से कंधा मिलाकर मेरे साथ खड़े रहे। उनका स्नेह, मार्गदर्शन और संगठन के प्रति अद्वितीय समर्पण सदैव मेरी प्रेरणा बना रहेगा।उन्होंने कहा कि दादा तेजभान सिंह का संपूर्ण सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, संगठननिष्ठा, सादगी, ईमानदारी एवं जनकल्याण के उच्च आदर्शों से अनुप्राणित रहा। उनका व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों के लिये सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा तथा उनके विचारों और मूल्यों को अक्षुण्ण बनाये रखना हम सभी कार्यकर्ताओं का नैतिक दायित्व है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दिवंगत नेता के भतीजे राजेश सिंह एवं सुनील सिंह एवं पौत्र अभ्युदय सिंह शुभम सहित समस्त शोक संतप्त परिवारजनों को ढाढ़स बंधाते हुये हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह का जीवन जनसेवा, राष्ट्रनिष्ठा और संगठन के प्रति अविचल समर्पण का अनुपम उदाहरण था उनकी कर्मनिष्ठा, सरलता एवं लोकसेवा का प्रकाशपुंज सदैव समाज और कार्यकर्ताओं का पथ आलोकित करता रहेगा। इस मौके पर गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, राम प्रसाद मिश्रा, दुर्गेश त्रिपाठी, चंद्र मौलि सिंह, मनीष पाठक, शरद शंकर मिश्रा सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 21, 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित होगा समाधान समारोह

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आगामी 21, 22 एवं 23 अगस्त, 2026 को एक विशेष लोक अदालत (समाधान समारोह) का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 21 अप्रैल 2026 से हो चुकी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश ने वादकारियों को सुझाव दिया है कि पारिवारिक वाद (वैवाहिक विवाद), मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, चेक अनावरण (धारा 138 एन0आई0एक्ट) के मामले, भूमि अधिग्रहण संबंधी प्रकरण, आपराधिक सुलहनीय मामले, श्रम संबंधी विवाद तथा ऐसे अन्य मामले जिनका निस्तारण आपसी रजामंदी से किया जा सकता है, का निस्तारण कराकर समाधान समारोह का भरपूर लाभ उठायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने यह भी बताया कि इसके अतिरिक्त मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मा. कार्यपालक अध्यक्ष, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई 2026 को एन.आई. एक्ट की धारा-138 से संबंधित लम्बित वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय, बहराइच में विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया गया है। विशेष लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति जिसका एन.आई.एक्ट की धारा-138 से संबंधित वाद न्यायालय में लम्बित है ।

## महराजगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शिव सागर अवस्थी का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सोमवार को बार एसोसिएशन परिसर में शोकसभा आयोजित की गई**

महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शिव सागर अवस्थी के निधन पर सोमवार को बार एसोसिएशन परिसर में शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विधि एवं सामाजिक क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान को स्मरण किया। इस दौरान सर्वसम्मति से पांच दिवसीय शोक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके अंतर्गत सभी अधिवक्ता 6 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। आपको बता दें कि, 78 वर्षीय शिव सागर अवस्थी लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका उपचार लखनऊ के श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को शाम लगभग सात बजे उनका निधन हो गया। रविवार को पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। सोमवार को आयोजित शोकसभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सनेही यादव ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, शिव सागर अवस्थी केवल एक कुशल अधिवक्ता ही नहीं, बल्कि बार एसोसिएशन की गरिमा और अधिवक्ताओं के हितों के लिए सदैव समर्पित रहने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने लंबे विधिक जीवन में अनेक युवा अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन किया और न्यायिक व्यवस्था के प्रति उनकी निष्ठा सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने दिवंगत शिव सागर अवस्थी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि, 6 जुलाई 2026 से 10 जुलाई 2026 तक बार एसोसिएशन शोक अवधि में रहेगा और इस दौरान सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहेंगे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सनेही यादव ने बताया कि, यह निर्णय दिवंगत वरिष्ठ अधिवक्ता के प्रति सम्मान एवं शोक संवेदना व्यक्त करने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने कहा कि शिव सागर अवस्थी का निधन विधि जगत एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री ने पीलीभीत रेलवे स्टेशन से टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस रेल सेवा का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी श्री जितिन प्रसाद जी ने पीलीभीत क्षेत्र के रेल नेटवर्क और यात्रियों की सुविधाओं के दृष्टिगत पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर पर आयोजित एक भव्य समारोह में दो अत्यंत महत्वपूर्ण रेल सेवाओं की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने हरी झण्डी दिखाकर टेझ्नों का शुभारम्भ किया। केन्द्रीय मंत्री ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगत देते हुए टनकपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस के नए संचालन की शुरूआत की। केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णण द्वारा ट्रेन को हरी झण्डी दिखाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण को देखा गया। यह ट्रेन टनकपुर से चलकर सिख तीर्थस्थल हुजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र तक जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं और आम यात्रियों को लम्बी दूरी की यात्रा से अभूतपूर्ण सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि नांदेड-टनकपुर-नांदेड साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन नांदेड से 12 जुलाई से प्रत्येक रविवार को तथा टनकपुर से 14 जुलाई से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि टनकपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस के संचालन से लम्बी दूरी की इस टेझ्न से उत्तर भारत और पश्चिमी/मध्य भारत के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय यात्रियों की मांग को पूरा करते हुये।टनकपुर-पीलीभीत पैसेंजर रेलगाडी के शाहजहांपुर तक विस्तार कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अब यह पैसेंजर पीलीभीत से आगे शाहजहांपुर तक जाएगी, जिससे पीलीभीत और शाहजहांपुर के बीच दैनिक आवागमन करने वालों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि टनकपुर-पीलीभीत पैसेजर का शाहजहॉपुर तक विस्तार होने से स्थानीय परिवहन का ढांचा सुदृढ़ होगा।इस दौरान विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य,विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 आस्था अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे हैं।

# अखिलेश यादव पर करारा हमला, पहले खुद दर्शन करिए, फिर ज्ञान दीजिए : मंत्री मनोज पांडेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे योगी सरकार के मंत्री मनोज पांडेय ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि दूसरों को नसीहत देने से पहले व्यक्ति को खुद उसका पालन करना चाहिए। उन्होंने सवाल दागा कि जो लोग मंदिर जाने पर ज्ञान बांट रहे हैं, वे खुद आज तक अयोध्या में रामलला के दर्शन करने क्यों नहीं पहुंचे? अमहट चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह वैसा ही है जैसे कोई शिक्षक खुद सिगरेट पीते हुए दूसरों को सिगरेट छोड़ने का उपदेश दे। मंत्री यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास रामभक्तों पर गोली चलवाने वालों, रामचरितमानस का अपमान करने वालों और सनातन पर सवाल उठाने वालों के साथ खड़े होने का रहा है। कारसेवकों पर हुई गोलीबारी का जिक्र करते हुए उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मनोज पांडेय ने दावा किया कि सनातन और देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी तरह सुरक्षित हाथों में हैं। ऐसे लोगों के ज्ञान की देश को कोई जरूरत नहीं है।

विकास कार्यों पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए अभियान चला रही है। राशन कार्ड से वंचित लोगों के कार्ड बनाए जाएंगे और जिन ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन नहीं बने हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराया जायेगा ।

# हाईवे पर दर्दनाक हादसा पानी भरने जा रही फूल विक्रेता जसोदा देवी को कार ने कुचला, मौत चालक हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर के पास रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में फूल बेचकर परिवार का पालन-पोषण करने वाली 30 वर्षीय जसोदा देवी पुत्री लक्ष्मण प्रसाद की दर्दनाक मौत हो गई हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है जानकारी के अनुसार, मूल रूप से उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जनपद की रहने वाली जसोदा देवी अपने रिश्तेदारों के साथ मोहनपुर के पास हाईवे किनारे झोपड़ी डालकर फूल बेचने का काम करती थीं रविवार रात करीब 10 बजे वह सड़क पार कर नल से पानी भरने जा रही थीं तभी खुटार रोड की ओर से तेज रफ्तार वैगनआर कार (क्ख्र 5एठ्ठ 0256) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी हादसे में गंभीर रूप से घायल जसोदा देवी को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कार सवार मौके से निकलने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों और अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने उनका पीछा कर रोक लिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए चालक अरुण पुत्र सत्य नारायण, निवासी चरखी दादरी (हरियाणा) को हिरासत में ले लिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अमेठी में कंग्रेस द्वारा सात जुलाई को निकाली जायेगी सदबुद्धि पदयात्रा

अमेठी,उत्तर प्रदेश कंग्रेस कमेटी के आहवाहन पर आगामी सात जुलाई को आयोजित होने वाली ''सदबुद्धि पदयात्रा'' की तैयारियों को लेकर सोमवार को गौरीगंज स्थित केंद्रीय कंग्रेस कार्यालय में जिला कंग्रेस कमेटी की मासिक बैठक एवं तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की।बैठक में निर्णय लिया गया कि सदबुद्धि पदयात्रा केंद्रीय कंग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर बस स्टॉप, गौरीगंज कोतवाली, जीजीआईसी स्कूल,चौक बाजार,डाकघर,फल मंडी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, स्टेशन तिराहा एवं हनुमान तिराहा होते हुये पुनः केंद्रीय कंग्रेस कार्यालय पर सम्पन्न होगी।बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि इस पदयात्रा में हजारों कंग्रेसजन एवं आमजन शामिल होकर सदबुद्धि पारदर्शिता तथा जनभावनाओं के सम्मान का संदेश देंगे।कार्यक्रम की सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुये विभिन्न पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां भी सौंपी गई।

# भाजपा नेताओं ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन से हुआ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज हैं। उन्होंने अखंड भारत बनाने के लिए एक विधान एक निशान और एक प्रधान का नारा दिया इसी ध्येय के लिए कार्य करते हुए षड्यंत्र करके तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उनकी हत्या करा दी।उन्होंने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पथ प्रदर्शक है उनकी जीवनशैली और विचारधारा को हम सभी को अपने आचरण में चरितार्थ करना चाहिए।इस अवसर पर जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा,जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार,जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा,प्रेम शंकर वर्मा , हेमराज दिवाकर, राजेश शर्मा,गोविंद पासवान,राम खिलावन ,अर्जुन , ऋषभ कश्यप उपस्थित रहे हैं।

## सपा नेता राजकुमार राजू आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे, कर रहे लगातार जनसंपर्क

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सक्रिय हो गए हैं। पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी ग्रामीण इलाकों का दौरा कर वे जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं। गांव-गांव जाकर लोगों का हालचाल जानने के साथ-साथ उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान का प्रयास कर रहे हैं। वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार राजू ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों, नौजवानों और महिलाओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार ने हमेशा गरीबों और वंचितों के हित में काम किया है। उन्होंने ग्रामीणों को लैपटॉप वितरण, कन्या विद्या धन, समाजवादी पेंशन और 108/102 एम्बुलेंस सेवा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।जनसंपर्क के दौरान लोग बिजली की कटौती, खराब सड़कें, स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी और सिंचाई की समस्या लेकर उनके पास पहुंच रहे हैं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू ने आश्वासन दिया कि सपा की सरकार बनते ही इन समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा।कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता राजकुमार राजू का कहना है कि जनता का विश्वास ही सपा की सबसे बड़ी ताकत है और 2027 में जनता बदलाव के लिए तैयार है।

## बुलेट साइलेंसर कार्रवाई पर उठे सवाल, आरटीआई के जरिए यातायात पुलिस से मांगा कानूनी आधार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चलाए जा रहे यातायात पुलिस के अभियान को लेकर अब सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत जवाब मांगा गया है हिन्दू जागरण मंच के नगर संयोजक एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर उपाध्यक्ष ऋषिकांत कनौजिया ने जनसूचना अधिकारी, यातायात पुलिस पीलीभीत को आरटीआई आवेदन भेजकर अभियान की वैधानिक प्रक्रिया और कानूनी आधार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां मांगी हैं आरटीआई आवेदन में कहा गया है कि पिछले कई महीनों से यातायात पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान रॉयल एनफील्ड बुलेट समेत अन्य वाहनों के मॉडिफाइड साइलेंसर मौके पर ही उतरवाकर जब्त कर रही है ऐसे में आवेदक ने यह जानना चाहा है कि पुलिस को मौके पर ही वाहन से साइलेंसर निकलवाने का अधिकार किस कानून, शासनादेश, विभागीय सर्कुलर अथवा न्यायालय के आदेश से प्राप्त है इसकी प्रमाणित प्रति भी मांगी गई है 53 मॉडिफाइड साइलेंसर नष्ट किए जाने का उल्लेख करते हुए पूछा गया है कि जिन वाहन स्वामियों के साइलेंसर जब्त किए गए, क्या उन्हें जब्ती रसीद या कोई कानूनी पावती दी गई थी साथ ही संबंधित वाहन स्वामियों, कार्रवाई की तिथि और कार्रवाई करने वाले पुलिस अधिकारियों का प्रमाणित विवरण भी मांगा गया है आरटीआई में यह सवाल भी उठाया गया है कि क्या किसी यातायात पुलिस कर्मी को बिना अधिकृत मैकेनिक के बीच सड़क पर वाहन के पुर्जे खोलने या हटाने का कानूनी अधिकार है इसके संबंध में विभागीय नियमावली की प्रति तथा यदि किसी अधिकृत मैकेनिक की सेवाएं ली गईं तो उसका विवरण भी उपलब्ध कराने की मांग की गई है इसके अलावा पिछले एक वर्ष में जब्त किए गए अवैध साइलेंसरों को रोड रोलर से नष्ट करने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश की प्रमाणित प्रति भी मांगी गई है आवेदक ने यह भी कहा है कि यदि मांगी गई सूचना संबंधित विभाग के पास उपलब्ध नहीं है तो सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के तहत आवेदन को निर्धारित समय सीमा में संबंधित लोक प्राधिकारी को स्थानांतरित किया जाए इस आरटीआई आवेदन के बाद अब निगाहें यातायात पुलिस के जवाब पर टिकी हैं यदि विभाग निर्धारित समय के भीतर सूचना उपलब्ध कराता है तो मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चल रही कार्रवाई की कानूनी प्रक्रिया और प्रशासनिक अधिकारों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

## बिना आवेदन बिजली लोड बढ़ाने का आरोप, व्यापार मंडल ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रजि. पूरनपुर ने बिजली उपभोक्ताओं का स्वीकृत विद्युत लोड बिना आवेदन और पूर्व सूचना के बढ़ाए जाने का आरोप लगाते हुए अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड को ज्ञापन सौंपा संगठन ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त फिक्स चार्ज और अन्य शुल्कों का आर्थिक बोझ पड़ रहा है जिलाध्यक्ष नितिन वर्मा ने बताया कि पिछले कुछ समय से कई घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं का लोड उनकी सहमति के बिना बढ़ा दिया गया है, जिसके चलते बिजली बिल भी बढ़कर आ रहे हैं व्यापारियों का कहना है कि पहले से व्यापार मंदी की मार झेल रहा है, ऐसे में यह अतिरिक्त आर्थिक भार अनुचित है व्यापार मंडल ने मांग की है कि जिन उपभोक्ताओं का लोड बिना आवेदन बढ़ाया गया है, उसे तत्काल पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए तथा बढ़े हुए गलत बिजली बिलों को निरस्त कर संशोधित बिल जारी किए जाएं संगठन ने जनहित में मामले का शीघ्र समाधान करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन किया जाएगा।

## नाज़िया इलाही ल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन, प्रशासन के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नाज़िया इलाही खान द्वारा कथित रूप से इस्लाम धर्म, हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम, उम्मुल मोमिनीन हज़रत आयशा सिद्दीका रज़ियल्लाहु अन्हा तथा अन्य धार्मिक हस्तियों के संबंध में दिए गए कथित आपत्तिजनक बयानों के विरोध में शनिवार को पूरनपुर तहसील परिसर में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा प्रदर्शनकारियों ने मामले में निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की प्रदर्शनकारियों ने गृह मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से सौंपते हुए आरोप लगाया कि नाज़िया इलाही खान सोशल मीडिया, टीवी डिबेट और अन्य सार्वजनिक मंचों पर लगातार इस्लाम धर्म, मुसलमानों और धार्मिक प्रतीकों के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक एवं भड़काऊ टिप्पणियां कर रही हैं, जिससे करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है ज्ञापन में मांग की गई कि संबंधित सभी वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि जांच में आरोप सही पाए जाएं तो उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी प्रशासनिक एवं कानूनी कदम उठाने की भी मांग की गई धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रशासन की ओर से तहसीलदार आशीष गुप्ता एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में हरियाणा के पानीपत में एफआईआर पहले से दर्ज है तथा वहां की न्यायालय में भी कार्यवाही चल रही है उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदर्शनकारियों का विरोध एवं ज्ञापन शनिवार तक विधिवत रिसीव कर संबंधित स्तर पर भेज दिया जाएगा प्रशासन के इस आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया इस दौरान संजय खान, हाफिज़ नूर अहमद अज़हरी, हाफिज़ ज़ाकिर खान, हाफिज़ अरबाज़, हाफिज़ हसीब, मौलाना आमिर खान, मौलाना तौसीफ़ बुख़ारी, शाहिद खान लल्ला, जमीर अहमद, उस्मान शाह सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे है।

# किसान एसोसिएशन ने रिपोस्टिंग खेल की खोली पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ग्राम पंचायत अधिकारीका ट्रांसफर रुकते ही जिलाध्यक्ष ने सीडीओ से की शिकायत!**

सुल्तानपुर। किसान एसोसिएशन ने ग्राम विकास अधिकारी की रिपोस्टिंग की सूचना पर हरकत में आ गयी है।संगठन के जिलाध्यक्ष सूर्यनाथ सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर ट्रांसफर नीति का भंडाफोड़ कर मामले की पोल खोल दी है। पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत अधिकारी प्रकाश मिश्र का कूरेभार विकास खण्ड में प्रस्तावित रिपोस्टिंग पर पर लगाते हुए ब्लॉक से अन्यत्र ट्रांसफर किया जाए। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा को पंचायती राज विभाग में प्रकाश मिश्र ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत है। प्रकाश मिश्र ने अपनी कुल सेवा अवधि का 90ः से अधिक समय लगभग 12 वर्षों से अधिक का समय विकास खण्ड कूरेभार में कार्यरत रहे है। वर्तमान तबादला सत्र में श्री मिश्र का स्थानान्तरण वि0ख0 कूरेभार से विकास खण्ड जयसिंहपुर में किया गया है। किसान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने कहा है कि उनके विश्वस्त सूत्रों के अनुसार स्थानान्तरित ग्रा0पं0अ0 प्रकाश मिश्र को पुनः कूरेभार विकास खण्ड में रिपोस्टिंग पर स्थानान्तरित करने की तैयारी है जो कि स्थानान्तरण नीति का खुला उलंघन है। साथ ही मानवीय दृष्टिकोण के पूरी तरह विपरीत है एवं सरकार की मंशा के प्रतिकूल है। मुख्य विकास अधिकारी से कहा गया है कि उक्त प्रकरण को व्यक्तिगत रुप से संज्ञान में लेते हुए प्रकाश मिश्र ग्राम पंचायत अधिकारी की कूरेभार विकास खण्ड में रिपोस्टिंग रोकने हेतु समुचित निर्देश पारित करने की कृपा करें।

# सीएम योगी के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

**तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आज प्रस्तावित सुल्तानपुर दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस विभाग ने पूरी कार्यकुशलता के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया है। मुख्यमंत्री पुलिस लाइन ग्राउंड में हेलीकॉप्टर से पहुंचने के बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और फिर सर्कस ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी को देखते हुए बैठने, सुरक्षा, यातायात और पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। कार्यक्रम स्थल पर 2424 फीट का मुख्य मंच तैयार किया गया है तथा मंच के सामने सुरक्षा मानकों के अनुरूप पर्याप्त सुरक्षित क्षेत्र बनाया गया है। आमजन के लिए तीन बड़े ब्लॉकों में तीन हजार से अधिक कुर्सियां लगाई गई हैं। विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए छह खंडों में 12 स्टॉल भी तैयार किए गए हैं। गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल पर 60 कूलर, 80 पंखे और मुख्यमंत्री के मंच के निकट उच्च क्षमता वाले एयर कंडीशनर लगाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त इंतजाम करते हुए चार सेफ हाउस भी बनाए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए 11 रूट निर्धारित किए गए हैं तथा विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन के अनुसार जनसभा में लगभग 10 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम से पूर्व अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं का अंतिम निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

# कांग्रेसियों ने पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि मनाई,दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिला कंग्रेस कमेटी कार्यालय में सोमवार को भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कंग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया। कार्यक्रम में कंग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष सहित पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कंग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्रा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम भारतीय राजनीति और कंग्रेस के सबसे वरिष्ठ एवं प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कंग्रेस में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया और लंबे समय तक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हिस्सा रहे। वे कंग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य रहे तथा केंद्र में कंग्रेस सरकारों में श्रम, संचार, रेल, खाद्य एवं कृषि तथा रक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का नेतृत्व किया। उनका संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए समर्पित रहा।

## पल्सर सवार दो युवक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

अमेठी । थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत सोमवार को थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पल्सर मोटरसाइकिल सवार विपिन पुत्र सीताराम निवासी ग्राम रंगवा मजरे मटियारी थाना भाले सुल्तान शहीद जनपद अमेठी,अमन पुत्र पांचू निवासी पूरे जबर मजरे अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।पल्सर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 44 बी एक्स 2555 के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में विपिन के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस व अभियुक्त अमन के कब्जे से एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के प्रभारी निरीक्षक अजयेन्द्र पटेल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## सम्पादकीय

# जानलेवा मैनहोल

मानसून की बारिश जहां किसानों के लिये राहत लेकर आती हैं, वहीं तंत्र की काहिली और भ्रष्टाचार की पोल भी खोल देती है। मानसून की शुरुआती बारिश ने एक बार फिर सार्वजनिक संरचनाओं की जानलेवा खामियों को ही उजागर किया। मुंबई में बारिश के पानी में नजर न आने वाले एक खुले मैनहोल में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं हाल ही में खुले बहुचर्चित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे ने पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की बदहाली उजागर कर दी। ये घटनाएं हमें बताती हैं कि बारिश के मौसम में स्थानीय निकायों की लापरवाही व खराब इंजीनियरिंग के चलते कैसे लोगों का जीवन जोखिम में पड़ जाता है। निस्संदेह, मुंबई में हुए हादसे को रोका जा सकता था। कथित साफ-सफाई के बाद लापरवाही से खुला छोड़ा गया मैनहोल तब जानलेवा बन गया, जब बारिश के पानी से ढका खुला मैनहोल नजर नहीं आया। निस्संदेह, दुर्घटना के बाद अधिकारियों को निलंबित करना और ठेकेदार को काली सूची में डालना, फौरी तौर पर सही कदम है, लेकिन सवाल यह है कि हादसे होने के बाद ही ऐसे कदम क्यों उठाये जाते हैं? पहले से ही नागरिकों की सुरक्षा के लिये चाक-चौबंद व्यवस्था क्यों नहीं होती? कायदे से किसी सड़क पर मैनहोल खोलने से पहले बैरिकेड्स लगाने, चेतावनी देने वाले संकेत और अस्थायी कवर से ढकना बुनियादी सुरक्षा उपाय हैं। जिन्हें अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बीते साल भी दिल्ली में भारी बारिश के दौरान स्कूटर फिसलने से एक महिला और उसका तीन साल का बेटा पानी से भरे नाले में बह गये थे। ये असुरक्षित ड्रेनेज संरचना की घातकता को ही दर्शाता है। विडंबना है कि हमारा तंत्र सालभर सोया रहता है और जब बरसात शुरू होने को होती है, तब मरम्मत- नालों की सफाई के काम की औपचारिकता पूरी करता है। निस्संदेह, संबंधित विभागों के अधिकारियों की सर्वकालिक जवाबदेही तय की जानी चाहिए। फिर किसी भी तरह की लापरवाही होने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के धंसने की घटना भी एक चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। यह निर्विवाद सत्य है कि कोई सड़क बारिश आने के कारण रातों-रात नहीं धंसती है। इसमें सड़क निर्माण के दौरान सतर्कता की अनदेखी भी शामिल है। दरअसल, सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी की कारगर व्यवस्था न होने, मिट्टी की स्थिरता सुनिश्चित न करने और निर्माण में गुणवत्ता की कमी से ही बरसाती पानी सड़क की सतह के नीचे मिट्टी को धीरे-धीरे काटने लगता है। कालांतर यह मिट्टी का कटाव ही सड़क धंसने की वजह बन जाता है। साल 2024 में बिहार में पुलों के ढहने की शृंखला ने भी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग की हकीकत बतायी थी। इसी तरह की चिंताएं अकसर सामने आती हैं जब आधुनिक कहे जाने वाले महानगरों बेंगलुरू और मुंबई में हर मानसून में सड़कों में बने गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इतना ही नहीं इससे यातायात में भी अराजकता व व्यवधान पैदा होता है। बहरहाल, इन सभी घटनाओं के मूल में एक बात तो समान है कि स्थानीय निकाय व प्रशासन जोखिमों का समय रहते अनुमान नहीं लगा पाते हैं। यह तथ्य सभी अधिकारी जानते हैं कि एक निश्चित समय पर मानसून आता है। बाकायदा समय-समय पर सूचना माध्यमों में मौसम विभाग द्वारा मानसून की भविष्यवाणी की जाती है। लेकिन अधिकारी तब जागते हैं जब स्थितियां जटिल हो जाती हैं। वे इन हालातों को अप्रत्याशित आपात स्थिति के रूप में दर्शाने का प्रयास करते हैं। दरअसल,कई स्तरों पर होने वाली कमीशनखोरी व राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते अकसर ठेकेदारों की जवाबदेही तय नहीं की जाती है। विडंबना यह भी है कि निरीक्षण भी अक्सर खानापूर्ति जैसा ही होता है। वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक संरचना का रखरखाव भी निवारक के बजाय प्रतिक्रियात्मक ही रहता है। वास्तव में कारगर समाधान के लिये जरूरी है कि मानसून से पहले सुरक्षा उपायों को संस्थागत ढंग से सुनिश्चित किया जाए, इंजीनियरिंग मानकों को सख्ती से लागू किया जाए, गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच हो और ठेकेदार को कानूनी रूप से जवाबदेह बनाया जाए। दुर्घटना होने के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय यह सुनिश्चित हो कि ऐसी घटनाएं हो ही न पाएं।

# विकास की धंसती सड़कें और भ्रष्टाचार की गहरी नींवें

जिस दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को आधुनिक भारत के तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया, उसकी सड़क उद्घाटन के महज ढाई महीने बाद पहली ही बरसात में धंस गई। सड़क इस तरह धंसी कि कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे छिपी कड़वी सच्चाई को उजागर कर दिया। प्रश्न यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क पहली ही वर्षा का सामना क्यों नहीं कर सकी? क्या निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया? क्या जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं थी? या फिर यह भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही के अभाव का परिणाम है? यह कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में नई सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों और सार्वजनिक भवनों के ध्वस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों का गिर जाना पूरे देश को झकझोर गया था। एक ही दिन पांच पुल-पुलियों का धराशायी होना केवल तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार का जीवंत प्रमाण था। गुजरात के मोरबी पुल हादसे में 135 लोगों की जान चली गई। कोलकाता के विवेकानंद फ्लाईओवर के गिरने से अनेक परिवार उजड़ गए। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत गिरने की घटना और मुंबई के घाटकोपर में विशाल होर्डिंग गिरने से हुई मौतों ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता गंभीर संकट से गुजर रही है। इन घटनाओं को केवल प्राकृतिक आपदा या भारी वर्षा का परिणाम बताकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता। यदि पहली ही बारिश में सड़क धंस जाए, पुल बह जाएं या भवनों की छतें गिर जाएं, तो यह प्रकृति की नहीं, बल्कि मानव निर्मित विफलता की एवं गहरे में पैठे भ्रष्टाचार की कहानी है। आधुनिक इंजीनियरिंग और तकनीक के इस युग में ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं। यह विकास नहीं, बल्कि विकास के नाम पर जनता के साथ किया गया विश्वासघात है। सड़कें और पुल किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति की धमनियां होते हैं। इनके माध्यम से व्यापार चलता है, गांव शहरों से जुड़ते हैं, किसान अपनी उपज बाजार तक पहुंचाते हैं और आम नागरिक सुरक्षित आवागमन करते हैं। जब यही आधारभूत संरचनाएं असमय ध्वस्त होने लगें, तो केवल कंक्रीट और लोहे का ढांचा नहीं टूटता, बल्कि जनता का शासन और प्रशासन पर विश्वास भी टूटता है। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सड़क धंसने के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर और टीम लीडर को निलंबित किया तथा निर्माण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या केवल निलंबन से समस्या का समाधान हो जाएगा? अनुभव बताता है कि अधिकांश मामलों में निलंबित अधिकारी कुछ समय बाद बहाल हो जाते हैं या उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है। जिन कंपनियों को काली सूची में डाला जाता है, वे कुछ समय बाद नए नाम से फिर सरकारी ठेके प्राप्त करने लगती हैं। परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार का चक्र लगातार चलता रहता है। वास्तविक समस्या जवाबदेही के अभाव की है। निर्माण की प्रत्येक प्रक्रिया-डिजाइन, सामग्री, तकनीकी परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं होती। जब दोषियों को कठोर दंड नहीं मिलता, तब भ्रष्टाचार को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिल जाता है। यही कारण है कि हर वर्ष बरसात के साथ सड़कें उखड़ती हैं, पुलों में दरारें पड़ती हैं और करोड़ों रुपये की परियोजनाएं समय से पहले दम तोड़ देती हैं। देश में सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं का बड़ा हिस्सा कमीशनखोरी और रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। ठेके हासिल करने से लेकर बिलों के भुगतान तक अनेक स्तरों पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। जब परियोजना की लागत का बड़ा भाग अवैध लेन-देन में खर्च हो जाता है, तब निर्माण की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। घटिया सामग्री का उपयोग, तकनीकी मानकों की अनदेखी और समय सीमा का दबाव मिलकर ऐसी संरचनाएं तैयार करते हैं जो पहली ही परीक्षा में असफल हो जाती हैं। विडंबना यह भी है कि प्रत्येक दुर्घटना के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, रिपोर्टें तैयार होती हैं, मुआवजे घोषित होते हैं, लेकिन व्यवस्था में कोई मूलभूत परिवर्तन नहीं आता। दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध मुकदमे वर्षों तक लंबित रहते हैं। जनता का आक्रोश धीरे-धीरे शांत हो जाता है और फिर कोई नई दुर्घटना उसी कहानी को दोहरा देती है। विकसित देशों में भी दुर्घटनाएं होती हैं, किंतु वहां प्रत्येक हादसे के बाद प्रणालीगत सुधार किए जाते हैं। भारत में सुधार की अपेक्षा लीपापोती अधिक दिखाई देती है। अब समय आ गया है कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए पूरी व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया जाए। प्रत्येक परियोजना के लिए स्वतंत्र थर्ड-पार्टी गुणवत्ता ऑडिट अनिवार्य किया जाए। निर्माण सामग्री की डिजिटल ट्रैकिंग, प्रत्येक चरण का तकनीकी सत्यापन तथा ड्रोन और आधुनिक सेंसर आधारित निरीक्षण को व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाए। परियोजना पूरी होने के बाद केवल उद्घाटन नहीं, बल्कि निश्चित अवधि तक उसके प्रदर्शन का भी वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता यह है कि दोषी अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों की व्यक्तिगत एवं आर्थिक जवाबदेही तय हो। यदि उनकी लापरवाही से जनहानि होती है या सार्वजनिक धन की बर्बादी होती है, तो केवल निलंबन नहीं, बल्कि सेवा से बर्खास्तगी, आर्थिक दंड और आपराधिक मुकदमे जैसी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जब तक भ्रष्टाचार की कीमत चुकानी नहीं पड़ेगी, तब तक भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होगा। भारत आज विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवे, आर्थिक गलियारे, हाई-स्पीड रेल, आधुनिक हवाई अड्डे और स्मार्ट शहर तभी सार्थक होंगे, जब उनकी नींव ईमानदारी, गुणवत्ता और पारदर्शिता पर आधारित होगी। विकास का अर्थ केवल नई परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं, बल्कि उनका वर्षों तक सुरक्षित और टिकाऊ बने रहना भी है। आज आवश्यकता केवल नई सड़कें और पुल बनाने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने की है जिसमें कोई भी सड़क पहली बारिश में न धंसे, कोई पुल उद्घाटन से पहले न गिरे और कोई हवाई अड्डा यात्रियों के लिए खतरा न बने। भ्रष्टाचार की गहरी नींव पर विकास की मजबूत इमारत कभी खड़ी नहीं हो सकती। यदि भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र बनना है, तो विकास की चमक के साथ उसकी गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को भी राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। तभी जनता का विश्वास बचेगा, सार्वजनिक धन सुरक्षित रहेगा और विकास का मार्ग सचमुच मजबूत एवं स्थायी बन सकेगा। -ललित गर्ग

देश में सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं का बड़ा हिस्सा कमीशनखोरी और रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। ठेके हासिल करने से लेकर बिलों के भुगतान तक अनेक स्तरों पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। जब परियोजना की लागत का बड़ा भाग अवैध लेन-देन में खर्च हो जाता है, तब निर्माण की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। घटिया सामग्री का उपयोग, तकनीकी मानकों की अनदेखी और समय सीमा का दबाव मिलकर ऐसी संरचनाएं तैयार करते हैं जो पहली ही परीक्षा में असफल हो जाती हैं। विडंबना यह भी है कि प्रत्येक दुर्घटना के बाद जांच समितियां गठित होती हैं, रिपोर्टें तैयार होती हैं, मुआवजे घोषित होते हैं, लेकिन व्यवस्था में कोई मूलभूत परिवर्तन नहीं आता। दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध मुकदमे वर्षों तक लंबित रहते हैं। जनता का आक्रोश धीरे-धीरे शांत हो जाता है और फिर कोई नई दुर्घटना उसी कहानी को दोहरा देती है। विकसित देशों में भी दुर्घटनाएं होती हैं, किंतु वहां प्रत्येक हादसे के बाद प्रणालीगत सुधार किए जाते हैं। भारत में सुधार की अपेक्षा लीपापोती अधिक दिखाई देती है। अब समय आ गया है कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए पूरी व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया जाए। प्रत्येक परियोजना के लिए स्वतंत्र थर्ड-पार्टी गुणवत्ता ऑडिट अनिवार्य किया जाए। निर्माण सामग्री की डिजिटल ट्रैकिंग, प्रत्येक चरण का तकनीकी सत्यापन तथा ड्रोन और आधुनिक सेंसर आधारित निरीक्षण को व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाए। परियोजना पूरी होने के बाद केवल उद्घाटन नहीं, बल्कि निश्चित अवधि तक उसके प्रदर्शन का भी वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता यह है कि दोषी अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों की व्यक्तिगत एवं आर्थिक जवाबदेही तय हो। यदि उनकी लापरवाही से जनहानि होती है या सार्वजनिक धन की बर्बादी होती है, तो केवल निलंबन नहीं, बल्कि सेवा से बर्खास्तगी, आर्थिक दंड और आपराधिक मुकदमे जैसी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जब तक भ्रष्टाचार की कीमत चुकानी नहीं पड़ेगी, तब तक भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होगा।

# स्मृति शेषः पद्म विभूषण तीजन बाई

**संजीव**

**चोला माटी के हे राम,**
**एकर का भरोसा,**
**द्रोणा जइसे गुरू चले गे,**
**करन जइसे दानी,**
**बाली जइसे बीर चले गे,**
**रावन कस अभिमानी,**
**चोला माटी के हे राम!**

छत्तीसगढ़ी लोक गीत-नाट्य कला पंडवानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करने वाली पद्म विभूषण तीजन बाई की आखिरी यात्रा के पार्श्व में इस छत्तीसगढ़ी गीत का गान किया गया। रविवार तड़के 69 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। पिछले कुछ समय से बीमार तीजन बाई रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती थीं। आज सुबह 11 बजे उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव गनियारी लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। छत्तीसगढ़ के अटारी गांव में 08 अगस्त, 1956 को जन्मीं तीजन बाई ने बालपन में ही पंडवानी गायन शुरू कर दिया था। कहते हैं कि जिस दिन उनका जन्म हुआ उस दिन लोकपर्व तीज था इसलिए माता-पिता ने उनका नाम तीजन रखा। आगे चलकर महाभारत की कथाओं को प्रभावी और




अनूठे अंदाज में प्रस्तुत कर मंच पर कला का ऐसा सम्मोहक संसार रचा, जिसे देखने और उसका अनुभव करने के लिए दर्शक खिंचे चले आते थे। उनकी प्रस्तुति में ख़ास किस्म की आवाज के साथ भाव-भंगिमा और तंबूरा का विशेष महत्व था। मंच पर ज्यों ही उनका प्रदर्शन आरंभ होता, उनका तंबूरा कभी दुःशासन की बांह, कभी अर्जुन का रथ, कभी भीम की गदा तो कभी द्रौपदी के बाल में बदल कर दर्शकों को इतिहास के उस काल में पहुंचा देता जहां वे जोश, क्रोध, दर्द, उत्साह, उमंग और छलकपट की ऐतिहासिक संवेदना महसूस करते। उनके प्रशंसित प्रदर्शनों में द्रौपदी चीरहरण, दुशासन वध और भीष्म और अर्जुन के बीच महाभारत का युद्ध शामिल हैं। उन्होंने 13 वर्ष की उम्र में अपना पहला मंच प्रदर्शन किया। उस समय महिला पंडवानी गायिकाएं केवल बैठकर गा सकती थीं, जिसे वेदमती शैली कहा जाता है। जबकि पुरुष गायक खड़े होकर कापालिक शैली में गाते थे। तीजनबाई पहली महिला थीं जिन्होंने कापालिक शैली में पंडवानी का प्रदर्शन किया। एक दिन प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर ने उन्हें सुना और तीजनबाई का जीवन बदल गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर अनेक राष्ट्राध्यक्षों और अति विशिष्ट लोगों के सामने उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कला के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान के लिए उन्हें 1987 में पद्मश्री, 2003 में पद्म भूषण और 2019 में देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से नवाजा गया। उन्हें १९९५ में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा २००७ में नृत्य शिरोमणि से भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें जापान का प्रतिष्ठित फुकुओका कला पुरस्कार भी मिला था। तीजनबाई को बिलासपुर विश्वविद्यालय द्वारा डीलिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। 1980 के दशक में शुरू होकर उन्होंने एक सांस्कृतिक राजदूत के रूप में दुनिया भर की यात्रा की, जिसमें इंग्लैंड, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, तुर्की, ट्यूनीशिया, माल्टा, साइप्रस, रोमानिया और मॉरीशस जैसे देश शामिल हैं।

## सेहत मंत्र

# रोजाना एक ही समय पर एक्सरसाइज करने से जल्दी घटता है वजनः रिसर्च

वजन घटाने के लिए सिर्फ डाइटिंग करना काफी नहीं, बल्कि आपको एक्सरसाइज भी करना जरूरी है। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि सप्ताह में कम से कम 150 मिनट एक्सरसाइज यानी सप्ताह में 5 दिन 30 मिनट एक्सरसाइज करके आप अपना वजन घटा सकते हैं। मगर देखा जाता है जोश में एक्सरसाइज करना शुरू तो करते हैं, मगर 4-5 दिन में ही आलस आने लगता है और लोग एक्सरसाइज न करने के बहाने ढूंढने लगते हैं। हाल में हुई एक रिसर्च बताती है कि अगर आप रोजाना एक ही समय पर एक्सरसाइज करते हैं, तो आपका वजन जल्दी घटता है। शोध के मुताबिक आपको एक्सरसाइज के दौरान रेगुलर होना जरूरी है। ये रिसर्च जर्नल ऑफ ओबेसिटी में छपा है, जिसमें बताया गया है कि नियमित और एक ही समय पर एक्सरसाइज करने से वजन घटाने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। शोध से मिले परिणामों के आधार पर शोधकर्ताओं ने बताया कि एक ही समय पर एक्सरसाइज करने से आपका शरीर ज्यादा मात्रा में कैलोरी बर्न करता है। साथ ही शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि वजन घटाने के लिए आप सुबह, शाम या दोपहर किसी भी समय एक्सरसाइज कर सकते हैं। इस शोध के लिए 375 स्वस्थ और नौजवान लोगों को चुना गया था। अध्ययन के दौरान इन सभी युवाओं ने रोजाना एक ही समय पर लंबे समय तक एक्सरसाइज किया, जिसके बाद इनके वजन में कमी देखी गई। आमतौर पर लोग एक्सरसाइज न करने का बहाना यह बनाते हैं कि उन्हें दिन में टाइम नहीं मिलता है। मगर एक्सपर्ट्स की मानें तो एक्सरसाइज करने का कोई परफ़ेक्ट टाइम नहीं होता है। आप चाहे जिस भी समय एक्सरसाइज करें, ये शरीर के लिए फायदेमंद होता है। हालांकि कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है जैसे कि आप खाना खाने के 1 घंटे के भीतर एक्सरसाइज न करें, तेज और पसीना बहाने वाली एक्सरसाइज करने के बाद 30 मिनट के अंदर न नहाएं। इसलिए आपके लिए एक्सरसाइज करने का सबसे सही समय वही है, जब आप इसके लिए रोजाना टाइम निकाल सकें।

## धर्म मंत्र

# तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुँचे थे भगवान महावीर

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर जयन्ती मनाने हुए हम केवल महावीर को पूजे ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीने के लिये संकल्पित हों। भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। 'आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत्'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात् पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें।

## पर्यटन



# ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है अनंतनाग शहर

जम्मू और कश्मीर के प्रमुख जिलों में से एक अनंतनाग, अपनी ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। श्रीनगर से लगभग 53 किलोमीटर दक्षिण में स्थित यह क्षेत्र कश्मीर घाटी के सबसे पुराने बसे इलाकों में से एक माना जाता है। यहाँ का नाम ''अनंतनाग'' संस्कृत शब्दों अनंत (अर्थात अनंत या असीम) और नाग (अर्थात जलस्रोत या झरना) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है – ''अनंत झरनों की भूमि''। अनंतनाग को ''झरनों का शहर'' भी कहा जाता है। यहाँ कई ऐसे प्राकृतिक जलस्रोत हैं जो इसकी सुंदरता में चार चाँद लगाते हैं। वेरीनागः यह झेलम नदी का उद्गम स्थल है। मुग़ल शैली में बना यह स्थल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहाँ का बाग़ और झील सैलानियों को आकर्षित करती है। कोकरनागः यह एक सुंदर बाग़ और झरनों का संगम है। यहाँ का पानी औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। परिवारों और पिकनिक के लिए यह आदर्श स्थान है। अछाबल गार्डनः यह मुग़ल कालीन बाग़ अपनी सुंदर नहरों, झरनों और फूलों के लिए प्रसिद्ध है। इसे नूरजहाँ ने बनवाया था। धार्मिक स्थलः अनंतनाग हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदायों के लिए धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमरनाथ गुफाः यह विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थान अनंतनाग ज़िले के पहलगाम क्षेत्र में स्थित है। यहाँ हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यात्रा पर आते हैं। मार्तंड सूर्य मंदिरः यह प्राचीन हिन्दू मंदिर है जो सूर्य भगवान को समर्पित है। इसकी स्थापत्य कला और वास्तुकला अद्भुत है। खीर भवानी मंदिर (तुलगाम): यह एक प्रसिद्ध देवी मंदिर है जहाँ हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। पहलगामः अनंतनाग ज़िले का सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन। यहाँ लिद्दर नदी, घुड़सवारी, ट्रेकिंग और गोल्फ कोर्स का आनंद लिया जा सकता है। अरु वैली और बेटाब वैलीः पहलगाम से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ये सुंदर घाटियाँ स्थित हैं, जहाँ फिल्म शूटिंग भी होती रही है।

# संघ मुक्त हो राम मंदिर ट्रस्ट, भाकपा का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने सोमवार को राम मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रभाव से मुक्त कराने की मांग को लेकर शहर में जुलूस निकाला। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की संरचना और उसके कार्यों की जांच कराने तथा ट्रस्ट के पुनर्गठन की मांग की गई।

जुलूस को संबोधित करते हुए भाकपा के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने आरोप लगाया कि विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी आपस में जुड़े संगठन हैं तथा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में संघ से जुड़े लोगों का वर्चस्व है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रस्ट के गठन के बाद भूमि खरीद, निर्माण कार्य, प्राण-प्रतिष्ठा और दान के उपयोग में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि यदि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप लगे हैं तो सरकार को उनकी स्वतंत्र जांच करानी चाहिए। उन्होंने आरोपित लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग भी उठाई। राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार ने कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और भाजपा के प्रभाव से मुक्त कर सनातन परंपरा के धर्माचार्यों को ट्रस्ट के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। ज्ञापन पर गिरीश पटेल (एडवोकेट), विनय कुमार सिंह, शिवदर्शन वर्मा, प्रेमचंद वर्मा, करन राजपूत, धर्मेंद्र शर्मा, महेंद्र यादव, मुनेश्वर प्रसाद, कदीर हसन, सर्वेश यादव, रामनरेश वर्मा, दीपक वर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव, राजकुमार वर्मा, दीपक शर्मा, सुंदरलाल सोनी, योगेंद्र सिंह, ज्ञानेश्वर वर्मा, संदीप तिवारी, संदीप वर्मा, राजेंद्र बहादुर सिंह, आलोक वर्मा, आदित्य वर्मा और अभय सहित अन्य कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर रहे।

# खसरा जैसे लक्षणों से दहशत, सूचना के तीन दिन बाद गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## दो गांवों में मिले खसरा जैसे लक्षण, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

सराय चांदू और लखनपुर में कई बच्चे व बड़े प्रभावित बुखार और शरीर पर दाने की शिकायतें सामने आईं स्वास्थ्य टीम ने घर-घर पहुंचकर की जांच मरीजों को दवाएं वितरित कर निगरानी शुरू ग्रामीणों से सतर्क रहने और तत्काल उपचार लेने की अपील

सिद्धौर (बाराबंकी)। क्षेत्र के सराय चांदू और लखनपुर गांव में बच्चों सहित कई लोगों में खसरा जैसे लक्षण मिलने से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार बीमारी फैलने की सूचना दिए जाने के तीन दिन बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और प्रभावित लोगों की जांच कर उपचार शुरू किया। ग्रामीणों की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिद्धौर की चिकित्सकीय टीम बुधवार को दोनों गांवों में पहुंची। टीम में डॉ. फहीम शेख, फार्मासिस्ट महेंद्र पांडे, अतुल दीक्षित तथा आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं। स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाओं का वितरण किया।

जांच के दौरान सराय चांदू गांव में खुशी (10), सुमन (12), वेदाशी (डेढ़ वर्ष), अर्चना (30), रुचि (28), लकी (12) और आशुतोष (24) सहित कई लोगों में बुखार और शरीर पर दाने जैसे लक्षण पाए गए। वहीं लखनपुर गांव में राखी (27), अन्वी (3), रितेश (6), अनीता (17) और शिवांश (7) समेत अन्य मरीजों की भी चिकित्सकीय जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित परिवारों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए साफ-सफाई बनाए रखने, बच्चों को भीड़भाड़ वाले स्थानों से दूर रखने तथा बुखार, शरीर पर लाल दाने या खसरा जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की।

सीएचसी सिद्धौर के प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य टीम भेजकर जांच, दवा वितरण और निगरानी शुरू करा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है ताकि बीमारी का फैलाव रोका जा सके।

# ग्रामीणों ने चोर को दबोचा, व्यापारियों में बढ़ी दहशत, मोबाइल व साइकिल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी।क्षेत्र में व्यापारियों के घरों और दुकानों को निशाना बनाने की लगातार हो रही घटनाओं के बीच सोमवार तड़के कुर्सी कस्बे में एक व्यापारी की दुकान में चोरी का प्रयास सामने आया। सीसीटीवी कैमरे की सतर्क निगरानी से चोरी की वारदात नाकाम हो गई और ग्रामीणों ने पीछा कर आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, कुर्सी कस्बा निवासी अनुज जायसवाल लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर अनाज का बाड़ा संचालित करते हैं, जहां गेहूं, धान, चावल और सरसों की खरीद की जाती है। सोमवार सुबह करीब पांच बजे एक व्यक्ति दुकान में घुस गया और दो बोरी सरसों चोरी कर साइकिल से ले जाने लगा। उसी दौरान ऊपर बने मकान में मौजूद अनुज जायसवाल ने सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना देख ली। वह तत्काल नीचे पहुंचे तो आरोपी सामान छोड़कर भागने लगा। अनुज के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोपी की पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेंद्र प्रसाद निवासी रेवसा, जनपद सीतापुर बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चाकू, मोबाइल फोन और साइकिल बरामद हुई। अनुज जायसवाल का कहना है कि यही व्यक्ति पहले भी कई बार उनकी दुकान में चोरी कर चुका है और उसकी सीसीटीवी फुटेज भी उनके पास मौजूद है। कुर्सी थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया व्यक्ति अत्यधिक शराब के नशे में था। उसका नशा उतरने के बाद पूछताछ कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में हाल के दिनों में व्यापारियों के घरों और दुकानों को निशाना बनाने की बढ़ती घटनाओं से व्यापारी वर्ग में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। व्यापारियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

# साहित्य, संस्कृति व समाज सेवा से जुड़े मनीषियों का किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शांतिपुरम सेवा समिति की ओर से सोमवार को संस्थापक संयोजक डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव के शांतिपुरम स्थित आवास पर सम्मान समारोह एवं काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश चन्द्र बैसवार ने की, जबकि संचालन डॉ. नन्हे सिंह ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ओज कवि पंडित अरविन्द मिश्र 'अरविन्द' के मंगलाचरण एवं भगवान भोलेनाथ की स्तुति से हुआ। इसके बाद अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू', नींबू लाल गुप्ता, दिनेश सिंह, दीपक दिवाकर, राधेश दीक्षित, के.के. शर्मा, योगेंद्र प्रसाद वर्मा तथा रामचंद्र वर्मा ने भजन, गीत, छंद और काव्य प्रस्तुत कर समां बांधा।

संयोजक डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि व्यक्ति का स्वभाव, आत्मीयता और विश्वास ही मजबूत संबंधों की नींव होते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में सुरेश चन्द्र बैसवार ने जीवन में आत्मसंयम और कठिन परिस्थितियों से सीख लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर समिति ने वरिष्ठ संरक्षक रामचंद्र वर्मा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंगवस्त्र एवं रामचरितमानस भेंट कर सम्मानित किया। वहीं समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश कुमार, पंडित अरविन्द मिश्र 'अरविन्द', अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' तथा दीपक दिवाकर को साहित्य, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए अंगवस्त्र, भगवान श्रीराम की प्रतिमा, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राम अभिलाष वर्मा, सोमनाथ सिंह, रज्जन लाल श्रीवास्तव, संतलाल तथा वॉकिंग क्लब के सदस्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में डॉ. वीरेंद्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## भाजपा ने 115 बूथों पर मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मंडल के 115 बूथों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए। मंडल कार्यालय रसूलपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, महामंत्री अमित भैया राम जी, भाजपा नेता नीरज वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, अनिल कनौजिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान और उनके बलिदान को याद करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। सैदनपुर में भी भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज सोनी के नेतृत्व में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी ने बताया कि सभी 115 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## एसडीएम ने सुना शिकायतें सात का निस्तारण

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामनगर में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं।इनमें से 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। सबसे अधिक 27 शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं।समाधान दिवस में तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे किन्हे शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

## गौशाला विवाद,दोनों पक्षों के बीच समझौता

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। करपिया गौ आश्रय स्थल को लेकर करीब पखवाड़े भर पहले गौ रक्षा एवं हिंदू सनातन दल के कार्यकर्ताओं तथा ग्राम प्रधान के बीच हुए विवाद का सोमवार को आपसी सहमति से पटाक्षेप हो गया। दोनों पक्षों ने सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट हटाने और एक-दूसरे के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई न करने पर सहमति जताई। बताया जाता है कि 26 जून की रात करीब नौ बजे आदर्श शुक्ला निवासी डड़ियामऊ अपने साथियों के साथ करपिया गौ आश्रय स्थल पहुंचे थे। इस दौरान केयरटेकरों द्वारा ग्राम प्रधान विनोद कुमार वर्मा से मोबाइल पर बातचीत कराए जाने के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद मामला सोशल मीडिया तक पहुंच गया और ग्राम प्रधान ने थाना मसौली में तहरीर भी दी थी। सोमवार को दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर दिया।

## मानकों की अनदेखी ,निजी अस्पतालों पर विभाग की कार्रवाई

सूरतगंज, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे और आसपास संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अधीक्षक डॉ. राजर्षि त्रिपाठी ने सोमवार को कई निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन मिलने पर आधा दर्जन अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए, जबकि बिना पंजीकरण संचालित एक अस्पताल को सील कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान नेशनल हॉस्पिटल, कृष्णा हॉस्पिटल, उपचार हॉस्पिटल, एमएस हॉस्पिटल, टारगेट हॉस्पिटल समेत अन्य अस्पतालों में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी गेट) की व्यवस्था नहीं मिली। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए अस्पताल संचालकों को तीन दिन के भीतर जवाब देने और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, श्री बाला हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर बिना पंजीकरण संचालित मिलने पर सील कर दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजर्षि त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले अस्पतालों के विरुद्ध सीलिंग सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के निजी अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया।

## अमरूद के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

सिद्धौर (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में सोमवार शाम एक युवक का शव गांव के बाहर अमरूद के पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुर निवासी 34 वर्षीय उदयराज पुत्र कैलू का शव गांव से करीब 200 मीटर दूर एक अमरूद के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। शाम करीब छह बजे कुछ ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और घर में चीख-पुकार मच गई। उदयराज सैदानपुर स्थित एक राइस मिल में पल्लेदारी का काम करता था और उसी से परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में था। हालांकि उसके पिता कैलू का कहना है कि घर में किसी प्रकार का विवाद या कलह नहीं थी। बेटे की मौत से व्यथित पिता बार-बार यही सवाल कर रहे हैं कि आखिर ऐसी कौन-सी बात थी, जिसने उसे इतना बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। उदयराज अपने पीछे पत्नी, पांच वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटे को छोड़ गया है। परिवार का मुख्य सहारा चले जाने से परिजनों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि दोनों मासूम बच्चे अभी इस दुखद घटना की गंभीरता से अनजान हैं। गांव के लोग भी बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता जता रहे हैं। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके छोटे भाई शिवकुमार और रोशन भी भाई की असमय मौत से गहरे सदमे में हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग इस दुखद घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# कटियारा पहुंचे सांसद तनुज पुनिया ग्रामीणों को दिलाया भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर, बाराबंकी। लोकसभा सांसद तनुज पुनिया रविवार को चर्चित कटियारा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को डरने की आवश्यकता नहीं है और ग्रामीण निडर होकर अपने खेतों व दैनिक कार्यों में जुटे रहें। सांसद ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन से वार्ता कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्दोष लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, जबकि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई पुलिस कर रही है। इस दौरान सांसद ने शिल्पी देवी, मीना कुमारी, सावन यादव, सुनील, कपिल, रामजश सहित कई ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। इसके बाद सांसद रामनगर स्थित लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर 12 जुलाई को लोधेश्वर महादेव धाम में प्रस्तावित शंकराचार्य के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, पूर्व जिलाध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नेकचंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ पांडे, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रामकुमार लोधी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फरक्का एक्सप्रेस के आगे कूदकर व्यापारी ने दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णनगर (बड़ेल) निवासी मिठाई व्यवसायी अनूप गुप्ता ने सोमवार को फरक्का एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना बनवा रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि अनूप गुप्ता सोमवार सुबह अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के बाद सीधे बनवा रेलवे क्रॉसिंग पहुंचे। वहां उन्होंने गुजर रही फरक्का एक्सप्रेस के सामने छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद उनका शव रेलवे ट्रैक के पास बिखर गया, जबकि सिर करीब एक किलोमीटर दूर जाकर मिला। सूचना पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव के अवशेषों को कब्जे में लेकर पहचान कराई। मृतक की पहचान कृष्णनगर (बड़ेल) निवासी अनूप गुप्ता के रूप में हुई। वह नाका क्षेत्र स्थित कृष्णा स्वीट्स परिवार से जुड़े थे तथा किराना व्यवसाय भी करते थे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ कर घटना के पीछे की वजह जानने का प्रयास कर रही है।

# अभियान के तहत विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण






कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। वन महोत्सव के तहत सोमवार को रामनगर वन रेंज की ओर से बी.पी. शुक्ला इंटर कॉलेज, त्रिलोकपुर में वृक्षारोपण एवं आम भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर हरयाण, महादेवा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, पर्यावरण प्रेमी मोनू भास्कर तथा ग्राम प्रधान देवीशरण यादव ने छात्र-छात्राओं के साथ ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया।

इस अवसर पर वनकर्मी तिलकराम यादव, दुर्गेश यादव, विपिन शुक्ला, नीरज, लालबचन, प्रदीप सहित विद्यालय परिवार एवं अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में रामनगर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बाबा बेनी सागर की तपोभूमि स्थित ग्राम सिलौटा अटौटा सहित विभिन्न स्थानों पर अनेक छायादार फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत वर्मा श्रीकांत त्रिभुवन मौर्य सागर अवस्थी मदन शुक्ला वाशिष्ठ शुक्ला श्रवण पांडे मुन्ना सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बिजनेस/स्पोर्ट्स

कैनविज टाइम्स

www.kanwhizztimes.com

लखनऊ, मंगलवार, 07 जुलाई 2026



## बिश्नोई की जगह तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में तेज गेंदबाज को मिल सकती है जगह

एजेंसी

नॉटिंघम। ब्रिटेन दौरे पर अब तक जीत का स्वाद चखने में नाकाम रही भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में संयोजन में बदलाव कर सकती है। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम प्रबंधन अतिरिक्त तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर रहा है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह खतरे में दिखाई दे रही है। अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मुकाबले हार चुका है। इनमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की शर्मनाक श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में टीम के लिए तीसरा टी20 'करो या मरो' जैसा मुकाबला बन गया है। मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 में बिश्नोई पूरी तरह लय से बाहर नजर आए। उन्होंने तीन 'बैक-फुट नो-बॉल' फेंकी और पारी के 17वें ओवर में 29 रन लुटाए। चार ओवर में



बिना विकेट लिए 60 रन खर्च करने के बाद उनकी टीम में जगह पर सवाल उठने लगे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जब अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती पहले से मौजूद थे, तब ओल्ड ट्रैफर्ड की परिस्थितियों में तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर की जरूरत नहीं थी। ट्रेंट ब्रिज की परिस्थितियों को देखते हुए बिश्नोई का अंतिम एकादश में शामिल होना मुश्किल माना जा रहा है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है। स्विंग और पिच से अतिरिक्त हरकत हासिल करने की उनकी क्षमता उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा से बेहतर विकल्प बनाती है, जिनकी 'बैक-ऑफ-द-लेंथ' गेंदें टी20 क्रिकेट में अपेक्षाकृत आसान साबित होती हैं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पिछले मैच में शुरुआती ओवर में दो विकेट समेत कुल तीन विकेट झटके थे, लेकिन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक द्वारा उनके एक ओवर में बनाए गए 27 रन भी भारत की हार का बड़ा कारण बने। इंग्लैंड ने 191 रन का लक्ष्य एक ओवर शेष रहते हासिल कर लिया था। ट्रेंट ब्रिज की बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से एक बार फिर आक्रामक पारी की उम्मीद होगी। उनके साथ शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा भारतीय पारी की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। पिछले छह महीनों से आईपीएल समेत अधिकांश मुकाबले सपाट विकेटों पर खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजी इकाई इंग्लैंड की अतिरिक्त उछाल, गेंद की हरकत और सैम कुरन जैसे गेंदबाजों की विविधताओं के सामने संघर्ष करती दिखी है। कप्तान श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने कुछ उपयोगी रन जरूर बनाए हैं, लेकिन दोनों ही यह स्वीकार करेंगे कि वे इंग्लैंड के गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी नहीं हो सके। तिलक वर्मा ने पिछले मुकाबले में आखिरी ओवरों में छोटी लेकिन उपयोगी पारी खेली लेकिन टीम बीच के ओवरों में रन गति बनाये रखने में संघर्ष करती दिख रही है। धीमें गेंदबाजों और कुरन ने इस दौरान भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। भारत ने पिछले दोनों मुकाबलों में क्रमशः 189 और 190 रन बनाए, लेकिन दोनों बार यह स्कोर कम से कम 25 से 30 रन कम साबित हुआ। भारतीय बल्लेबाजों में केवल अभिषेक शर्मा ही अपनी स्वाभाविक आक्रामक शैली पर कायम रहे हैं। उन्होंने दोनों मैचों में महज 24-24 गेंदों पर क्रमशः 59 और 43 रन बनाए। पदार्पण का दबाव पीछे छोड़ चुके वैभव सूर्यवंशी अब इंग्लैंड के गेंदबाजों पर खुलकर हमला करने की कोशिश करेंगे।

## महिला टी20 विश्व कप 2026 में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं श्री चरणी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम भले ही महिला टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का गौरव हासिल किया। उन्होंने पांच मैचों में 14 विकेट लेकर इस विश्व कप की शीर्ष विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप में अभियान समाप्त किया। श्री चरणी ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार प्रभावशाली गेंदबाजी की। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नीदरलैंड के खिलाफ रहा, जहां उन्होंने मात्र 19 रन देकर चार विकेट झटके। इसके अलावा पाकिस्तान के खिलाफ 21 रन देकर तीन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 24 रन देकर तीन, बांग्लादेश के खिलाफ 21 रन देकर दो और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। विश्व कप में श्री चरणी ने ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू, पाकिस्तान की फातिमा सना और उपविजेता




इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन जैसी दिग्गज गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू ने सात मैचों में 11 विकेट लिए, जबकि पाकिस्तान की फातिमा सना ने पांच मैचों में 11 विकेट अपने नाम किए। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन ने सात मुकाबलों में 10 विकेट हासिल किए। वहीं वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज भी छह मैचों में 10 विकेट लेने में सफल रहीं। हालांकि भारत का विश्व कप अभियान उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन श्री चरणी का प्रदर्शन टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक उपलब्धियों में से एक रहा। उनकी लगातार प्रभावी गेंदबाजी ने भविष्य के बड़े टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम को नई उम्मीद दी है।

## नेमार ने ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहा

एजेंसी

ईस्ट रदरफोर्ड। स्टार स्ट्राइकर नेमार ने रविवार को ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। ब्राजील अंतिम 16 के मैच में नॉर्वे से 2-1 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया जिसके बाद नेमार ने यह घोषणा की। नेमार ने कहा, "मैंने अपनी तरफ से प्रयास किए। इसकी शुरुआत मेटलाइफ स्टेडियम में हुई थी और यहीं पर इसका अंत हुआ। अब यह सब खत्म हो चुका है। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 9 अगस्त 2010 को इसी स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ मैत्री मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ अंतिम मिनटों में पेनल्टी किक पर गोल किया। दाहिनी पिंडली में चोट के कारण नेमार



टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से केवल दो में ही खेल पाए। ग्रुप चरण में वह स्कॉटलैंड के खिलाफ सिर्फ 15 मिनट के लिए मैदान पर उतरे थे। एक दशक से अधिक समय तक ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे नेमार हाल के वर्षों में चोटों से जूझते रहे, जिससे वह अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेल पा रहे थे। ब्राजील फुटबॉल की जिम्मेदारी अब अगली पीढ़ी संभाल रही है। कप्तान मार्किनहोस ने कहा, "हम लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे नई पीढ़ी के साथ धैर्य रखें और शुरू से ही उनका समर्थन करें।"

## यह मेरा आखिरी विश्व कप: रोनाल्डो ने फिर से दोहराया

एजेंसी

आर्लिंगटन (अमेरिका)। पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि यह उनके करियर का छठा और अंतिम फीफा विश्व कप होगा। वह फीफा विश्व कप के दौरान आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अपनी चिर-परिचित चुटीली शैली में पत्रकारों से रूबरू हुए लेकिन इस बातचीत के अंत में उनकी अर्जेंटीना के एक पत्रकार के साथ हल्की नोकझोंक भी देखने को मिली। स्पेन के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले की पूर्व संध्या पर इस 41 साल के खिलाड़ी ने एक बार फिर उस बात को दोहराया, जिसका संकेत वह पहले भी दे चुके हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ' मेरे साथ सबसे बड़ी पूंजी लोगों का प्यार और उनसे जुड़ी यादें हैं। होटल में टीम स्टाफ और लैटिन अमेरिकी लोगों के साथ बिताए पल मेरी सबसे खूबसूरत स्मृतियों में शामिल हैं। कल उड़ान के दौरान अर्जेंटीना



की एक एयर होस्टेस मिली। मैंने उसके मुझे देखने के अंदाज से ही पहचान लिया कि वह अर्जेंटीना की है। मैंने उससे कहा, 'तुम जिस तरह मुझे देख रही हो, उससे समझ गया कि तुम अर्जेंटीना से हो। अगर कोई मुझे देखकर तुरंत नजरें फेर ले, तो मैं समझ जाता हूं कि उसे क्रिस्टियानो पसंद नहीं है'। मैनचेस्टर यूनाइटेड और रियल मैड्रिड स्टार के इस पूर्व स्टार ने कहा, "मैं अपने आखिरी विश्व कप के हर पल का भरपूर आनंद लेना चाहता हूं। उम्मीद है कि कल मेरा अंतिम मैच नहीं होगा, ताकि आप लोग मेरी आलोचना कुछ और दिन तक करते रहें। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 146 गोल के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले रोनाल्डो इससे पहले भी ऐसा संकेत दे चुके हैं। पिछले वर्ष एक टेलीविजन साक्षात्कार में भी उन्होंने अपने अंतिम विश्व कप को लेकर इसी तरह की बात कही थी। उस समय पुर्तगाल ने स्पेन को रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता था। इस 25 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस में 41 वर्षीय रोनाल्डो से पूछे गए अधिकांश सवाल उनके संभावित विश्व कप विदाई से जुड़े रहे। उन्होंने संन्यास से जुड़े अधिक सवालों पर मजाकिया अंदाज में पत्रकारों से कहा, "लग रहा कि आप लोग अब मुझे मैदान से विदा करने की पूरी तैयारी में हैं। उन्होंने इसके बाद गंभीर होते हुए कहा, " मेरे जीवन में किसी चीज की कमी नहीं है। भगवान मेरे प्रति बेहद उदार रहे हैं। उन्होंने मुझे वह सब कुछ दिया, जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी, खासकर राष्ट्रीय टीम के साथ। व्यक्तिगत जीवन में भी मुझे सब कुछ मिला। इसलिए अब मैं हर पल का आनंद लेना चाहता हूं। विश्व कप जीतने या न जीतने से मैं न बड़ा क्रिस्टियानो बन जाऊंगा और न छोटा। निश्चित रूप से हम सभी विश्व कप जीतने का सपना देखते हैं और इसके लिए हर संभव प्रयास करना चाहते हैं।

## महिला क्रिकेट स्वर्णिम युग में है: आईसीसी अध्यक्ष जय शाह

लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड को हराकर सातवां आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद कहा कि महिला क्रिकेट अपने स्वर्णिम युग में चल रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और उसे चार विकेट पर 150 रन ही बनाने दिए। इसके बाद उसने 17.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। बाद में शाह ने ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनी को ट्रॉफी प्रदान की। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, "क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनके सातवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड क्रिकेट को भी उपविजेता बनने पर बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा, "इस टूर्नामेंट ने हमें याद दिलाया कि महिला क्रिकेट क्यों देखने लायक है। शुरू से अंत तक शक्ति, जुनून और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन देखने को मिला।

## वाहनों की खुदरा बिक्री जून में 21.83 प्रतिशत बढ़कर 25.57 लाख इकाई : फाडा

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में वाहनों की खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर 21.83 प्रतिशत बढ़कर 25,57,234 इकाई हो गई। वाहन विक्रेता संघ फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में वाहनों की खुदरा बिक्री जून 2025 में 20,98,996 इकाई रही थी। फ़ेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने बयान में कहा कि यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री जून में 28.63 प्रतिशत बढ़कर 4,10,853 इकाई रही जो जून 2025 में 3,19,412 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री 21.22 प्रतिशत बढ़कर 18,28,458 इकाई हो गई जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 15,08,378 इकाई थी। फाडा के अनुसार, जून में तिपहिया वाहनों की बिक्री 1,04,035 इकाई से सालाना आधार पर 16.2 प्रतिशत बढ़कर 1,20,889 इकाई



रही। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 16.88 प्रतिशत बढ़कर 90,972 इकाई हो गई, जबकि जून 2025 में यह 77,836 इकाई थी। फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने कहा, "भारतीय वाहन खुदरा कारोबार के लिए जून एक ऐतिहासिक महीना रहा। यह अब तक का सबसे बेहतर जून का महीना रहा जिसमें दोपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक वाहन, यात्री वाहन और कुल पंजीकरण सभी खंडों में अब तक का रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज हुआ। जुलाई के परिदृश्य पर फाडा ने कहा कि उद्योग जगत के डीलर का रुख सकारात्मक बना हुआ है। 51.24 प्रतिशत डीलर को वृद्धि की उम्मीद है, 41.79 प्रतिशत बाजार के स्थिर रहने का अनुमान लगा रहे हैं, जबकि केवल 6.97 प्रतिशत को गिरावट की आशंका है।

## कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, ब्रेंड क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच क्रूड ऑयल की जरूरतों के बड़े हिस्से की आवाजाही और सप्लाई के लिए अहम होर्मुज स्टेट से तेल और गैस से लदे जहाज अब निकलने लगे हैं। इन सबके बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। यह 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कारोबार के दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 0.28 डॉलर यानी 0.39 फीसदी फिसलकर 71.84 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) 0.18 डॉलर यानी 0.26 फीसदी टूटकर 68.51 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।इस बीच ओपेक प्लस देशों ने भी अगले महीने से कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। सऊदी अरब और रूस की अगुवाई में सात देशों ने हर दिन 1.88 लाख बैरल अतिरिक्त क्रूड ऑयल के उत्पादन की मंजूरी दी है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से रविवार को तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही पहले के मुकाबले बेहतर दिखी। यूरिया, डीएपी और सल्फर ला रहे 15 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज से गुजर चुके हैं। ये सभी जहाज भारत के बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुजुकी समर्थित नेक्स्ट भारत वेंचर्स ने 2,000 करोड़ रुपये के दूसरे निवेश कोष की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** जापान की सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन समर्थित नेक्स्ट भारत वेंचर्स आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड ने 2,000 करोड़ रुपये के अपने दूसरे निवेश कोष की घोषणा सोमवार को की। इसका उद्देश्य भारत में कृषि, वित्तीय समावेश, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक हित के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) समेत विभिन्न क्षेत्रों के स्टार्टअप को समर्थन देना है। इससे पहले नेक्स्ट भारत वेंचर्स (एनबीवी) ने अपने पहले 340 करोड़ रुपये के कोष के माध्यम से 20 से अधिक 'इम्पैक्ट ऑर्गेनाइजेशन' में निवेश किया था। नेक्स्ट भारत वेंचर्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विपुल जिंदल नाथ ने कहा कि दूसरे कोष का अधिकतर निवेश सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन एक एंकर लिमिटेड पार्टनर (एलपी) के रूप में करेगी। इसके अलावा जापान की अन्य कंपनियों से भी निवेश जुटाया जाएगा। कोष किन क्षेत्रों में लगाया जाएगा यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' हम मूल रूप से उन सभी क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जहां कोई स्टार्टअप ग्रामीण भारत, छोटे व मझोले शहरों या बड़े शहरों में असंगठित तथा 'गिग' क्षेत्र से जुड़े कामगारों के स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। कोष के निवेश की समयसीमा के बारे में उन्होंने कहा, '' हम अगले तीन से चार वर्ष में 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। जापान से लगभग पूरा कोष जुटाने के कारण पर नाथ ने कहा, '' क्योंकि हमारा मानना है कि जापानी संस्थान निवेश के मामले में कहीं अधिक धैर्यवान होते हैं।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ऋण वृद्धि पहली तिमाही में 27 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का कुल ऋण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 3.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। गत वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही के अंत में उसका बकाया ऋण 2.41 लाख करोड़ रुपये था। पुणे मुख्यालय वाले इस बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कुल ऋण में खुदरा, कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम खंड को दिए गए ऋण शामिल हैं, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रुपये हो गए। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक का कॉरपोरेट ऋण भी 21 प्रतिशत बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पहली बार एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा। बैंक ने बताया कि इस तिमाही में उसकी कुल जमा राशि 13 प्रतिशत बढ़कर 3.44 लाख करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में यह 3.05 लाख करोड़ रुपये थी। इसके परिणामस्वरूप बैंक का कुल कारोबार (कुल ऋण व जमा) 19 प्रतिशत बढ़कर 6.51 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 30 जून, 2025 को 5.46 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में चालू खाता एवं बचत खाता (कासा) अनुपात कुल जमा का 49 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 50 प्रतिशत था।

### ओबेरॉय रियल्टी ने दिल्ली-एनसीआर की अपनी पहली परियोजना में 8,109 करोड़ रुपये की लग्जरी इकाइयां बेचीं

**नयी दिल्ली।** मुंबई स्थित ओबेरॉय रियल्टी लिमिटेड ने मजबूत मांग के दम पर गुरुग्राम में हाल ही में शुरू की गई अपनी पहली आवासीय परियोजना में 8,109 करोड़ रुपये की लग्जरी इकाइयां बेची हैं। कंपनी ने 29 जून को दिल्ली-एनसीआर बाजार में प्रवेश की घोषणा के साथ गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड स्थित अपनी आवासीय परियोजना के पहले चरण की शुरुआत की। इसमें छह टावर में कुल 832 आवासीय इकाइयां शामिल हैं। इस परियोजना में कुल 6,000 करोड़ रुपये का निवेश और 16,000 करोड़ रुपये की संभावित आय का अनुमान है। ओबेरॉय रियल्टी लिमिटेड ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में उसकी पहली लग्जरी आवासीय परियोजना 'श्री सिक्स्टी नॉर्थ' में करीब 8,109 करोड़ रुपये की सकल बुकिंग दर्ज की है। इस 14.8 एकड़ की परियोजना में 13.52 लाख वर्ग फुट का रेरा कारपेट क्षेत्र (कुल 23.10 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र) बेचा गया है। ओबेरॉय रियल्टी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक विकास ओबेरॉय ने 29 जून को गुरुग्राम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा था, '' हम दिल्ली-एनसीआर में अपनी पहली परियोजना शुरू कर रहे हैं। अब हमें विश्वास है कि हमारा ब्रांड एनसीआर बाजार में भी सफलतापूर्वक स्थापित हो सकता है।

## सऊदी अरब की रियाद एयर 4 अगस्त से मुंबई के लिए शुरू करेगी रोजाना उड़ानें

एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई। सऊदी अरब की विमानन कंपनी 'रियाद एयर' ने भारत में अपना परिचालन शुरू करने की सोमवार को घोषणा की। 'रियाद एयर' 4 अगस्त से रियाद और मुंबई के बीच रोजाना सीधी उड़ानें शुरू करेगी। कंपनी ने कहा कि इस नई सेवा के लिए बुकिंग 6 जुलाई से शुरू होगी। एयरलाइन ने एक बयान में बताया कि मुंबई-रियाद के बीच चार अगस्त से सीधी दैनिक उड़ान शुरू की जाएगी। मुंबई और रियाद के बीच यह दैनिक सेवा बोइंग बी787-9 विमान से संचालित की जाएगी, जिसमें बिजनेस एलीट, बिजनेस, प्रीमियम इकोनॉमी और इकोनॉमी की 4 श्रेणियां होंगी। कंपनी ने कहा कि इस नए रूट से उसका नेटवर्क नौ गंतव्य तक बढ़ जाएगा। इससे सऊदी अरब और बड़े अंतरराष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय हब के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत करने की उसकी योजना को भी मदद मिलेगी। एयरलाइन ने




कहा कि मुंबई से उड़ान भरने वाले यात्रियों को रियाद के जरिए यूरोप और मिडिल ईस्ट के शहरों जैसे- लंदन, मैड्रिड, जेद्दा और काहिरा के लिए आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट्स भी मिलेंगी। सऊदी अरब के संप्रभु धन कोष पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) समर्थित विमानन कंपनी रियाद एयर ने कहा कि मुंबई रूट भारत के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दिखाता है, जो दुनिया के सबसे बड़े और तेजी से बढ़ते एविएशन मार्केट में से एक है। उम्मीद है कि यह सेवा बिजनेस और घूमने-फिरने के लिए यात्रा करने वालों के साथ-साथ दोनों देशों के बीच आने-जाने वाले प्रवासी समुदायों की जरूरतों को भी पूरा करेगी।

## सर्राफा बाजार की मामूली गिरावट के साथ शुरुआत सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मामूली कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,49,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,490 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,36,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में सांकेतिक कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत



1,34,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,49,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,36,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,46,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,34,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया पहुंचे प्रधानमंत्री

## हवाई अड्डे पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने किया स्वागत

## भारतीय समुदाय के लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए

जकार्ता, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में सोमवार को इंडोनेशिया पहुंचे। वहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एक खास पहल के तहत इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री की अगवानी करने के लिए चार मंत्री भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी का इस दौरान पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया और उन्होंने सलामी गारद का निरीक्षण किया। जकार्ता पहुंचने के बाद उन्होंने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा। जब प्रधानमंत्री का विमान इंडोनेशिया के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ, तो इंडोनेशियाई वायु सेना के फाइटर जेट्स ने उनके विमान के साथ उड़ान भरी। पीएम मोदी इंडोनेशिया के तीन दिन के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि जकार्ता पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो द्वारा मेरा स्वागत किए जाने की सद्भावना से मैं बहुत प्रभावित हूं।

इंडोनेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री के पहुंचते ही लोगों ने भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारों के साथ स्वागत किया। एक व्यक्ति ने कहा कि यह पहली बार है जब मैं पीएम मोदी को इतने करीब से देख रहा हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं। एक और व्यक्ति ने कहा कि हम प्यार और स्नेह के साथ



आपका स्वागत करते हैं।

पीएम की इंडोनेशिया की यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है, जिसमें रक्षा और समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाना द्विपक्षीय एजेंडे का मुख्य आधार है। दोनों देशों के बीच रणनीतिक सुरक्षा संबंधों ने मजबूत गति पकड़ी है, जिसकी विशेषता उच्च-स्तरीय यात्राओं का बढ़ता दायरा, नियमित द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यास और रक्षा उद्योग में गहरा सहयोग है, जिसमें ब्रह्मोस मिसाइलों की महत्वपूर्ण बिक्री भी शामिल है।

इंडोनेशिया, आसीयान क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। वर्ष 2025-26 के वित्तीय वर्ष में दोनों देशों के बीच व्यापार 24.78 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। अभी, 130 से ज्यादा भारतीय कंपनियां इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था के अलग-अलग सेक्टर में सक्रिय रूप से निवेश कर रही हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत में क्रिटिकल मिनरल (महत्वपूर्ण खनिजों) के क्षेत्र में सहयोग पर भी खास जोर दिया जाएगा। इंडोनेशिया का ग्लोबल क्रिटिकल मिनरल सेक्टर में दबदबा है। दुनिया के कुल निकेल भंडार का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा उसके पास है और वह तांबा, बॉक्साइट और टिन के प्रमुख ग्लोबल उत्पादकों में शामिल है।

# राधाकृष्णन, मोदी और शाह सहित विभिन्न नेताओं ने अर्पित की डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर.एन. रवि और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित विभिन्न नेताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय एकता, बंगाल के राजनीतिक इतिहास और आधुनिक भारत को आकार देने में उनके योगदान के लिए याद किया।

श्री राधाकृष्णन ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एक जाने-माने शिक्षाविद, दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्र-निर्माता के तौर पर, डॉ. मुखर्जी ने भारत की शैक्षिक, राजनीतिक और लोकतांत्रिक यात्रा पर गहरी छाप छोड़ी। कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के उप-कुलपतियों में से एक, संविधान सभा के सदस्य, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष, स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री और भारतीय जनसंघ के संस्थापक के रूप में उन्होंने देश की असाधारण सेवा की। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पक्के समर्थक डॉ. मुखर्जी ने भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के पूर्ण विलय के प्रयास में अपने प्राणों की आहुति दी। एक मजबूत, एकजुट, आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के सामूहिक प्रयास में उनका जीवन और उनके आदर्श पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने इस देश की एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे महान बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएंगे। डॉ. मुखर्जी ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहाँ हर नागरिक एक ही संवैधानिक ढांचे के तहत समान हो, और अनुच्छेद 370 को हटाना राष्ट्रीय अखंडता के प्रति उनके जीवन भर के समर्पण के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि थी। इस मौके पर श्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर एक लेख लिखा है और कई क्षेत्रों में उनके योगदान पर प्रकाश डाला है। राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में उनकी भूमिका का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की 'विविध उपलब्धियां - चाहे वह कुलपति, मंत्री, राजनीतिक नेता या अन्य भूमिकाएं हों - उनके सार्वजनिक जीवन के व्यापक दायरे को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 और 35(ए) को हटाना उनके प्रयासों के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है। श्री शाह ने डॉ. मुखर्जी को भारतीय जनसंघ के संस्थापक और देश की एकता, अखंडता तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के ज़बरदस्त समर्थक के तौर पर याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ''डॉ. मुखर्जी ने 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श को अपने जीवन का मार्गदर्शक सिद्धांत बनाया।'' उन्होंने कहा कि बंगाल के बंटवारे के समय डॉ. मुखर्जी की 'दूरदर्शी नेतृत्व और जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए उनके जीवन भर के संघर्ष को भारतीय इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान चलायी जाएंगी 300 विशेष ट्रेनें : वैष्णव

एजेंसी

भुवनेश्वर। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा के पुरी में 16 जुलाई से शुरू होने वाले भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के लिए 300 से ज़्यादा विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है।

ओडिशा के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे श्री वैष्णव ने भगवान जगन्नाथ की आगामी रथ यात्रा को लेकर रेलवे की ओर से की गयीं तैयारियों का जायज़ा लिया और अधिकारियों को श्रद्धालुओं की यात्रा को सुखद और आरामदायक बनाने को लेकर निर्देश दिया। गौरतलब है कि भारत के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को 16 जुलाई से शुरू होगी और 24 जुलाई को सम्पन्न होगी। इस दौरान उन्होंने पुरी-कोरापुट एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के परिचालन से ओडिशा के आंतरिक हिस्से में रेल सम्पर्क मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने ओडिशा और गुजरात के बीच चलने वाली ब्रह्मपुर-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस (रोज़ाना चलने वाली) को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेल मंत्री ने बताया कि इस साल रथ यात्रा के लिए 300 से ज़्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है। ये ट्रेनें नियमित रूप से चलने वाली 800 से ज़्यादा ट्रेनों के अलावा होंगी। उन्होंने कहा, '' केरल में इस साल ओणम के मौके पर हम 100 से ज़्यादा विशेष ट्रेनें चलाएंगे। उन्होंने कहा, ''इस साल 30 जून को खत्म हुए गर्मी के मौसम के दौरान रिकॉर्ड 15,000 विशेष ट्रेनें चलाई गयीं। जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए 300 से ज़्यादा विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। केरल में ओणम के लिए 100 से ज़्यादा विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। रेलवे, केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोशिश है कि हमारे नागरिकों को सस्ती और सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिलें। श्री वैष्णव ने आज नांदेड़-मुंबई और टनकपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, ''आज उत्तराखंड के टनकपुर से हजूर साहिब, नांदेड़ के लिए एक नई ट्रेन सेवा शुरू की गई है। तराई क्षेत्र में रहने वाले हमारे सिख भाई-बहनों की लगातार मांग थी। आज वाशिम और हिंगोली होते हुए नांदेड़ को मुंबई से जोड़ने वाली एक ट्रेन सेवा भी शुरू की गयी है, जिससे विदर्भ और मराठवाड़ा के कई ज़िलों का मुंबई से सम्पर्क बेहतर होगा। पीलीभीत, आगरा और टनकपुर को जोड़ने वाली कुछ ट्रेन सेवाएँ भी शुरू की गयी हैं।

# स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट, 'महेंद्रगिरि' 11 जुलाई को नौसेना के बेड़े में होगा शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट, 'महेंद्रगिरि' 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो जायेगा।

महेंद्रगिरि 'प्रोजेक्ट 17ए' का छठा और अंतिम युद्धपोत है जो कमीशन के लिए तैयार है। इस युद्धपोत का नाम पूर्वी घाट की महेंद्रगिरि पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है और यह मज़बूती, ताकत और अटूट संकल्प का प्रतीक है। 'महेंद्रगिरि' भारत के समुद्री इतिहास में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने के लिए तैयार है।

भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा डिज़ाइन किया गया और मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा बनाया गया 'महेंद्रगिरि' स्वदेशी युद्धपोत डिज़ाइन और निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का बेहतरीन उदाहरण है। उन्नत स्टील्थ फीचर्स, अत्यधिक टिकाऊ , कम रडार सिग्नेचर



और हाई-लेवल ऑटोमेशन से लैस यह फ्रिगेट आधुनिक 'कंबाइंड डीज़ल या गैस' प्रोपल्शन सिस्टम से चलता है। यह सिस्टम इसे सभी तरह के समुद्री मिशनों में बेहतरीन क्षमता के साथ तेज़ गति से काम करने में सक्षम बनाता है। महेंद्रगिरि में 75 प्रतिशत से ज़्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और यह सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल का एक बेहतरीन उदाहरण है। इसके निर्माण में भारतीय उद्योगों का एक बड़ा नेटवर्क शामिल रहा है, जिसमें कई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भी शामिल हैं। इससे रोज़गार के अवसर पैदा हुए हैं और देश का रक्षा औद्योगिक आधार मज़बूत हुआ है। यह फ्रिगेट स्वदेशी और अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस है। इनमें सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सिस्टम, एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफ़ेयर क्षमताएं, व्यापक पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और एक इंटीग्रेटेड कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं। हवा, सतह और समुद्र से चलाये जाने वाले अभियानों से निपटने में सक्षम 'महेंद्रगिरि' समुद्री सुरक्षा, पावर प्रोजेक्शन, मानवीय सहायता और आपदा राहत , खोज और बचाव, और लंबे समय तक चलने वाले मिशनों के लिए भी पूरी तरह उपयुक्त है। 'महेंद्रगिरि' का लोकार्पण 'प्रोजेक्ट 17ए' प्रोग्राम के सफल क्रियान्वयन में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जैसे-जैसे इस श्रेणी के और फ्रिगेट बेड़े में शामिल हो रहे हैं, वे भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता को तो बढ़ा ही रहे हैं, साथ ही स्वदेशी युद्धपोत बनाने वाले प्रमुख देश के तौर पर भारत की स्थिति को भी मजबूत कर रहे हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में प्रमुख सुरक्षा साझेदार के तौर पर भारत अपनी भूमिका को लगातार मजबूत कर रहा है, ऐसे में 'महेंद्रगिरि' क्षमता बढ़ाने वाली ताकत के तौर पर काम करेगा। यह देश के समुद्री हितों की रक्षा करेगा और सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र बनाने में योगदान देगा। भारतीय नौसेना स्वदेशी युद्धपोतों के ज़रिए अपनी समुद्री क्षमताओं को लगातार मजबूत कर रही है। 'महेंद्रगिरि' मिशन के लिए पूरी तरह तैयार युद्धपोत के तौर पर देश की बेहतरीन सेवा करने के लिए तैयार है और अपने आदर्श वाक्य 'शक्तिशाली-भव्य-अद्वितीय' पर खरा उतर रहा है।

# मोदी सरकार की नीतियों से भारत की वैश्विक साख को नुकसान पहुंचा : खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार पर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। श्री खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय पासपोर्ट की बढ़ती ताकत के दावे वास्तविक आंकड़ों से मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा कि एक वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग के अनुसार भारत 2013 में 74वें स्थान से जून 2026 में 80वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि एक अन्य वैश्विक पासपोर्ट इंडेक्स में भारत 2026 में 125वें स्थान पर है। उन्होंने दावा किया कि इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय पासपोर्ट की स्थिति मजबूत होने के बजाय कमजोर हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सेवाओं में सुधार करने के बजाय पासपोर्ट बनवाना महंगा कर दिया है। उनके अनुसार, सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 से बढ़ाकर 2,500 कर दी गई है, जबकि तत्काल पासपोर्ट शुल्क 5,000 तक पहुंच गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने पर्यटन के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या अब भी कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। उनके मुताबिक, 2019 में 1.093 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए थे, जबकि 2024 में यह संख्या 99.5 लाख रही। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इस कमी को छिपाने के लिए एनआरआई आगमन को विदेशी पर्यटकों के आंकड़ों के साथ जोड़कर पेश कर रही है। उन्होंने भारत की आधिकारिक वीजा आवेदन वेबसाइट को भी पुरानी और जटिल बताते हुए कहा कि ''अतिथि देवो भवः'' की भावना रखने वाले देश में पर्यटकों के लिए ऐसी अव्यवस्थित व्यवस्था उचित नहीं है। श्री खरगे ने कहा कि यदि भारतीय पासपोर्ट कमजोर हुआ है, पर्यटन अब तक पूरी तरह नहीं संभला है, वीजा सेवाएं संतोषजनक नहीं हैं और नागरिकों से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है, तो फिर सरकार जिस वैश्विक सम्मान का दावा करती है, वह आखिर कहां दिखाई देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित हो रही है।

# दो-तिहाई अमेरिकी यूएस-ईरान समझौते को लेकर हैं संशय में: सर्वे

वाशिंगटन। दो-तिहाई अमेरिकी नागरिक युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को लेकर संशय में हैं। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स के लिए ब्रिटिश कंपनी फोकलडेटा द्वारा किये गये एक सर्वे से प्राप्त हुई। सर्वे के अनुसार, 66 प्रतिशत अमेरिकी मतदाताओं का मानना है कि इस एमओयू का पश्चिम एशिया की स्थिति पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा या फिर इससे अस्थिरता बढ़ेगी और और ज़्यादा टकराव की आशंका बढ़ जाएगी। कुल 44 प्रतिशत अमेरिकी नागरिकों का कहना है कि ईरान के साथ टकराव के बाद से अमेरिका की स्थिति कमज़ोर हुई है, जबकि 31 प्रतिशत वोटरों का मानना है कि यह मज़बूत हुई है। पांच में से केवल एक अमेरिकी वोटर का मानना है कि इस एमओयू से इलाके में शांति आएगी। यह रायशुमारी 26 से 30 जून के बीच 1,795 अमेरिकी मतदाताओं के बीच की गयी, इसमें गलती होने प्रतिशत मात्र 2.7 है। अठारह जून की रात को ईरान और अमेरिका ने एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये, जिसका उद्देश्य 28 फरवरी से चल रहे सैन्य टकराव को खत्म करना है। इस एमओयू में एक समय-सीमा भी तय की गयी है कि अमेरिका कब नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा और ईरान कब होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करेगा। इसके अलावा, ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने का वादा किया है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुद्दा एक अलग समझौते द्वारा सुलझाया जाएगा। सभी पक्ष इस मामले पर 60 दिनों के भीतर बातचीत करने पर सहमत हुए हैं। तेहरान को उम्मीद है कि इससे ईरान पर लगे प्रतिबंध हट जाएंगे।

# पेज एक का शेष

## स्टार्टअप मिशन-2026, नई...

50 प्रतिशत सीटें श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित रहेंगी। कैबिनेट ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सीधी भर्ती संबंधी नियमावली में संशोधन को भी मंजूरी दी। साथ ही निजी क्षेत्र में महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय (बिल्हौर, कानपुर), अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय (गाजियाबाद) तथा ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय (फतेहपुर) की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई। नगर विकास विभाग के प्रस्ताव पर शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद का नाम बदलकर ह्लपरशुरामपुरीङ्क करने का निर्णय लिया गया। वहीं गोरखपुर और मुरादाबाद नगर निगमों के लिए म्यूनिसिपल बॉन्ड जारी करने तथा उनकी क्रेडिट रेटिंग सुधारने के लिए अवस्थापना विकास निधि से धन उपलब्ध कराने की मंजूरी भी दी गई। इसके अलावा कैबिनेट ने वाराणसी रोप-वे परियोजना के लिए चिन्हित नजूल भूमि वाराणसी विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराने, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) संचालन एवं अनुरक्षण नीति-2026, पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय के बाद शेष धनराशि के उपयोग, परिवीक्षा अधिकारी सेवा नियमावली तथा सहकारी समितियों की लेखा परीक्षा सेवा नियमावली में संशोधन जैसे कई प्रशासनिक प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी। बैठक में सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की पेंशन के पुनरीक्षण को मंजूरी दी गई। साथ ही प्रदेश के लगभग 69 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों और उनके आश्रितों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली। सरकार का मानना है कि इन निर्णयों से प्रदेश में निवेश आकर्षित होगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कृषि तथा शहरी विकास के क्षेत्रों को नई गति मिलेगी।

## पुलिस समेत कई ...

सरकारी सदस्यों को 40 हजार से 112000 रुपये हर माह पेंशन दी जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (सेवा की शर्तें) (27वां संशोधन) विनियमावली 2013 को जारी करते हुए लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की पेंशन एक जनवरी 2006 को पुनरीक्षित की गई थी। सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पेंशन का पुनरीक्षण किया गया है। छह वर्ष की सेवा पूरी करने पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज के अध्यक्ष को एक जनवरी 2016 से 370080 वार्षिक पेंशन निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में अध्यक्ष जो चयनित होने से पहले सरकारी सेवा में थे और उन्हें पूर्व सेवा से भी पेंशन प्राप्त हो रही है, की दोनों पेंशनों को मिलते हुए हर माह 112500 पेंशन दी जाएगी जो साल में 1 करोड़ 35 लाख होगी। अध्यक्ष व सदस्य के रूप में तीन साल से कम की सेवा होने पर किसी भी प्रकार की पेंशन नहीं दी जाएगी। अध्यक्ष व सदस्य की सेवा तीन से चार साल या पांच साल होने पर आयोग के लिए अनुमन्य पेंशन की राशि क्रमशः 3/6, 4/6 या 5/6 भाग के बराबर होगी।

## चंपत राय और...

गोविंद देव गिरी, ट्रस्ट सदस्य कृष्ण मोहन, दिनेन्द्र दास, शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, परमानंद गिरी महाराज और स्वामी विश्व प्रपन्न तीर्थ जी महाराज मौजूद रहे. दूसरी तरफ, कुछ सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी इस बैठक से जुड़े, जबकि ट्रस्ट के सदस्य चंपत राय और अरविंद मिश्रा इस बैठक में गैर मौजूद रहे। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं श्री मणिरामदास छावनी के महंत नृत्य गोपालदास ने राम मंदिर में कथित दान-चोरी की घटना पर गहरा दुख और नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा गंभीर मामला बताया। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। महंत नृत्य गोपालदास द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि मंदिर में हुई कथित दान-चोरी से वे अत्यंत आहत हैं। इस तरह के कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री पर पूरा विश्वास है कि वे इस मामले में दोषियों को बख्शेंगे नहीं। उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। पत्र के अंत में महंत ने कहा है कि यह मामला करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा है। भगवान श्रीराम के नाम पर किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## पहलगाम आतंकी...

में अनंतनाग जिले के पहलगाम पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस की शुरुआती जांच के बाद गृह मंत्रालय ने इसकी जांच का जिम्मा एनआईए के हवाले कर दिया था। एनआईए पाकिस्तान की पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए मामले की जांच जारी रखे हुए है, जो सीमा पार से भारतीय धरती पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

## 'चढ़ावा चोरी'...

मुख्य स्थायी अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह ने अदालत को बताया कि इसी मुद्दे से संबंधित याचिका पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में समान विषय पर हाईकोर्ट में सुनवाई उचित नहीं होगी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस राजन राय और जस्टिस मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने याचिका खारिज कर दी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जब समान प्रकृति का मामला पहले से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है, तब हाईकोर्ट द्वारा अलग से हस्तक्षेप करने का कोई औचित्य नहीं बनता। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद फिलहाल इस मामले में सीबीआई जांच की मांग पर आगे की सुनवाई और निर्णय सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका के निस्तारण पर निर्भर करेगा।

## आतंकी साजिश नाकाम...

कार्रवाई स्पेशल सेल की नॉर्दर्न रेंज (एनडीआर) की टीम ने की। पूरी कार्रवाई डीसीपी प्रवीण त्रिपाठी की निगरानी में एसीपी विवेक कुमार त्यागी तथा इंस्पेक्टर सुनील रजैन और इंस्पेक्टर धीरज की टीम ने अंजाम दी। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत स्पेशल सेल थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में सामने आया कि पहला मॉड्यूल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े हैंडलर राना हुनैन के इशारे पर काम कर रहा था। राना हुनैन, शाहजाद भट्टी का करीबी सहयोगी बताया गया है। पुलिस के मुताबिक मॉड्यूल का मकसद दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठान या पुलिस स्थापना की रेकी कर पेट्रोल बम से हमला करना था। स्पेशल सेल ने विजय घाट इलाके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से तीन पेट्रोल बम, 2,000 रुपये नकद, एक चोरी की मोटरसाइकिल और ऐसे मोबाइल फोन बरामद हुए हैं जिनमें पाकिस्तानी हैंडलरों के साथ चैट, फोटो और वीडियो मिले हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी 24 वर्षीय दानिश उर्फ चांद मियां और 20 वर्षीय सलमान के रूप में हुई है। पूछताछ में दानिश ने बताया कि अप्रैल 2026 में सोशल मीडिया के जरिए उसकी पहचान राना हुनैन से हुई थी। इसके बाद उसे दिल्ली आकर संवेदनशील ठिकानों की रेकी करने और हमला करने का जिम्मा दिया गया। काम पूरा होने पर उसे 20 हजार रुपये देने का वादा किया गया था। सलमान, दानिश का दोस्त है। उसे हमले का वीडियो बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके लिए उसे भी 20 हजार रुपये देने का लालच दिया गया था। स्पेशल सेल की जांच में सामने आया कि दूसरा मॉड्यूल पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजे गए हथियारों की तस्करी कर रहा था। इस नेटवर्क को आईएसआई हैंडलर हसन गुज्जर संचालित कर रहा था, जो शाहजाद भट्टी का करीबी सहयोगी है। पुलिस के मुताबिक पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए पंजाब सीमा पर हथियार गिराए जाते थे। इसके बाद इन्हें दिल्ली और उत्तर प्रदेश में सप्लाई किया जाता था। इन हथियारों की बिक्री से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल भारत में आतंकवादी और आपराधिक गतिविधियों को फंड करने में किया जाना था। इस मामले में स्पेशल सेल ने कालिंदी कुंज इलाके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से तीन अत्याधुनिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और दो कारें बरामद की गईं। बाद में चौथे आरोपी मलकीत सिंह को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में शाहीन बाग निवासी तैय्यब, गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी जुबैर खान, मेरठ के लिसाड़ी गेट निवासी अली फजल और अमृतसर के कोहाला गांव निवासी मलकीत सिंह शामिल हैं। पुलिस जांच में पता चला कि तैय्यब की पहचान सोशल मीडिया के जरिए हसन गुज्जर से हुई थी। उसके निर्देश पर जुबैर खान अमृतसर गया, जहां उसने मलकीत सिंह से हथियारों की खेप ली। बाद में यह हथियार अली फजल को दिए गए ताकि उन्हें दिल्ली या उत्तर प्रदेश में खरीदारों को बेचा जा सके। अली फजल के खिलाफ वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश में आर्म्स एक्ट का मामला भी दर्ज हो चुका है। वहीं मलकीत सिंह पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजे गए हथियारों की खेप प्राप्त कर उसे आगे नेटवर्क तक पहुंचाने का काम करता था। स्पेशल सेल ने आरोपितों के मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनमें पाकिस्तानी हैंडलरों के साथ चैट, फोटो, वीडियो और अन्य आपत्तिजनक सामग्री मिली है। पुलिस इन डिजिटल साक्ष्यों की फोरेंसिक जांच करा रही है ताकि नेटवर्क के अन्य सदस्यों, फंडिंग और भविष्य की साजिशों का पता लगाया जा सके। स्पेशल सेल ने आरोपियों के कब्जे से तीन पेट्रोल बम, एक चोरी की मोटरसाइकिल, 2,000 रुपये नकद, तीन अत्याधुनिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, दो कारें (हुंडई वर्ना और फोर्ड इकोस्पोर्ट) तथा पाकिस्तानी हैंडलरों से बातचीत वाले मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने कहा है कि समय रहते कार्रवाई कर दिल्ली में संभावित आतंकी हमले की बड़ी साजिश को विफल कर दिया गया। अब पूरे नेटवर्क, फंडिंग और इससे जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की जा रही है।

## सहकारी जीवन बीमा...

है। इसके लिए भी हमने सहकारी समितियां बना दी हैं। क्लस्टर आधारित सहकारी समितियों के माध्यम से हर डेयरी को निवेश नहीं करना पड़ेगा, लेकिन गन्ने के अंतिम उपयोग तक की पूरी व्यवस्था यह करेगी और चीनी मिलों को मुनाफा भी वापस देगी। सहकारिता मंत्री शाह ने इस दौरान कई महत्वपूर्ण परियोजनों और पहलों का शिलान्यास, लोकार्पण और शुभारंभ किया। इनमें 135 अन्न भंडारण गोदामों का हस्तांतरण, 85 गोदामों का लोकार्पण और 47 गोदामों का शिलान्यास, अमूल और एनसीसीएफ द्वारा सहकार वन का भूमि पूजन, उत्तर प्रदेश के बाराबंकी और महाराष्ट्र के जलगांव में बीबीएसएसएल की टिश्यू कल्चर सुविधाओं का भूमि पूजन, एनसीडी 3.0 और जियो-टैग मोबाइल एप्लिकेशन का शुभारंभ, एनडीडीबी के दूध आपूर्ति समीक्षा डैशबोर्ड पोर्टल का शुभारंभ, कोऑपरेटिव इनपुट्स एंड सर्विसेज डिलीवरी मल्टी-स्टेट लिमिटेड के अंतर्गत डेयरी पशुओं की उत्पादकता से जुड़ी पहलों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में गृह मंत्री द्वारा 50,000 पैक्स के ई-पैक्स में रूपांतरण का कार्य भी संपन्न किया गया, जो जमीनी स्तर की सहकारी संस्थाओं के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान बीज प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए बीबीएसएसएल और आईसीएआर के बीच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर शाह ने डेयरी सहकारी समितियों के लिए आदर्श उप-विधियों और सहकारिता मंत्रालय की पिछले पांच वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया।

## सनातन संस्कृति...

नदी पर लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से नए पुल का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के विकास से जुड़ी अन्य परियोजनाओं की भी समीक्षा की जा रही है। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब जनता अच्छे जनप्रतिनिधि चुनती है तो उसके सकारात्मक परिणाम विकास के रूप में सामने आते हैं।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर दिल्ली भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा पौधरोपण किया।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संगठन महामंत्री पवन राणा, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, सांसद मनोज तिवारी, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, गजेन्द्र यादव एवं योगिता सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, डॉ. हर्षवर्धन एवं आदेश गुप्ता, पूर्व प्रभारी श्याम जाजू, कार्यालय मंत्री बृजेश राय तथा प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मल्होत्रा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और उनके आदर्श प्रत्येक राष्ट्रवादी भारतीय, विशेषकर भाजपा कार्यकर्ताओं के हृदय में सदैव जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने सत्ता से अधिक राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी और अपने प्राणों का बलिदान देकर ''एक राष्ट्र, एक विधान'' के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, अखंड भारत और राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। उनके विचार और आदर्श आज भी देश के युवाओं तथा कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया तथा डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

# फरीदकोट के पीपली गांव में पंजाब पुलिस जवान के बेटे की बेरहमी से हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## महिला समेत चार लोगों पर हत्या की साजिश रचने का मामला दर्ज

चंडीगढ़। फरीदकोट के गांव पीपली में पंजाब पुलिस के विशेष दस्ते में तैनात जवान के बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। शव एक घर के अंदर खून से लथपथ हालत में मिला। उसके हाथ, पैर और मुंह रस्सियों से बंधे हुए थे। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया है।

फरीदकोट शहर के रहने वाले पंजाब पुलिस के विशेष दस्ते में चंडीगढ़ तैनात हरनेक सिंह ने बताया कि उनके बड़े बेटे अर्शदीप ने कुछ दिन पहले फोन पर उन्हें बताया था कि हरप्रीत कौर नाम की एक महिला उसे लगातार फोन करके उस पर संबंध बनाने का दबाव डाल रही थी। हरनेक सिंह के अनुसार उनका बेटा इस बात से काफी डरा हुआ था। बेटे की परेशानी सुनकर हरनेक सिंह छुट्टी लेकर घर पहुंचे थे। उन्होंने रविवार शाम गांव के बुजुर्गों और पूर्व सरपंच इकबाल सिंह के साथ हरप्रीत कौर के परिवार से बात कर मामला शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की योजना बनाई थी, लेकिन पंचायत के हस्तक्षेप से पहले ही यह दर्दनाक वारदात हो गई।

हरनेक सिंह कुछ समय के लिए एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। जब वह वापस लौटे, तो अर्शदीप घर पर नहीं मिला। शक होने पर वह पूर्व सरपंच इकबाल सिंह और अन्य ग्रामीणों के साथ तुरंत पीपली गांव पहुंचे। जब वे हरप्रीत कौर के पिता चमकौर सिंह के घर के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि तीन व्यक्ति घर से भाग रहे थे। उनके कपड़े खून से सने हुए थे और उनमें से एक के हाथ में कुल्हाड़ी थी। मौके पर मौजूद लोगों ने भागने वालों की पहचान चमकौर सिंह, उसके बेटे सतनाम सिंह और दामाद सिमरजीत सिंह के रूप में की। इसके बाद जब हरनेक सिंह घर के अंदर पहुंचे तो वहां उनके बेटे अर्शदीप सिंह का शव खून से लथपथ पड़ा था। यह दृश्य देखकर परिवार सदमे में आ गया। हरनेक सिंह की शिकायत पर पुलिस ने हरप्रीत कौर, उसके पति सिमरजीत सिंह, पिता चमकौर सिंह और भाई सतनाम सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत हत्या और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 पुरस्कार वितरण समारोह आज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। संसद भवन में मंगलवार को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के लिए 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2024-25 का पुरस्कार वितरण समारोह वितरण किए जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वह प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरस्कार विजेता विश्वविद्यालयों-कॉलेजों और छात्रों को पुरस्कार वितरित करेंगे। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर स्थित कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्र पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान अपनी युवा संसद की बैठक का पुनः प्रदर्शन करेंगे। इन छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

युवा संसद योजना का उद्देश्य युवा पीढ़ी में आत्म-अनुशासन, विचारों की निष्पक्ष अभिव्यक्ति, संसद की कार्यप्रणाली से अवगत, वाद-विवाद की तकनीकों से परिचित, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रभावी भाषण कला का विकास करना है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए ''अटल बिहारी वाजपेयी रनिंग पार्लियामेंट्री शील्ड'' दी जाएगी और यह ट्रॉफी जम्मू-कश्मीर स्थित कश्मीर विश्वविद्यालय को प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में समूह स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 7 विश्वविद्यालयों-कॉलेजों को भी मंत्री की ओर से समूह स्तरीय विजेता ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इनमें डीएवी कॉलेज, जालंधर (पंजाब), जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता (पश्चिम बंगाल), शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर (महाराष्ट्र), पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय (बठिंडा), एसएसएमआरवी कॉलेज, बेंगलुरु (कर्नाटक), चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना (बिहार) और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) शामिल हैं।

# दिल्ली में कथित स्वास्थ घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी ने एलएनजेपी अस्पताल के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सोमवार को राजधानी के लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के बाहर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में 650 करोड़ रुपये के कथित दवा घोटाले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में आआपा के बुराड़ी से विधायक एवं प्रवक्ता संजीव झा और विधायक कुलदीप कुमार भी उपस्थित रहें।




प्रदर्शन के दौरान सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए कहा कि 650 करोड़ रुपये का घोटाला हो गया और सारे घोटाले का असली गुनहगार राजीव रंगीला है वही सारे घोटाले का मास्टरमाइंड है जिसे एक महीने पहले एसीबी ने भगा दिया और उसके जगह पर अब छोटेऽमोटे लोगों को गिरफ्तार करके खानापूर्ति कर रही है सरकार। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आआपा के नेता लगातार पत्रकार वार्ता कर रहे है और राजीव रंगीला की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता जानना चाहती है कि आखिर 650 करोड़ रुपये के घोटाले के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ मुख्यमंत्री कार्रवाई क्यों नहीं कर रही? सौरभ भारद्वाज ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) डॉ. वत्सला अग्रवाल की नियुक्ति पर सवाल उठाया कि सरकार ने सारे नियमों को दरकिनार कर के इस पद पर डॉ. वत्सला अग्रवाल की नियुक्ति की। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर के डॉ. वत्सला अग्रवाल को सारे काम दिए गए। उन्होंने पूछा कि क्या डॉ. वत्सला अग्रवाल को डीजीएचएस के पद पर नियुक्त किया गया था तो मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार नहीं थी? भारद्वाज ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले सरकारी अस्पताल जरूरत के हिसाब से दवाएं खरीदती थी लेकिन बाद में सारे नियम बदल दिए गए और कहा कि कोई भी अस्पताल खरीदारी नहीं करेगा, और सारी खरीद-फरोख्त वत्सला अग्रवाल की सीपीए संभालेगी। आआपा के बुराड़ी विधायक संजीव झा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 650 करोड़ रुपये के कथित दवा घोटाले को सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्वास्थ दवाओं मे बहुत ज्यादा घोटाला किया गया है। उन्होंने कहा कि एसीबी का कहना है कि यह घोटाला 650 करोड़ रुपये का है। एसीबी के मुताबिक, कागज़ों पर 400 करोड़ रुपये की खरीद दिखाई गई, जबकि असल में सिर्फ़ 100 करोड़ रुपये की दवाइयां खरीदी गईं और 300 करोड़ रुपये का गबन कर लिया गया।

# उपराज्यपाल ने पोस्को एक्ट के सभी मामलों पर तुंरत कार्रवाई का दिया निर्देश

नई दिल्ली। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को पोस्को एक्ट के तहत दर्ज सभी मामलों में संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल के साथ त्वरित और पूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित उपायों को न केवल 'बाल संरक्षण माह' के दौरान, बल्कि हमेशा प्राथमिकता के तौर पर लागू किया जाए। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को 'बाल संरक्षण माह' के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही पहलों और अभियानों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों मौजूद रहे। यह जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा की गई है। बैठक में उपराज्यपाल ने पहले पहली बार अपराध करने वाले किशोरों की काउंसलिंग और पुनर्वास पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें सुधरने और समाज की मुख्यधारा में लौटने का मौका मिला चाहिए।

# शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़, दिल्ली व पंजाब से छह गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इनमें एक आतंकी मॉड्यूल और दूसरा अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़ा मॉड्यूल है। इस कार्रवाई में दिल्ली और पंजाब से कुल छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार स्पेशल सेल की नॉर्दर्न रेंज (एनडीआर) ने संयुक्त अभियान चलाकर इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया। आरोपितों के कब्जे से कई पिस्टल और पेट्रोल बम बरामद किए गए हैं। शुरुआती जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद हथियार और विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था तथा नेटवर्क के तार किन-किन राज्यों और संगठनों से जुड़े हैं। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को डॉ. मुखर्जी का विचार देता है नई ऊर्ज़ा : संजय सरावगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बिहार प्रदेश कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने डॉ. मुखर्जी के स्मृतिचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद सहित प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन राष्ट्रहित, राष्ट्रीय स्वाभिमान और जनसेवा का अद्भुत उदाहरण है, जो आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि ''एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे'' का डॉ. मुखर्जी का अडिग संकल्प राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उन्होंने देश की अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, जिसे राष्ट्र सदैव कृतज्ञता के साथ याद रखेगा। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनका दूरदर्शी चिंतन और 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का सिद्धांत आज 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को निरंतर शक्ति और दिशा प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।



# भूमि अधिग्रहण व मुआवजा प्रक्रिया में तेजी लाने को जिलेभर में लगेंगे विशेष शिविर

किशनगंज। जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण, अभिलेख सत्यापन और मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को तेज एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर आयोजित इन शिविरों में संबंधित अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, राजस्व कर्मचारी, अमीन, जिला भू-अर्जन कार्यालय के अधिकारी तथा कार्यदायी एजेंसियों के अभियंता संयुक्त रूप से मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन के अनुसार रेलवे गाइड बांध परियोजना के तहत 6 से 9 जुलाई तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। 6 और 7 जुलाई को पौआखाली रेलवे कैंप के पास, 8 जुलाई को सुखानी पंचायत भवन तातपौआ तथा 9 जुलाई को तातपौआ पंचायत भवन में प्रभावित रैयतों के भूमि अभिलेखों का सत्यापन और अधिग्रहण प्रक्रिया से जुड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं बहादुरगंजऽटेढ़ागाछ पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना के लिए 6 से 14 जुलाई तक टेढ़ागाछ और बहादुरगंज अंचल के 17 मौजों में चरणबद्ध तरीके से शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में वास्तविक भू-रैयतों के दस्तावेजों का सत्यापन, एलपीसी (लैंड पजेशन सर्टिफिकेट) का निर्माण तथा मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को गति दी जाएगी। इसके अलावा एसएच-99 (बेलवा) से एनएच-31 (कांकई) तक प्रस्तावित सड़क निर्माण परियोजना के अंतर्गत जनमजय एवं बरारो मौजा के रैयतों के लिए 6 और 7 जुलाई को बरारो सामुदायिक भवन में विशेष शिविर लगाया जाएगा।

# पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी में 16 राज्यों से 1000 आवेदन, 50 संन्यासी भी देंगे साक्षात्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी को लेकर देशभर के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सहित 16 राज्यों के 1000 से अधिक अभ्यर्थी पंजीकरण करा चुके हैं। खास बात यह है कि इस बार पतंजलि योगपीठ के लगभग 50 संन्यासी भी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे और 18 जुलाई को आयोजित इंटरव्यू प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे। योगगुरु स्वामी रामदेव ने घोषणा की है कि जिन अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत के दम पर यूपीएससी या पीसीएस की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा पास की हो, लेकिन दो या अधिक प्रयासों के बावजूद इंटरव्यू में सफलता नहीं मिली हो, वे भी अकादमी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऐसे योग्य अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण, आवास और भोजन का पूरा खर्च पतंजलि योगपीठ वहन करेगा। अकादमी में यूपीएससी के साथ-साथ पीसीएस परीक्षाओं की भी उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी। बीए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी आवेदन के पात्र होंगे। 15 से 17 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला में उत्तर लेखन, व्यक्तित्व विकास, प्रशासनिक दृष्टिकोण, नेतृत्व क्षमता, योग, प्राणायाम, ध्यान और भारतीय जीवन मूल्यों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद 18 जुलाई को इंटरव्यू के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। इंटरव्यू में चयनित विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं 21 जुलाई से शुरू होंगी। दो वर्षीय पूर्णतः आवासीय फाउंडेशन कोर्स के तहत पहले छह महीने बेसिक फाउंडेशन, अगले एक वर्ष एडवांस अध्ययन और अंतिम छह महीने रिवीजन एवं टेस्ट सीरीज के माध्यम से वर्ष 2028 की यूपीएससी एवं पीसीएस परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। अकादमी के अध्यक्ष अवध ओझा के नेतृत्व में देश के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी मेंटर्स विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। अर्थशास्त्र के लिए नमन जैन तथा भूगोल एवं पर्यावरण विषय के लिए चंद्रमौली चौधरी सहित कई विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी। अकादमी के संरक्षक एन.पी. सिंह तथा सचिव प्रो. मयंक हैं। विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं का व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए अकादमी में विशेष मार्गदर्शक मंडल का गठन किया गया है। इसमें योगेन्द्र नारायण, बलविंदर कुमार, आनंद कुमार और श्रीनिवास वरखेड़ी सहित कई सेवानिवृत्त, अधिकारी और वरिष्ठ शिक्षाविद् शामिल हैं।



# बच्चों में टीबी के लक्षणों को न करें नजरअंदाज समय पर जांच और पूरा इलाज जरूरी : डीडीसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। जिले में बच्चों में तपेदिक (टीबी) की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सिविल सर्जन एवं जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी के साथ टीबी स्क्रीनिंग कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों में टीबी के छिपे लक्षणों की समय पर पहचान, व्यापक स्क्रीनिंग और शत-प्रतिशत उपचार सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि बच्चों में टीबी की पहचान वयस्कों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण होती है। लगातार बुखार, वजन घटना, भूख कम लगना, कमजोरी, सुस्ती और दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी जैसे लक्षणों को सामान्य बीमारी समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।




समय पर जांच और उपचार से बच्चों को गंभीर जटिलताओं से बचाया जा सकता है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर टीबी उन्मूलन अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक चिकित्सक को प्रतिदिन कम से कम 50 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग का लक्ष्य दिया गया है। सभी प्रखंडों में चिकित्सकों के लिए स्क्रीनिंग, एक्स-रे और संभावित मरीजों की पहचान के अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। अगले 40 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी तथा प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसकी समीक्षा होगी। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि छोटे बच्चों में टीबी की पुष्टि करना कठिन होता है, क्योंकि वे थूक का नमूना नहीं दे पाते। ऐसे में यदि परिवार में किसी सदस्य को टीबी हो या बच्चा लंबे समय से बीमार हो तो तत्काल चिकित्सकीय जांच करानी चाहिए।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063